रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 22 जून 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-300 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज़

### प्रोटेम स्पीकर के लिए भर्तृहरि महताब ही सबसे उपयुक्त : रिजिजू



**नयी दिल्ली।** संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि प्रोटेम स्पीकर के मुद्दे पर कांग्रेस ने राजनीति शुरु कर दी है और वह उस नियम को नजरअंदाज कर रही है जिसके तहत सबसे लम्बे समय तक लगातार सदस्य रहे सांसद को चुना जाता है।

### अरविंद केजरीवाल की जेल से रिहाई पर हाईकोर्ट की अंतरिम रोक



**नयी दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शराब घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले के आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत देने के यहां की एक विशेष अदालत के आदेश पर शुक्रवार को अंतरिम रोक लगा दी। न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन की अवकाशकालीन एकल पीठ ने ईडी की ओर से निचली अदालत के केजरीवाल को जमानत देने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह अंतरिम आदेश पारित किया।

### सेवानिवृत्त अफसर अजय सिंह राज्य निर्वाचन आयोग के नये आयुक्त



**रायपुर।** 1983 आईएएस काडर के सेवानिवृत्त अफसर अजय सिंह छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के नये आयुक्त होंगे। उनकी नियुक्ति के आदेश सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा राज्यपाल के नाम से राज्य के मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने शुक्रवार को जारी किया।

### एबीसी की निर्मित वृतचित्र पूरीतरह से झूठी : भारत

**नयी दिल्ली।** भारत ने ऑस्ट्रेलिया ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन द्वारा निर्मित उस वृत्तचित्र को पूरी तरह से झूठ और भारत को कलंकित करने वाला दुष्प्रचार करार दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीफिंग में एबीसी डॉक्यूमेंट्री के बारे में प्रतिक्रिया पूछे जाने पर कहा,डॉक्यूमेंट्री में घोर झूठ है, यह पक्षपातपूर्ण है और गैर-पेशेवर रिपोर्टिंग को दर्शाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह भारत को बदनाम करने के लिए एक विशेष एजेंडे को पूरा करता है।

# योग की प्राचीन परंपरा हम सभी को स्वस्थ जीवन पद्धति से जोड़ती है : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय





पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह देखकर प्रसन्नता होती है कि जिन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए पूरी दुनिया में योग दिवस मनाया जाता है, वह उद्देश्य आज सफल हो रहा है। उन्होंने कहा कि योग का प्रचार और प्रसार आज पूरी दुनिया में हो रहा है। भारत में भी इसे लेकर अद्भुत जागरूकता आई है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जो उत्साह पर नजर आ रहा है, वैसा ही उत्साह प्रदेश के सभी जिले, ब्लाक और गांवों में भी है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने संयुक्त राष्ट्र संघ को 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का सुझाव दिया था, जिसके परिणामस्वरूप ही पूरे विश्व में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि योग का अर्थ होता है जोड़ना। योग की प्राचीन परंपरा हम सभी को स्वस्थ जीवन पद्धति से जोड़ती है। योग हमारे मन और मस्तिष्क को आपस में जोड़ता है। योग की प्रक्रिया हमें आध्यात्म और उच्च जीवन मूल्यों से भी जोड़ती है। उन्होंने कहा कि लोग स्व-स्फूर्त योग करने के लिए साइंस कॉलेज मैदान पहुंचे और सामुहिक योग में शामिल हुए। साय ने कहा कि व्यक्ति से ही समाज का निर्माण होता है। योग केवल स्वस्थ जीवन के लिए ही नहीं, बल्कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए भी जरूरी है। आज पूरी दुनिया योग के महत्व को समझ रही है और अपना रही है। हमारी सरकार योग आयोग के माध्यम से प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा लोगों को योग से जोड़ने के लिए लगातार काम करेगी। मुख्यमंत्री साय ने कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करेंगे तो आपका विद्यार्थी-जीवन संवर जाएगा। योग से एकाग्रता आती है और याददाश्त बढ़ती है। निश्चित रूप से आपको इसका बड़ा लाभ मिलेगा। योग कार्य करने की क्षमता को बढ़ा देता है। यह तनाव को दूर करता है। जब हम सकारात्मक रहते हुए प्रसन्न भाव से काम करते हैं तो इसका सकारात्मक प्रभाव हमारी कार्यक्षमता में पड़ता है और हमारी छवि अच्छी बनती है, हमारा कैरियर भी संवरता है। महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कहा कि आज का यह दिन हम सबके लिए गौरव का दिन, स्वाभिमान का दिन है और उल्लास व खुशी का दिन है। आज हम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं और यह तभी संभव हो पाया है जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भगीरथ प्रयास से सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामया, सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चित् दुःखभाग् भवेत् और वसुधैव कुटुंबकम के भाव को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने पर सहमति दी है। योग कसरत ही नहीं जीवन जीने का तरीका है। योग जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। योग जीवन दर्शन है, योग कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। स्वस्थ परिवार, स्वस्थ समाज, स्वस्थ देश और स्वस्थ विश्व के निर्माण के लिए योग को आवश्यक बताते हुए कहा कि योग को जीवन का आधार बनाएं। योग में शरीर मन और आत्मा को जोड़ने का विधान है। इस अवसर पर विधायक राजेश मूणत, अनुज शर्मा, गुरू खुशवंत साहेब, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव शम्मी आबिदी, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, एसएसपी संतोष सिंह, योग आयोग के सचिव पंकज वर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, आम नागरिक एवं विद्यार्थी शामिल हुए।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पूरा देश हुआ योगमय : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

पायनियर संवाददाता ➤ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर शुक्रवार को पूरा देश योगमय हो गया और सांस्कृतिक-धार्मिक बंधनों से परे लोगों ने योगाभ्यास करने के साथ स्वस्थ एवं रोगमुक्त जीवन के मूलमंत्र योग को आत्मसात करने का संकल्प लिया। संसद भवन परिसर में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अगुवाई में योग दिवस मनाया गया। बिरला ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई देते हुए कहा , योग सम्पूर्ण विश्व में एक आंदोलन है। पूरी दुनिया भाग्यशाली है कि हमारे पास योग के रूप में ऐसी शक्ति है जो हमारे अंदर संतुलन स्थापित कर हमें कुशल, सक्रिय और स्वाबलंबी बनाता है। पूरे विश्व में योग को स्वीकृति मिल रही है और योग जन-जन के दैनिक जीवन का एक अहम हिस्सा बन गया है। दिल्ली में सुबह अनेक स्थानों पर योगाभ्यास का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने योगाभ्यास के लिए नयी दिल्ली नगर पालिका परिषद, दिल्ली विकास प्राधिकरण तथा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के साथ करार किया था। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सुबह योगाभ्यास किया और लोगों को शुभकामनाएं देते हुए योग संदेश दिया। केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और अन्य नेताओं ने अलग-अलग स्थान पर योग आयोजनों का नेतृत्व किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में विशेष रूप से आयोजित योग शिविर का नेतृत्व किया और देश-दुनिया के लोगों को योद दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। मोदी ने इस मौके पर कहा कि संयुक्त राष्ट्र की ओर से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के निर्णय के बाद पिछले एक दशक में दुनिया में योग का तेजी से विस्तार हो रहा है और इससे योग से जुड़ी धारणाएं बदली हैं। आज विश्व के बड़े-बड़े संस्थानों और विश्वविद्यालयों में योग पर अध्ययन चल रहे हैं तथा अनुसंधान-पत्र प्रकाशित किए जा रहे हैं। अब सीमित दायरों से बाहर निकल रहा है। आज दुनिया एक नयी योग इकॉनामी को आगे बढ़ते देख रही है। भारत में ऋषिकेश, काशी से लेकर केरल तक, योग टूरिज़्म का नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है। दुनिया भर से पर्यटक इसलिए भारत आ रहे हैं, क्योंकि उन्हें यहां प्रामाणिक योग सीखना है। मोदी ने कहा, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कश्मीर और श्रीनगर का ये वातावरण, ये ऊर्जा और अनुभूति योग से हमें जो शक्ति मिलती है, श्रीनगर में हम उसे महसूस कर रहे हैं। मैं देश के सभी लोगों को, दुनिया के कोने-कोने में योग कर रहे लोगों को कश्मीर की धरती से योग दिवस की बधाई देता हूँ। उल्लेखनीय है कि मोदी ने वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव रखा था। भारत के इस प्रस्ताव का 177 देशों ने समर्थन किया था जो एक रिकॉर्ड है। केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के जम्मू वायु सेना स्टेशन पर शुक्रवार को 'स्वयं और समाज के लिए योग' विषय पर वायु सेना के जवानों ने 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

## केन्द्र सरकार नीट मामलें में फेल, केन्द्रीय शिक्षा मंत्री को बर्खास्त किया जाये : भूपेश बघेल



**नीट घोटाले के विरोध में कांग्रेस का राजीव गांधी चौक में धरना**

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने नीट परीक्षा में हुई धांधली के विरोध में दोषियों पर कड़ी कार्यवाही और केन्द्रीय शिक्षा मंत्री की बर्खास्तगी की मांग को लेकर एक दिवसीय राज्यस्तरीय धरना प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन रायपुर के राजीव गांधी चौक में आयोजित किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि नीट परीक्षा में पेपर लीक होने से परीक्षार्थियों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि अयोग्य उम्मीदवार पैसे के बल पर चयनित हो रहे हैं। उन्होंने इसे महाघोटाला बताते हुए कहा कि गुजरात, हरियाणा और बिहार में गंभीर फर्जीवाड़ा हुआ है। हरियाणा में आधे घंटे लेट हुए परीक्षार्थियों को बोनस अंक दिए गए और बिहार में पकड़े गए आरोपियों के माध्यम से घोटाले की शुरुआत हुई। बघेल ने मांग की कि नीट परीक्षा को रद्द कर स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराई जाए और दोषियों को सजा दी जाए। बघेल ने यह भी कहा कि भाजपा और उसके गठबंधन सहयोगियों के राज्यों में ही अधिकांश घोटाले हुए हैं। उन्होंने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री से इस्तीफा देने की मांग की और नीट के अध्यक्ष को भी बर्खास्त करने की बात कही।

## भारत ने दलाई लामा से जुड़े मामले में चीन की आपत्तियों को किया खारिज

वार्ता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारत ने तिब्बत के निर्वासित धार्मिक नेता दलाई लामा से अमेरिकी कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात की अनुमति दिए जाने पर चीन की आपत्तियों को शुक्रवार को खारिज कर दिया लेकिन अमेरिकी प्रतिनिधियों के बयानों से खुद को अलग रखा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीफिंग में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के सांसदों के एक दल के दौरे के बारे में पूछे जाने पर कहा, सात सदस्यीय अमेरिकी कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने 16-20 जून 2024 तक भारत का दौरा किया। द्विदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के अध्यक्ष प्रतिनिधि माइकल मैककॉल ने किया। उन्होंने 18-19 जून को धर्मशाला का दौरा किया। प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात की और विदेश मंत्री एस जयशंकर और सीआईएम से बातचीत की। दलाई लामा के बारे में भारत की नीति दोहराते हुए जायसवाल ने कहा, परम पावन दलाई लामा पर भारत सरकार की स्थिति स्पष्ट और सुसंगत है।
वह एक सम्मानित धार्मिक नेता हैं और भारत के लोग उनका गहरा सम्मान करते हैं।












**धमतरी जिले में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित मिशन अव्वल, मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह में बच्चों की जिज्ञासा**

# शरारत मेरे हिस्से में नहीं आई, परिस्थितियां अलग थीं, बच्चों को शरारत जरूर करनी चाहिए : मुख्यमंत्री साय

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com





शरारत मेरे हिस्से में नहीं आई लेकिन बच्चों को शरारत जरूर करनी चाहिए। साथ ही अपने सपने पूरे करने के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ कड़ी मेहनत करनी चाहिए। इसके लिए यह मायने नहीं रहता कि आप गांव के स्कूल से पढ़ रहे हैं या शहर के स्कूल से। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने यहां धमतरी जिले में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित मिशन अव्वल, मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह में बच्चों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए यह बातें कहीं। कुरुद से आई वेदिका देवांगन, कक्षा दसवीं की छात्रा ने मुख्यमंत्री साय से पूछा कि जैसे सारे बच्चे स्कूल लाइफ में शरारती होते हैं। वैसे ही आप भी शरारती थे क्या। मुख्यमंत्री ने कहा कि वेदिका आपने बहुत अच्छा प्रश्न किया। शरारत तो बचपन में करते ही हैं लेकिन मेरे साथ अलग परिस्थितियां थीं। दस साल की उम्र में ही पिता का साया उठ गया था। परिवार में मैं सबसे बड़ा बेटा था, उस समय मैं चौथी कक्षा में था। पूरे परिवार का भार मुझ पर आ गया। खेतीबाड़ी देखना, समाज देखना, घर वालों को देखना, यह सब मेरे जिम्मे आया। पढ़ाई तो की, शरारत करने का मौका नहीं मिल पाया। बचपन से ही जिम्मेदारी संभाली इसलिए परिस्थिति अलग थी। हमेशा सोचता था कि पढ़ाई कैसे करूं, घर को कैसे देखूं। मेरा छोटा भाई एक साल का ही था। सबको संभालना था, लेकिन आपसे कहता हूँ कि शरारत भी जरूर करें, यह सब बचपन की यादें रहती हैं। एकलव्य विद्यालय की सविता सोरी ने मुख्यमंत्री से पूछा कि क्या यह सच है कि गांव के स्कूल पढ़ाई में शहर से पीछे होते हैं। आप भी तो गांव से हैं क्या यह सही है। मुख्यमंत्री साय ने सविता को उत्तर देते हुए कहा कि मैं इस बात से सहमत नहीं हूँ कि गांव के स्कूल पढ़ाई में शहरों से पीछे होते हैं। गांव और शहर की बात नहीं है। जहां भी शिक्षक अच्छे मिल जाते हैं वहां पढ़ाई का स्तर अच्छा हो जाता है। जैसा मैंने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता हैं। किसी स्कूल में एक शिक्षक भी बहुत अच्छे हैं तो पूरे स्कूल का शैक्षणिक स्तर अच्छा हो जाता है। हमारे समय में मैट्रिक होती थी। गांव के स्कूल में पढ़ने के बावजूद भी मैंने अपने स्कूली जीवन में दसवी कक्षा तक अनेक बार पूर्णांक लाये हैं। दीक्षा साहू ने अपने प्रश्न में पूछा कि मुझे सिविल सेवा में जाना है मुझे क्या करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने दीक्षा को कहा कि आपकी इच्छा शक्ति दृढ़ होनी चाहिए और मेहनत खूब करनी चाहिए।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस : योग अब वैश्विक संस्कृति का हिस्सा बन गई है : राज्यपाल हरिचंदन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्यपाल ने कहा कि योग एक प्राचीन भारतीय परंपरा है जो अब वैश्विक संस्कृति का हिस्सा बन गई है। योग के माध्यम से देश-विदेश के योगी एक-दूसरे से जुड़ रहे हैं और सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा दे रहे हैं। यह उद्गार राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजभवन में आयोजित योग शिविर में व्यक्त किया। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन राजभवन मे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित योग शिविर मे शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली को प्रोत्साहित करता है। ध्यान और योग से मानसिक शांति मिलती है, जिससे समाज में सकारात्मकता सोच बढ़ती है। यह शरीर के साथ-साथ मन को भी स्वस्थ रखता है और हमें बीमारियों से बचाता है। अगर कोई किसी बीमारी से पीड़ित है तो उसके ईलाज के लिए नियमित योग कारगर साबित होता है। राज्यपाल ने कहा कि योग हमारे शरीर, मन, विचार और प्रकृति के बीच सामंजस्य स्थापित करता है। यह स्वास्थ्य और खुशहाली का मार्ग प्रशस्त करता है। योग सिर्फ व्यायाम नहीं है बल्कि शारीरिक और बौद्धिक विकास में सहायक सिद्ध होता है। यह स्वयं के साथ-साथ दुनिया और प्रकृति के साथ एकत्व की भावना लाती है। उन्होंने कहा कि योग हमारी जीवनशैली में बदलाव लाकर और प्राकृतिक बदलावों के जरिए शरीर को स्वस्थ बनाने में मददगार साबित होता है। योग न केवल हमें स्वस्थ रहता है बल्कि हमारे आचरण, विचार और व्यवहार में भी बदलाव आता है। यह वास्तव में हमारे लिए गर्व की बात है कि हमारे देश की योग विद्या को वैश्विक मान्यता मिली है। कार्यक्रम में योग आयोग से आए हुए प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में राजभवन के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक योगाभ्यास किया। राज्यपाल ने योग आयोग के प्रशिक्षको को राजकीय गमछा, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। योगाभ्यास में राज्यपाल के सचिव यशवंत कुमार, विधिक सलाहकार राजेश श्रीवास्तव, उपसचिव हिना अनिमेष नेताम सहित राजभवन के अधिकारी, कर्मचारी शामिल हुए। योग प्रशिक्षक अशोक साहू, आनंद साहू, भोजराज साहू के नेतृत्व में उनकी टीम ने राजभवन में योगाभ्यास कराया।

# बालको ने विश्व योग दिवस पर किया विभिन्न योगाभ्यास शिविर का आयोजन






पायनियर संवाददाता ◄ बालकोनगर
www.dailypioneer.com

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने विश्व योग दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर योग शिविर आयोजित किए। कंपनी के सामुदायिक विकास विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न योगाभ्यास शिविर में लगभग 700 लोगों ने हिस्सा लिया। योग में बालको के कर्मचारियों उनके परिवारजनों, व्यावसायिक साझेदारों तथा स्थानीय लोगों ने आयोजन में शिरकत की। कंपनी ने योग का शिविर के माध्यम से कवर्धा, मैनपाट, और बालको के वेदांता स्किल स्कूल में योग शिविर का आयोजन कर युवाओं को योग के प्रति प्रोत्साहित किया। अनिल अग्रवाल फाउंडेशन द्वारा संचालित नंद घर के नन्हें बच्चों में योग की समझ विकसित करने के उद्देश्य 21 नंद घर में योग्याभ्यास का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देन के लिए संचालित आरोग्य परियोजना तथा माहवारी स्वास्थ्य एवं प्रबंधन के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने वाली नयी किरण परियोजना के अंतर्गत आयोजित विभिन्न योग शिविर में किशोर युवक और युवतियों ने बढ़-चढ़ के हिस्सा लिया। बालको मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने सभी को उत्तम स्वास्थ्य और उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया ने भारत की प्राचीन विद्या योग को मान्यता दी है। योग साधना सिर्फ शरीर को स्वस्थ रखने का जरिया नहीं है बल्कि यह मानसिक स्वास्थ्य और आध्यात्मिक उन्नति का जरिया भी है। योग विद्या ने विश्वभर में नई ऊंचाइयों को छूआ है। उन्होंने कहा कि बालको प्रबंधन द्वारा प्रति वर्ष विश्व योग दिवस के अवसर पर बालकोनगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से शिविर का आयोजन प्रशंसनीय है। सभी प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना करते हुए योग विशेषज्ञ प्रीति मंडल ने कहा कि बालको में आयोजित 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह मेरे लिए बेहतरीन अनुभव रहा जिसका हिस्सा बनने पर मुझे गर्व है।

# शरीर व मन को स्वस्थ रखने के लिए सर्वोत्तम उपाय है योग : उपमुख्यमंत्री साव

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com





उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा है कि शरीर व मन को स्वस्थ रखने के लिए योग ही सर्वोत्तम उपाय है। वे जिला मुख्यालय कोरबा के सीएसईबी फुटबॉल ग्राउंड में सामूहिक योग कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने इस मौके पर स्वच्छता कर्मचारियों और योग प्रशिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा कोरबा में ''स्वच्छ मन स्वच्छ शहर'' की थीम पर आयोजित योग दिवस के कार्यक्रम में प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के स्वच्छता दीदी, स्वच्छता कमांडो सहित अधिकारी-कर्मचारी वेब लिंक के जरिए इस आयोजन से जुड़कर योगाभ्यास किया। उपमुख्यमंत्री साव ने इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर योग को अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिली है। उन्होंने योग को विश्व के शिखर तक पहुँचाया है। पूरा विश्व योग कर रहा है। इस साल हम दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता को लेकर पूरा देश जागरूक हुआ है। स्वच्छता का सीधा असर हमारे स्वास्थ्य व मन पर पड़ता है। आधुनिक जीवन शैली और बदलते खानपान के समय में अच्छी सेहत की चुनौती से निपटने में योग एक कारगर उपाय के रूप में पूरी दुनिया में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। उन्होंने कहा कि शरीर व मन को स्वस्थ रखने के लिए योग ही सर्वोत्तम उपाय है। योग हमारे प्राचीन परंपरा और संस्कृति का अटूट हिस्सा रहा है। योग से मनुष्य का मन व तन दोनों स्वस्थ रहता है, और स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का वास होता है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए पहल की जा रही है।

# दशम अंतरर्राष्ट्रीय योग दिवस पर रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में आयोजित योगा कार्यक्रम में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में आयोजित दशम योगाभ्यास कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा शामिल हुए।

मुख्य अतिथि शर्मा के साथ विधायक गजेन्द्र यादव भी योगाभ्यास में शामिल हुए। पतंजलि योगपीठ के जयंत भारती और पंकज शर्मा के मार्गदर्शन में मुख्य अतिथि शर्मा, विधायक यादव, संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, आईजी आर.जी. गर्ग, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, एसपी जितेन्द्र शुक्ला, नगर के गणमान्य नागरिक, समस्त विभाग के अधिकारीगण, नगर के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी ने योग के विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास किये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नगरवासियों को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 21 जून वह दिवस है, जिस दिन भारतीय संस्कृति की पहल को पूरे दुनिया ने अंगीकार किया।

# योग हमारी सांस्कृतिक विरासत : सांसद महेश कश्यप



**बस्तर ।** लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेश कश्यप ने कहा है कि योग हमारी सांस्कृतिक विरासत है। योग के जरिए शरीर और मन को स्वस्थ और ऊर्जावान रखा जा सकता है। कश्यप जिला मुख्यालय सुकमा में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। सांसद कश्यप ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई देते हुए कहा कि योग की परंपरा अत्यंत प्राचीन है। तन-मन को स्वस्थ रखने के लिए सदियों से योगाभ्यास किया जा रहा है। निरोग और स्वस्थ शरीर के लिए योग को जीवन शैली में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशेष पहल पर पूरा विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है। भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है, योग इसका उदाहरण है। योग को आज पूरी दुनिया ने अंगीकार किया। कलेक्टर हरिस एस. ने कहा कि शरीर स्वस्थ रहे, इसलिए दिनचर्या में योग को शामिल करना चाहिए। योग ऐसा सशक्त माध्यम है जिससे शारीरिक, बौद्धिक विकास संभव है। योग मनुष्य को स्वस्थ बनाए रखने का कार्य करता है। जो लोग योग करते हैं, वे मानसिक व शारीरिक दोनों रूप से स्वस्थ रहते हैं। योग से मन को शांति मिलती है। सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक रामनारायण मिश्रा के निर्देशन में वज्रासन, अर्ध उसथरासन, मकरासन, भुजंगासन, कपालभाति एवं ध्यान आदि का अभ्यास कराया गया।

# योग को जीवन शैली का अभिन्न अंग बनाएं : सांसद कमलेश जांगड़े



**जांजगीर चांपा।** सांसद कमलेश जागड़े ने कहा है कि योग के महत्व को पूरे विश्व में समझा और अपनाया है। योग हमारी जीवन शैली का अभिन्न अंग होना चाहिए। योग से हमारे शरीर नई प्राणवायु मिलती है। एक निरोग काया रखने में योग हमारी मदद करता है। वे आज जिला मुख्यालय सक्ती में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम को सम्बोधित कर रही थी। लोकसभा क्षेत्र जांजगीर चांपा सांसद कमलेश जांगड़े ने समस्त जिलेवासियों को दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि करे योग-रहे निरोग इसी भावना के साथ स्वस्थ शरीर के लिए नियमित योग आसनों का अभ्यास जरुर करना चाहिए। उन्होंने कहा प्रत्येक प्रकार के योग का अपना एक विशेष महत्व होता है, हर योग से किसी न किसी प्रकार की बीमारियां दूर होती है।

# सूरजपुर के स्टेडियम ग्राउंड में जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ सूरजपुर
www.dailypioneer.com



दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर के स्टेडियम ग्राउंड में जिला स्तरीय सामूहिक योग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी सम्मिलित हुए। जिला कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एम.आर. अहिरे, जिला पंचायत सीईओ, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों सहित स्कूली बच्चे भी शामिल हुए। विधायक भूलन सिंह मरावी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि योग हमारे परंपरा और संस्कृति का हिस्सा रहा है। ऋषि मुनिगण भी योग से सिद्धि प्राप्त करते थे और समाज के कल्याण में अपनी ऊर्जा को लगाते थे। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को विश्व पटल पर एक नया रूप दिया। आज सम्पूर्ण विश्व योग कर रहा है। हमें योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।

# दैनिक जीवन में शामिल करें योग : विधायक नीलकंठ टेकाम

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विधायक नीलकंठ टेकाम ने जिला मुख्यालय बीजापुर स्थित बैंडमिंटल हॉल में सामूहिक योगाभ्यास किया। योगाभ्यास के कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, कलेक्टर, अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक सहित स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ किया योगाभ्यास। केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने लोगों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि योग दैनिक जीवन में शामिल किया जाए, नियमित रूप से योग करने से स्वस्थ तन और स्वस्थ तन का निर्माण होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि जीवन में निरोगी काया के लिए हमें प्रतिदिन योग करना चाहिए। योग दिवस के उपलक्ष्य में समाज कल्याण विभाग एवं आयुष विभाग के तत्वाधान में तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण का आयोजन समर्थ दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र में आयोजित किया गया। जिसमें बीजापुर के 40 युवक-युवतियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# बेहतर सेहत के लिये योग को शामिल करें दिनचर्या में : शुक्ला



**रायपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज़ मुख्यालय डंगनिया रायपुर में योग महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें सुबह व शाम दो पालियों में सैकड़ों कर्मियों ने सीधे एवं ऑनलाइन सामूहिक योग अभ्यास का किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पारेषण व वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि योग को दिनचर्या में शामिल करने से हम अपने मन को सदैव के लिये प्रसन्न और आनंदपूर्वक रख सकते हैं। हमें अच्छे तरीके से योग की प्रक्रिया बताई गई है, इसे नियमित करने से ही लाभ मिलेगा। भारत की प्राचीन संस्कृति में योग आसन का अभिन्न स्थान रहा है, अब इसे पूरे विश्व में अपनाया जा रहा है, यह हम सबके लिए गौरव का विषय है। पॉवर कंपनी के भार प्रेषण केंद्र में योग की व्यवस्था की गई, इंटरनेशनल योग विशेषज्ञ डॉ. आनंद भारतीय ने 125-125 व्यक्ति यों के दो बैच में सुबह 6.30 बजे एवं शाम 5.30 बजे योग प्रशिक्षण एवं अभ्यास कराया। उन्होंने वर्तमान तनावमुक्त रहने एवं बीमारियों से निदान के लिए भी योग अभ्यास कराये। उनके साथ योग प्रशिक्षक पलाश चंद्राकर एवं प्रदीप सिन्हा सहायक के रूप में उपस्थित थे।

# कृषि उपज मंडी परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन



**रायपुर।** सारंगढ़ कृषि उपज मंडी परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बसना विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। विधायक ने योग को जीवन में जोड़ने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि योग से हम मानसिक शारीरिक और सामाजिक रूप से स्वस्थ रहते हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 10 वर्ष का ऐतिहासिक यात्रा पूरी कर लिया है। इस वर्ष की थीम स्वयं एवं समाज के लिए योग है। जो बहुत बड़ा संदेश देता है। पूरी दुनिया में योग करने वालों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। योग के प्रति आकर्षण भी बढ़ रहा है। योग की उपयोगिता के संबंध में जन सामान्य जागरूक हुआ है। योग मन, शरीर और आत्मा में एकता लाता है। योग केवल एक विद्या नहीं है, बल्कि एक विज्ञान भी है। एकाग्रता मानव मन की सबसे बड़ी ताकत है। योग ध्यान के जरिए ये हमारा सामर्थ्य भी निखरता है। इस दौरान शिक्षकों व आम नागरिकों के साथ बच्चों ने भी योगाभ्यास किया। विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल के द्वारा योगाभ्यास में शामिल हुए बच्चों को प्रमाण पत्र सह मोमेंटो से सम्मानित किया गया।

# योग की महत्ता को पूरे विश्व ने स्वीकारा है : सांसद विजय बघेल

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



लोकसभा सांसद विजय बघेल ने कहा है कि योग विश्व को भारत की देन है। योग के बिना हम स्वस्थ जीवन की कल्पना नहीं कर सकते। निरोग और स्वस्थ जीवन के लिए योग हमारी पहली आवश्यकता है। योग की महत्ता को पूरे विश्व में स्वीकारा है। सांसद बघेल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर जिला मुख्यालय बेमेतरा के कृषि उपज मंडी प्रागंण में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास के कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। सांसद बघेल ने कहा कि शरीर को चुस्त दुरूस्त और मन को शांत रखने के लिए लोग योग का सहारा ले रहे हैं। योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है। दुनियाभर में योग के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए आज के दिन 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा के निरोगी हुए बिना स्वस्थ जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती। योग को हमें अपनी जीवन शैली में शामिल करना चाहिए। साजा विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वसुधैव कुटुम्बकम् के उद्देश्य के साथ देश ही नहीं अपितु सम्पूर्ण विश्व को निरोगी करने की दिशा में ऐतिहासिक पहल की। इसी तरह विधायक दिपेश साहू ने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। नियमित योग करने से मानसिक और शारीरिक तनाव से मुक्ति मिलती है। तन-मन को स्वस्थ रखने के लिए योगाभ्यास जरूरी है। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि सदियों से स्वस्थ तन मन के लिए योगाभ्यास किया जा रहा है, जिसे आज पूरी दुनिया अपना रही है। योगाभ्यास कार्यक्रम में योग के अनेक आसनों का अभ्यास किया गया।

# आदित्य राजे ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सरकारी विद्यालय के छात्रों को करवाया योग अभ्यास



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के 11 वर्षीय लिटिल योग चैंपियन और पर्यावरण मित्र डॉ. आदित्य राजे सिंह ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अमलीडीह, रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर एक जागरूकता और शिक्षाप्रद सत्र आयोजित किया। उन्होंने उन्हें योग आसन के साथ प्रशिक्षित किया जो एक बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक हैं जिसमें च-आसन शामिल है जो हृदय को पुनर्जीवित करता है और अंगों और ऊतकों में रक्त के प्रवाह में सुधार करता है, वृक्षासन - जो ऊंचाई और समग्र मुद्रा को बढ़ाने में मदद करता है आदि। डॉ. आदित्य राजे ने आगे उन प्रमुख लाभों के बारे में चर्चा की जो कोई भी व्यक्ति अपने दैनिक जीवन में कम से कम 30 मिनट तक योग का अभ्यास करके प्राप्त कर सकता है। 11 वर्षीय लिटिल योग चैंपियन ने सरकार के शिक्षकों और प्रिंसिपल की उपस्थिति में 20 से अधिक योग-आसनों का योगाभ्यास कराया। स्कूल और सभी से अपने समग्र आंतरिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए इन योग आसनों को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की अपील की। आदित्य राजे ने बताया कि वह महज 5 वर्ष की आयु से योगा एवं पर्यावरण संवर्धन के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहे है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस : छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने किया योगाभ्यास



पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर में मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा के मार्गदर्शन में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योगाभ्यास कार्यक्रम में न्यायमूर्तिगण उपस्थित रहे। रजिस्ट्री व ज्यूडिशियल एकेडमी के न्यायिक अधिकारीगण तथा रजिस्ट्री के अधिकारी व कर्मचारीण भी योगाभ्यास में शामिल हुए। उच्च न्यायालय सुरक्षाबल के अधिकारियों व जवानों ने भी योगाभ्यास किया। छत्तीसगढ़ योग आयोग के प्रशिक्षक दीपक पाण्डेय और रश्मि पाण्डेय द्वारा विभिन्न आसनों व प्राणायाम का अभ्यास कराया गया।

# विधायक, कलेक्टर व एसपी ने लोगों के साथ मिलकर किया योगाभ्यास

## बारिश की संभावनाओं के बीच बड़ी संख्या में योग करने पहुंचे नागरिक

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





को कोंडागांव जिला मुख्यालय स्थित सामुदायिक भवन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूर्व में यह कार्यक्रम विकास नगर स्टेडियम में निर्धारित किया गया था। बारिश की संभावनाओं के बीच सुबह से ही बड़ी संख्या में नागरिक योग करने पहुंचे। बारिश प्रारंभ होने पर सामुदायिक भवन में योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर विधायक लता उसेंडी, जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम, कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने लोगों के साथ मिलकर सामूहिक योगाभ्यास में भाग लिया। इस अवसर पर योग आयोग के योग प्रशिक्षक योगेश्वर साहू, शिवचरण साहू, मोनिका पटेल, ईश्वर दयाल साहू, रामुराम मरकाम, राजेन्द्र पाण्डे, कुलेन्द्र साहू, सोनल साहू, कुसुमतला पटेल द्वारा योगाभ्यास कराते हुए विभिन्न योग, आसनों एवं प्राणायाम के संबंध में लोगों को जानकारी देते हुए प्रदर्शन के माध्यम से सभी को योग कराया।

इस अवसर पर विधायक लता उसेंडी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की सभी बधाई देते हुए कहा कि, योग भारत की धरोहर है, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पूरे विश्व को निरोगी बनाने के लिए इसकी लोकप्रियता बढ़ाने हेतु अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रुप में आयोजित करने का प्रस्ताव रखा गया और इसके लाभ को देखते हुए 170 से अधिक देशों ने प्रस्ताव का समर्थन किया। विगत दस वर्षों से यह निरंतर आयोजित हो रहा है और पूरे विश्व में योग कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि, योग तन और मन को निरोग रखने की भारतीय विधा हैं, जो तेजी से लोकप्रिय हो रही है। उन्होंने अपने तन-मन को स्वस्थ रखने के लिए प्रतिदिन योग करने हेतु समय निकालने का आग्रह भी किया। कार्यक्रम में कलेक्टर ने कहा कि, योग हमारे तन और मन को स्वस्थ बनाने के साथ हमें आगे बढ़ने और समाज तथा राष्ट्र के लिए बेहतर कार्य हेतु प्रेरित करता है। हम सभी को हमारे पूर्वजों की विरासत के रूप में प्राप्त योग को अपने जीवन में उतारकर नियमित रूप से योग करना चाहिए। सभी को निरोग रखने की शासन की मंशा के अनुरुप पूरे जिले में योग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने योगाभ्यास किया है। उन्होंने कहा कि आमजनों को स्वस्थ रखने के लिए जिले में लगातार योग को प्रोत्साहित किया जाएगा। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख में स्कूली छात्र-छात्रा, शासकीय कर्मचारी-अधिकारी, भूतपूर्व सैनिक, अग्निवीर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवा, स्काउट्स, गाईड्स युवोदय कोंडानार चौम्प्स के स्वयं सेवक, आईटीबीपी के खेल प्रशिक्षक, तीरंदाजी एवं जूडो के खिलाड़ी बच्चों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष वर्षा यादव, उपाध्यक्ष जशकेतु उसेंडी, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, संयुक्त कलेक्टर अजय उरांव, सहित सभी प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें।

# सीआरपीएफ ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मनाया योग दिवस

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



भारत सरकार, गृह मंत्रालय और महानिदेशालय केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के दिशा-निर्देशानुसार को 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भवेश चौधरी कमाण्डेन्ट 188 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के मार्गदर्शन में 188 बटालियन के द्वारा चिकलपुटटी, सी.आर.पी.एफ कैम्पस एवं 188 वाहिनी के विभिन्न कैम्पों केशकाल (कोंडागांव), पुष्पालघाट (बस्तर) और गादीरास, कोर्रा एवं एवं पोलमपल्ली (सुकमा) में भरपूर उत्साह एवं उल्लास के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 188 वीं बटालियन मुख्यालय चिकलपुटटी, सीआरपीएफ कैम्पस में योग गुरु शांति लाल पटेल और बल के योग प्रशिक्षक के द्वारा योगाभ्यास कराया गया, जिसमें वाहिनी के सभी जवानों व केन्द्रीय विद्यालय के शिक्षकों व बच्चों द्वारा भाग लिया गया । 188 वीं बटालियन सी.आर.पी.एफ के कमांडेंट भवेश चौधरी के द्वारा बताया गया कि, 188 वाहिनी द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्र में तैनात होने के बाद भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 188 वीं बटालियन के सभी कैम्पों में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया और योग के बारे मे जागरूकता हेतु संदेश दिया गया। नियमित योग करने से व्यक्ति में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता हैं व शरीर स्वस्थ्य बना रहता है।

योग निश्चित रुप से सभी प्रकार के बंधनों से मुक्ति प्रदान करनें का साधन है। यह हमारे तनावपूर्ण जीवन के लिये एक बड़ी राहत प्रदान करता है। साथ ही उन्होंने भारत सरकार और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा योग के प्रति किए गए उल्लेखनीय योगदान के विषय में भी बताया। इस मौके पर 188 वीं बटालियन के अधिकारी युद्धवीर सिंह टोकस उप कमांडेंट, कमलसिंह मीणा उप कमांडेंट, ओ.पी. बिश्नोई सहा.कमांडेंट, केन्द्रीय विद्यालय कोंडागांव के प्राचार्य नंद किशोर वासनिक एवं बल के अधीनस्थ अधिकारियों व जवानों ने बच्चों के साथ मिलकर योग अभ्यास किया सभी ने हर्ष व उल्लास के साथ नियमित योगाभ्यास करने का संकल्प लिया गया तथा सभी छात्र-छात्राओं को जलपान वितरण किया गया।

# डीएवी किरंदुल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन



**किरन्दुल।** किरंदुल स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन बड़े ही शानदार ढंग से किया गया।योग प्रशिक्षक के रूप में दुलेश्वरी साहू एवं दीपक साहू ने डीएवी में योगाभ्यास का प्रशिक्षण दिया योग स्वयं एवं समाज के लिए के थीम पर विद्यालय में 100 से भी अधिक शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने भाग लिया योग के सारे आसनों के माध्यम से योग का अच्छे ढंग से अभ्यास किया गया विद्यालय के प्राचार्य पीएल वर्मा ने इस अवसर पर कार्यक्रम की सफलता पर सभी को बधाई दी एवं स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण होता है का संदेश दिया।इस दौरान विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया।साथ ही योग को अनिवार्य रूप से अपने दिनचर्या में शामिल करने का आवाहन किया ताकि स्वस्थ रहकर हम अपने देश के विकास में योगदान दे सकें।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल दहीकोंगा में मनाया गया अंतराष्ट्रीय योग दिवस

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दहीकोंगा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के प्राचार्य टीपी जोशी के मार्गदर्शन में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डा. एस.के चौधरी एवं फार्मासिस्ट बीएल चंदेल के द्वारा योगाभ्यास जैसे वज्रआसान, वृक्षासान, कपाल भाती, अनुलोम विलोम भ्रामरी विभिन्न प्रकार से कराकर उनके लाभ के बारे में बताते हुए की योग एक ऐसी सुलभ एवं प्राकृतिक पद्धति हैं जिससे स्वस्थ मन एवं शरीर के साथ अनेक आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया जा सकते हैं उन्होंने सभी कर्मचारियों को योग के लाभ बताने के साथ उनके नियमित तौर पर अपने परिवार के साथ योगा करने को कहा जिससे कि, योग की सकारात्मक ऊर्जा का सर्व दिशा में प्रसार हो सकेस इस कार्यक्रम में संस्था के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी ज्योति देवांगन व्यायाम शिक्षक ऋषि देव सिंह, स्काउट गाइड प्रभारी दशरथ लाल ध्रुव, शुभम निषाद, विजय मेश्राम, मीडिया प्रभारी ओम प्रकाश सेठिया, माध्यमिक शाला से मालती नेताम, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं स्काउट गाइड के रोवर रेंजर उपस्थित रहें।

# दशम् अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बीजापुर के बैंडमिंटल हॉल में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com




दशम् अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित बैंडमिंटल हॉल में सामुहिक योगाभ्यास का आयोजन हुआ। जिसमें जनप्रतिनिधि, कलेक्टर, अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिकों सहित स्कूली बच्चे शामिल हुए। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विक्रम शाह मंडावी एवं कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता की पूजा-अर्चना कर किया।इस अवसर पर केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने सभी लोगों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का हमें संकल्प लेना चाहिए और नियमित रूप से योग का अभ्यास करना चाहिए। स्वस्थ जीवन के लिए कम से कम 1 घंटा का समय निकालकर सभी योग करें, योग के कई फायदें हैं जिसकी जानकारी हमें लोगों तक पहुंचानी है और योग के प्रति उनको जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि हमने प्राचीन, सनातन संस्कृति धरोहर को संभाल कर रखा है। भारत में ही नहीं बल्कि हर देश में योग को अपनाया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि जीवन में निरोगी काया रखने के लिए हमें प्रतिदिन योग करना चाहिए। साथ ही जिला प्रशासन को समय-समय पर ऐसा योगाभ्यास का आयोजन करते रहना चाहिए।इसी तारतम्य में समाज कल्याण विभाग एवं आयुष विभाग के तत्वाधान में तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण का आयोजन समर्थ दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र में आयोजित किया गया जिसमें बीजापुर के 40 युवक एवं युवतियों ने प्रशिक्षण का लाभ प्राप्त किया है उनको मुख्य अतिथि के हाथों प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले के सभी पंचायतों एवं स्कूलों में योगाभ्यास का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएफओ सामान्य वन मंडल रामाकृष्णा रंगानाथा वाय, उप निर्देशक इंद्रावती टाईगर रिजर्व संदीप बल्गा, एडिशनल एसपी नक्सल ऑपरेशन वैभव बैंकर, चंद्रकांत गर्वना, निवास मुदलियार सहित जिले के अन्य अधिकारी-कमचारी एवं अन्य आम नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# आईटीबीपी के हिमवीरों ने किया योगाभ्यास



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' के अवसर पर कोंडागांव में स्थित आईटीबीपी के सामरिक क्षेत्रीय मुख्यालय, 29वीं वाहिनी व 41वीं वाहिनी के हिमवीरों ने संयुक्त रूप से योगाभ्यास कर आमजन को स्वस्थ रहने का संदेश दिया। इस वर्ष महिला सशक्तिकरण के लिए योग की थीम पर मनाए गए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राकेश कुमार सेनानी और अन्य अधिकारियों ने जवानों के साथ मिलकर योगासन किए। राकेश कुमार ने कहा कि, स्वस्थ तन में ही स्वस्थ आत्मा निवास करती है, इसलिए योग हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है, जिसे हमें अपनाना चाहिए और रोजाना योग कर सभी को योग करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। यदि देश का नागरिक स्वस्थ होगा तो हमारा देश स्वयं ही एक स्वस्थ देश बनेगा। इसी तरह का योग सत्र इस क्षेत्रीय मुख्यालय व 41वीं वाहिनी, आईटीबीपी के हिमवीरों द्वारा ऐतिहासिक सूर्य मंदिर, कोर्णाक में भी आयोजित किया गया, जिसमें प्रावती परिडा, ओडिसा के उप मुख्यमंत्री संबित पात्रा, पुरी के सांसद राणा युद्धवीर सिंह, डी.आई.जी. और अन्य हिमवीरों ने भाग लिया व सभी से योग को अपनाने और उनके स्वस्थ रहने की कामना की।

# नक्सल क्षेत्र में तैनात 29वीं वाहिनी ने मनाया योग दिवस



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल की 29वीं वाहिनी नारायणपुर के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र में तैनात है जो कि, माओवादी उन्मुलन अभियान में कार्यरत है। 29वीं वाहिनी के द्वारा 10वें अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर कोंडागांव परिक्षेत्र में तैनात पदाधिकारियों द्वारा योगाभ्यास किया गया साथ ही आम जनता को स्वस्थ्य रहने का संदेश दिया गया। 10वें अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस की थीम महिला सशक्तिकरण के लिए योग पर मनाया गया, और यह संदेष दिया गया कि, योग हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण हैं जिसे अपनाना चाहिए। सभी हिमवीर साथियों द्वारा योगाभ्यास में बढ़-बढ़ के भाग लिया गया। योगा आसनों का अभ्यास करने से ताकत एवं लचीलापन विकसित होता है साथ ही नसों को आराम मिलता है और मन को शांति मिलती है। योग तनाव से राहत देता है एवं बेहतर नींद लाता है भूख और पाचन को बढ़ाता है यह दिमाग को हमेशा शांत रखता है जब हम योग करते हैं तो शरीर की थकान दूर हो जाती है और हम तरोताजा महसूस करते हैं।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**
e-mail-eewrknk@cgwrd.in

क्रमांक/1442/व.ले.लि./2024-25 कांकेर, दिनांक 20/06/2024

-:: निविदा निरस्तीकरण आदेश ::-

इस कार्यालय अंतर्गत निवदत्त निम्न निविदाओं को निरस्त किया जाता है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| स.क्र. | कार्य का नाम | लागत राशि | सिस्टम क्र. एवं दिनांक | जी.नं. | निविदा निरस्त होने का कारण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आसुलखार जलाशय का जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग कार्य | 289.47 लाख | 153716 दिनांक 07.03.2024 | G-08423 | एकल निविदाकार |
| 2 | दुधावा सरोना नहर के अंजनी वितरक नहर का जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग कार्य आर.डी. 0 से 4500 मी. | 297.45 लाख | 153416 दिनांक 01.03.2024 | G-08302 | निविदाकार की संख्या निरंक |
| 3 | दुधावा सरोना नहर के अंजनी वितरक नहर का जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग कार्य आर.डी. 4500 से 9060 मी. | 291.35 लाख | 153419 दिनांक 01.03.2024 | G-08302 | निविदाकार की संख्या निरंक |

जी-242500473/4

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग कांकेर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

# अंतराष्ट्रीय योग दिवस

## पूर्व सैनिक ने सैन्य प्रशिक्षण के युवाओं साथ मिलकर मनाया गया

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला इकाई कोंडागांव के तत्वाधान में कोंडागाँव ब्लॉक, फरसगाँव ब्लॉक और बड़ेराजपुर ब्लॉक में निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगा कराया गयां पूर्व सैनिकों ने कोंडागांव ब्लॉक में बंधा तालाब पार्क, फरसगाँव ब्लॉक में आदर्श स्कूल और बड़ेराजपुर ब्लॉक में विश्रामपुरी मिनी स्टेडियम में प्रशिक्षणार्थियों को योगा कराया गया। तत्पश्चात प्रतिदिन योग करने से क्या लाभ होता हैं इसके बारे मे जानकारी दिया गया करो योग, रहो निरोग, योग करेंगे स्वस्थ रहेंगे नारों के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर कोंडागांव ब्लॉक में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सरंक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, सचिव उमेश साहू, उपाध्यक्ष अजनेर लकड़ा, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, बडेराजपुर ब्लॉक में ब्लॉक उपाध्यक्ष रूपउ राम मरकाम, ब्लॉक सचिव संतोष मरकाम, बीएसएफ़ में सेवारत सैनिक राजेन्द्र नेताम, फरसगाँव ब्लॉक में ब्लॉक सचिव रिकेश कुँवर, प्राचार्य बीके अठभैया, आदर्श स्कूल के शिक्षकगण और कोंडागांव ब्लॉक, फरसगांव ब्लॉक और बड़ेराजपुर ब्लॉक में निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण लेने वाले कुल 450 प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहें।

**एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड** (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)
AU SMALL FINANCE BANK — A SCHEDULED COMMERCIAL BANK
रजिस्टर्ड ऑफिसः 19-ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001 (CIN: L36911RJ1996PLC011381)

परिशिष्ट IV [ देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना ]

जबकि, अद्योहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनगर्ठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" (2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 13 (12) का सपठित नियमों के नियम 3 के तहत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमितकर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था।

| ऋणी / सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | स्थावर सम्पत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| (ऋण खाता संख्या) L9001070526681804 & L9001070626256803 दिवाकर साहरे (ऋणी), पंचाफूलाबाई साहरे (सहऋणी), देवेन्द्र दिवाकर साहरे (सहऋणी) | 16-नवम्बर-23 ₹ 2,36,116/- दो लाख छत्तीस हजार एक सौ सोलह रूपये मात्र 5,54,275/- पांच लाख चौवन हजार दो सौ पिचहत्तर रूपये मात्र 15-नवम्बर-23 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित नगर पालिका मकान नं. एलआईजी 1/718 वार्ड नं. 16, मौजा, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 541 वर्ग फीट | 18-जून-24 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001070127860020, अरमान खान (ऋणी), कादिर खान (सहऋणी), अंजूमारा खातून (सहऋणी) | 12-जनवरी-24 ₹ 35,60,707/- पैंतीस लाख साठ हजार सात सौ सात रूपये मात्र 10-जनवरी-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. (भाग) 1574/39, पुराना पीएच नं. 60, नया खसरा नं. 1574/457, नया पी एच नं. 50, ग्राम कुरूद, तहसील एवं जिला दुर्ग, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 1200 वर्ग फीट, पूर्वः बृजलाल की भूमि, पश्चिमः रोड, उत्तरः बाबा प्रसाद की भूमि, दक्षिणः परशासिंह की भूमि | 18-जून-24 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती हैं कि अद्योहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्तियों का कब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणियों का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8)के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।
ऋणियों को विशिष्टतया तथा सर्व साधारण को सामान्यतया एतद द्वारा सम्पत्तियों के साथ काई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती हैं। और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक "एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड" (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

दिनांकः 21/06/2024
स्थानः छत्तीसगढ

प्राधिकृत अधिकारी
एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

# प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास में हुए शामिल

## मंत्री के साथ गणमान्य नागरिकों एवं अधिकारियों ने किया योगाभ्यास






पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

प्रदेश के राजस्व तथा आपदा प्रबंधन, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री और धमतरी जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्थानीय हरदिहा साहू समाज भवन धमतरी में आयोजित जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां उन्होंने सैकड़ों लोगों के साथ सामूहिक योग किया और स्वस्थ जीवन.शैली के लिए नियमित योगाभ्यास करने का संदेश लोगों को दिया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र संघ को 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का सुझाव दिया था, जिसके परिणामस्वरूप ही पूरे विश्व में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। योग के मामले में हमारा देश शुरू से ही विश्व गुरू रहा है। योग से शारीरिक एवं मानसिक शांति मिलती है। उन्होंने सभी से आव्हान करते हुए कहा कि आप सभी योग को अपनी जीवन शैली में शामिल करें और स्वस्थ रहे-मस्त रहें। गौरतलब है कि स्वयं और समाज के लिए योग थीम पर विश्व भर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक धमतरी ओंकार साहू, महापौर नगर निगम विजय देवांगन, पूर्व विधायक रंजना साहू सहित कलेक्टर नम्रता गांधी, पुलिस अधीक्षक आंजनेय वैष्णव और अन्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित रहे। योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों द्वारा 1 घंटे के अभ्यास सेशन में विभिन्न आसनों और प्राणायाम का अभ्यास कराया गया है। शिथलीकरण अभ्यास पश्चात स्कंध संचालन, कटि और घुटना संचालन के पश्चात योगाभ्यास शुरू हुआ। जिसके पश्चात खड़े होकर किए जाने वाले आसनों जैसे ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन ,अर्ध चक्रासन का अभ्यास किया गया। इसके बाद शशकासन, उत्तान मंडूकासन, व्रकासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, अर्ध हलासन, पवन मुक्तासन, शवासन का अभ्यास करवाया गया। इस दौरान योग प्रशिक्षकों द्वारा योग की मुद्रा और उसके स्वास्थ्यगत लाभों के बारे में जानकारी दी गई। योगाभ्यास के अंत में कपाल भाति और अनुलोम-विलोम,शीतली,भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कर शांति पाठ किया गया। योगाभ्यास कार्यक्रम के दौरान यहां स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया था। जहां बीपी, शुगर जांच के साथ दवा वितरण किया गया। आयुष विभाग द्वारा इस मौके पर स्वास्थ्य लाभ हेतु आयुर्वेदिक काढ़ा का वितरण भी किया गया। योग दिवस कार्यक्रम में आयुष विभाग द्वारा संचालित योग प्रशिक्षण केन्द्र के बच्चों ने विभिन्न आसनों का प्रदर्शन किया गया। बच्चों द्वारा कठिन योग मुद्राओं का भी मोहक प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा सभी बच्चों को सम्मानित किया गया। वहीं श्रवण बाधितार्थ स्कूल की छात्राओं द्वारा मंत्री वर्मा को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। जिले में आयोजित 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अतिथियों ने जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु संचालित किये जा रहे जल जगार अभियान के तहत् कलश में जल प्रवाहित कर जल संरक्षण का संदेश दिया।

# भाजपा गंगरेल मंडल ने मनाया योग दिवस

## योग भारत की पुरातन संस्कृति : उमेश साहू



पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

भाजपा गंगरेल मंडल के अध्यक्ष उमेश साहू के नेतृत्व में ग्राम रुद्री के स्टेडियम में विश्व योग दिवस का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 300 महिला, पुरुष, युवाओं ने योगा करके योग के महत्व की जानकारी लिए। योग के पश्चात अंकुरित चना और केले का फलाहार कराया गया। उमेश साहू ने सबको बताया कि योग भारत की पुरातन संस्कृति है जो आज पूरे विश्व को योग का ज्ञान दे रही है। योग के माध्यम से हम अपने शरीर को स्वस्थ रखते हैं मन को स्वस्थ रखते हैं जिससे विश्व के अंदर शांति की स्थापना का संदेश हम दुनिया को देते हैं। आज तनाव भरे जीवन में 30 मिनट योग करके हम तनाव मुक्त हो सकते हैं। दुनिया के भीतर फैली हुई मानसिक अशांति को हम योग के ही माध्यम से दूर कर सकते हैं । उक्त कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री अविनाश दुबे ,महिला मोर्चा जिला महामंत्री मोनिका देवांगन, जिला भाजपा उपाध्यक्ष श्याम देवी साहू ,जनपद सदस्य पिंकू जागेंद्र साहू, शक्ति केंद्र प्रभारी कीर्तन साहू , मंडल प्रभारी अजय गार्डिया, राहुल विश्वकर्मा, डिफेंस अकादमी के संचालक हितेंद्र साहू,एम आर कंप्यूटर के संचालक साहू के साथ सैकड़ो माता बहनों के साथ युवा साथी भी सम्मिलित हुए।

# विधायक चातुरी नंद आयुष स्वास्थ्य मेला छिंदपाली में होंगी शामिल

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

आयुर्वेद (आयुष) विभाग द्वारा ग्राम छिंदपाली में 22 जून को आयोजित आयुष स्वास्थ्य मेला में क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष कुमारी भास्कर और विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष अमृत पटेल, आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन लाल भोई, महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव दीपांजलि बारीक, पार्षद सुरेश भोई, जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्य तन्मय पंडा, सरपंच छिंदपाली नोहर बाई शंकर चौहान, जप उपाध्याख धर्मेंद्र चौधरी, छिंडपाली के पूर्व सरपंच अरुण प्रधान, कृष्ण चंद्र साहू, रघुवीर साहू और सनेश चौहान शामिल होंगे। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को व्हील चेयर, ट्रायसायकल समेत विभिन्न उपकरण प्रदान किए जायेंगे। विधायक चातुरी नंद ने अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर लोगों को स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

# प्रतिभा पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह व उमंग के साथ मनाया



पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में स्थानीय प्रतिभा पब्लिक स्कूल बालसी में भी योग दिवस कार्यक्रम उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। खेल शिक्षक संजय कर एवं शिक्षिका रेणुका त्रिपाठी के नेतृत्व में, प्राचार्य नरहरि पटनायक एवं उप-प्राचार्य नासिर खान के साथ उपस्थित समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने, शाला परिसर में योग क्रिया संपादित किये। कार्यक्रम का आरंभ वृक्षासन, ताड़ासन, वज्रासन, ग्रीवा संचालन के द्वारा किया गया तत्पश्चात अनुलोम विलोम, कपालभाति, भ्रामरी प्राणायाम करवारकर ध्यान क्रिया कराई गई, और शांति पाठ के द्वारा कार्यक्रम की समाप्ति की गई। प्राचार्य नरहरि पटनायक ने, अपने उद्बोधन मे भारतीय योग के महत्व के विषय में कहा कि यह आज संपूर्ण विश्व में अपनी पहचान बनाया है, जाति धर्म से परे व्यक्ति विशेष को स्वस्थ, सुंदर एवं संयमी बनाता है अतः अधिक से अधिक व्यक्ति अपने जीवन में योग क्रिया को अपनाकर समाज एवं देश के उत्थान में सहायक बने।

# राष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता पुणे महाराष्ट्र में जिले के 5 खिलाड़ी शामिल

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com



सीनियर पुरूष/महिला राष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता एवं जूनियर बालक रग्बी प्रतियोगिता का आयोजन पुणे महाराष्ट्र में आयोजित होगी। 25- 26 जून को जूनियर बालक, 29 - 30 जून को सीनियर पुरूष व 3 - 4 जुलाई को सीनियर महिला टीम प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे, जिसमें महासमुंद जिले के कुल 5 खिलाड़ी शामिल होंगे। सीनियर पुरूष टीम में गौरव साहू व ओंकार निषाद सीनियर महिला टीम में ममता धीवर का चयन हुआ हैं। जूनियर बालक टीम में लिशांशु साहू व समीर यादव का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। विदित हो कि राज्य स्तरीय रग्बी चयन ट्रायल स्वामी विवेकानंद एथलेटिक स्टेडियम कोटा रायपुर में 8 से 9 जून 2024 तक आयोजित किया गया था। जिसमें सीनियर पुरूष टीम ने कांस्य पदक जीतने में सफल रहे तथा बेहतर प्रदर्शन के आधार पर 05 खिलाड़ियों का चयन किया गया हैं। जिले में रग्बी खेल तुमगांव में नियमित रूप से प्रशिक्षक व व्यायाम शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोरिंग डॉ. सुनिल कुमार भोई व सीनियर खिलाड़ियों के द्वारा संचालित किया जा रहा हैं। जहां आस पास के बच्चें प्रतिदिन खेल अभ्यास करते हुए राज्य स्तरीय व राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल हो रहे हैं। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जिले के 05 खिलाड़ियों का चयन होने पर खेल अधिकारी खेल एवम् युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, जिला पंजीयक दीपक मंडावी, राकेश चंद्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत तुमगांव, पप्पू पटेल उपाध्यक्ष, थाना प्रभारी नितीश कुमार, डॉ. सुनिल कुमार भोई व्यायाम शिक्षक, जगदीश, रमेश साहू, राजेंद्र साहू, जीवन लाल साहू, मोती साहू, परस साहू, हर्ष शर्मा, जमील कुरैशी, गौतम सिंहा, पिंटू सिंह, लोचन साहू, त्रिलोक साहू, मोहर साहू, अभिषेक निर्मलकर, मनोज प्रधान, रितेश अग्रवाल, मनीष, अजय साहू, आयुश निर्मलकर, मानसी साहू, प्रणव शर्मा, नैतिक शर्मा, आशीष, पार्थ शर्मा ने शुभकामनाएं दीं।

# योग दिवस पर क्रीड़ा भारती के सदस्यों का सम्मान

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com




क्रीड़ा भारती द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कृषि उपज मंडी धमतरी में योग शिविर का आयोजन किया गया। ऑल इंडिया लीनेस क्लब ने योग शिविर में सहभागिता कर आयोजक समिति के साथ संगठन मंत्री कौशलेंद्र पटेल, सौरभ अग्रवाल कोषप्रमुख, हर्षा साहू जिला प्रभारी धमतरी क्रीड़ा भारती, अध्यक्ष लक्ष्मण लाल साहू, सलाहकार सत्यवान यादव,ईश्वर पटेल, गगन कुंभकर ,शिवा प्रधान ननकु महाराज, यशवंत साहू रामकुमार यदु, नीलमणि साहू, रामकुमार साहू, टिकेश्वर निर्मलकर, विजय यादव आदि का सम्मान ऑल इंडिया लीनेस क्लब अध्यक्ष जानकी गुप्ता द्वारा किया गया। संस्कार भारती एवम् कृति फाईन आर्ट्स इंस्टीट्यूट के धमतरी के नवकलाकारो ने पेंटिंग के माध्यम से योग के महत्व को बताते हुए नहीं होती है उनको बीमारी, जो योग करने की करते समझदारी, कौन करता है रोग से प्यार, योग अपनाएं जीवन में लाये बहार, जो योग अपनाएगा वह रोगों को दूर भगाएगा आदि स्लोगन लिखे, छत्तीसगढ़ की अंतरराष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी सचिव रायपुर कराते एसोसिएशन हर्षा साहू चैपियन बनकर 2 लाख लड़कियों को सेल्फ डिफेंस सीखा चुकी है ने बच्चो को आत्मरक्षा के गुर के साथ योग के महत्व को समझाया । अध्यक्ष जानकी गुप्ता ने कहा की 21 जून को इंटरनेशनल योग दिवस मनाया जाता है। योग केवल एक दिन मनाने का काम नही है बल्कि ये एक यात्रा है जिसे हर दिन करने से स्वास्थ्य रूपी सुख मिलता है। एरिया ऑफिसर लीनेस माला शुक्ला ,डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट लीनेस दीपा घई लीनेस क्लब ,डॉ पुरुषोत्तम चंद्राकर संस्कार भारती ने कार्यक्रम की शुभकामनाएं दी ।

# शहीद संत राम साहू स्मृति सीएचसी कसडोल में योग दिवस मना



पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कसडोल स्थित शहीद संत राम साहू स्मृति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सको, नर्सो एवं स्टॉफ ने योगाभ्यास करते हुए दिखे। इस अवसर पर कु. सविता तम्बोली योग प्रशिक्षका द्वारा योग, प्राणायाम कराई गई जिसमे डॉ रवि अजगले बीएमओ, डॉ. वंदना स्त्री रोग विशेषज्ञ मनोज मिश्रा बीपीएम डॉ शुभाष, घसिया राम चौहान, रामगोपाल साहू, बजरंग वर्मा, शिवशंकर, ठाकुर राम धीवर, यामेन्द्र साहू नन्दलाल भागमती सिस्टर एवं अन्य स्टॉफ व जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए।

# संयुक्त कार्यालय परिसर स्थित ध्वजखंभ में सफेद ध्वजा लगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

## अब तक बलौदाबाजार में तोड़फोड़ एवं आगजनी की घटना को अंजाम देने वाले कुल 138 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



10 जून को बलौदाबाजार में आयोजित धरना प्रदर्शन में शामिल लोगों द्वारा आक्रोशित होकर पुलिस बल के साथ झूमाझपटी, पत्थर बाजी, मारपीट करते हुए संयुक्त कार्यालय परिसर एवं वहां खडी वाहनों में भी तोड़फोड़ करते हुए आग लगा दिया गया। इस बीच सुरक्षा व्यवस्था में लगे कई पुलिस अधिकारी कर्मचारी एवं प्रशासनिक अधिकारियों को गंभीर चोटें आई है। इस पूरे घटनाक्रम में एक विशेष बात सामने आई थी, कि एक आरोपी द्वारा संयुक्त कार्यालय परिसर स्थित ध्वजखंभ के ऊपर चढ़कर, नारेबाजी करते हुए एवं चिल्लाते हुए सफेद ध्वजा लगा दिया गया था। धरना प्रदर्शन का आयोजन करने वाले तथा इस दौरान गाली गलौज कर, तोड़फोड़ एवं पत्थर बाजी करते हुए, वाहन एवं संयुक्त कार्यालय में आगजनी करने वाले आरोपियों के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया है, तथा इसमें शामिल आरोपियों एवं उपद्रवी तत्वों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस की अलग-अलग टीमों का निर्माण कर संभावित स्थलों में लगातार दबिश दिया जा रहा है। प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों की वीडियो, फोटो, सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य तकनीकी विश्लेषण के आधार पर सरगर्मी से पता तलाश जारी है। प्रकरण में जांच विवेचना कार्यवाही अभी जारी है। इसी क्रम में *पुलिस द्वारा धरना प्रदर्शन का आयोजन करने वाले एवं धरना प्रदर्शन के दौरान उद्दंड उपद्रव करने वाले लोगों का चिन्हांन कर उनकी गिरफ्तारी को प्राथमिकता के आधार पर लिया गया है, जिसके तहत पुलिस की अलग-अलग टीम द्वारा आयोजकों के नाम, पते, फोटो आदि की पहचान कर उनके छिपने की हर संभावित ठिकाने पर लगातार दबिश जा रहा था। साथ ही मुखबिर के माध्यम से भी इन आरोपियों के संबंध में जानकारी जुटाया जा रहा था। कि इसी बीच 21 जून को संयुक्त कार्यालय मुख्य गेट के सामने स्थित ध्वजखंभ के उपर चढकर, नारेबाजी एवं चिल्लाते हुए लोगों को भड़काकर सफेद ध्वजा लगाने वाले आरोपी डिगेश्वर बांधे को पकडा गया है। कि आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण में 21.06.2024 तक की स्थिति में बलौदाबाजार में तोड़फोड़ एवं आगजनी की घटना को अंजाम देने वाले कुल 138 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी डिगेश्वर बांधे उम्र 21 साल निवासी ग्राम कोरदा थाना लवन।

# शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में मनाया गया विश्व योग दिवस



पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना उपाध्याय के मार्गदर्शन में एन. सी. सी. व एन. एस. एस. की छात्राओं के द्वारा सामूहिक योगाभ्यास किया गया। योग अभ्यास की शुरूवात कु. यामिनी सेन के द्वारा सूर्य नमस्कार के साथ किया गया साथ ही वृक्षासन, ताड़ासन, त्रिकोणासन, हलासन, नौकासन, भुजंगासन व श्वासन जैसे और भी आसनों का अभ्यास किया गया। कु. सोनिया फेकर व प्रियंका सेन के द्वारा योगा पोस्टर प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य ने बताया कि योग से मानव शरीर स्वस्थ एवं सुदृढ़ रहता है, इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाये और परिवार के साथ योगा करने की सलाह दीया। इस अवसर पर क्रीड़ा अधिकारी डॉ. सुलेखा राउत व एनसीसी प्रभारी रोशनी लता राकेश एवं एनसीसी प्रभारी सुषमा दीवान उपस्थित रहें। साथ ही इस अवसर पर महाविद्यालय की एन. सी. सी. व एन. एस. एस. की 50 छात्राओं ने भाग लिया।

# पुलिस को चकमा देने के लिए कपड़े के अंदर छिपाकर कर रहे गांजा तस्करी

## थाना सिंघोडा के 5 प्रकरणों में गांजा की तस्करी करते 05 महिला व 05 पुरूष सहित 10

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com





समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को नशीली पदार्थ, अवैध शराब तथा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले लोगो के खिलाफ कार्यवाही तथा सघन चेकिंग अभियान करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसके साथ ही परिवहन के उन सभी रास्तों पर जगह व समय बदल-बदल कर नाकेबंदी कर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर सिंघोडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत अन्तर्राजीय चेक पोस्ट रेहटीखोल (छग ओड़िसा बॉर्डर) के पास पुलिस पार्टी द्वारा संदिग्ध वाहनो की चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान 05 प्रकरणों में अलग-अलग पूछताछ व तलाशी लेने पर कुल 57 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त किया गया जिसमें 05 महिला व 05 पुरूष सहित कुल 10 आरोपियों पकडा गया। **प्रकरण** 01 आरोपीया सुस्मिता साहनी पति विराट साहनी उम्र 35 वर्ष हेमंती साहनी पति हरी साहनी उम्र 43 वर्ष साकिनान रूबडीघोडा थाना मनोमुंडा जिला बौध उडिसा का होना बताये। जिनके कब्जे से एक नग प्लास्टिक बोरी मे भरी हुई 09 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती 135000 रूपये, एवं एक नग वीवो कम्पनी का मोबाईल कीमती 10000 रूपये, कुल कीमती 145000 रूपये।

**प्रकरण 02** - आरोपिया चंपा खुरा पति हाई खुरा उम्र 45 वर्ष साकिन काकुरचेरा थाना मनोमुंडा जिला बौध उडिसा, हसीना जाल पति पुरंदर जाल उम्र 35 वर्ष साकिन गुरपडा थाना बांसुली जिला बौध उडिसा तथा सुमीत्रा राजहंस पति नीरू राजहंस उम्र 54 साल साकिन गुरपडा थाना बांसुली जिला बौध उडिसा का निवासी होना बताये। जिनके कब्जे से एक नग प्लास्टिक बोरी मे भरी हुई 13 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती 195000 रूपये, तथा 01 नग ओप्पो कम्पनी का मोबाईल कीमती 10000 रूपये, कुल कीमती 205000 रूपये।

**प्रकरण 03**- आरोपी ध्यानचंद कैलासिया पिता कैलाश कैलासिया उम्र 30 साल साकिन प्यावल थाना सरसई जिला दतिया मध्यप्रदेश का निवासी होना बताया। जिसके कब्जे से 05 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती 75000 रूपये व एक नग विवो कम्पनी का मोबाईल कीमती 10000 रूपये, कुल कीमती 85000 रूपये।

**प्रकरण 04**- आरोपी गौरव कुमार साहू पिता नोहर साहू उम्र 26 साल साकिन पटेवा थाना नयापारा जिला रायपुर छत्तीसगढ, अजय कुमार साहू पिता शंकरलाल साहू उम्र 32 साल साकिन हसदा नंबर 01 थाना मगरलोड जिला धमतरी छत्तीसगढ निवासी होना बताये। जिनके कब्जे से नग प्लास्टिक बोरी मे भरी हुई कुल 22 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती 330000 रूपये, तथा घटना मे प्रयुक्त एक सफेद कलर की टाटा सफारी कार क्रमांक सीजी 04 केजे 9099 कीमती 300000 रूपये, 02 नग मोबाईल कीमती 20000 रूपये, नगदी रकम 500 रूपये, कुल कीमती 650500 रूपये। **प्रकरण 05**- आरोपी (09) विष्णु शर्मा पिता रामगोपाल शर्मा उम्र 38 साल साकिन पगरिया थाना पगरिया जिला झालावाड राजस्थान, (10) दले सिंह पिता जवान सिंह उम्र 35 साल साकिन खंडार थाना पगरिया जिला झालावाड राजस्थान का निवासी होना बताये।

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल
संभाग–03 मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.) मो.नं. 9827175003
निविदा आमंत्रण सूचना विज्ञापन क्र.–320

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संभाग–03 रायपुर अंतर्गत (1.) अटल विहार योजनांतर्गत, राजिम में प्रस्तावित विभिन्न श्रेणी के कुल 145 स्वतंत्र भवनों के निर्माण एवं आंशिक भूमि विकास कार्य हेतु द्वितीय बार प्री–क्वालिफिकेशन के आधार पर ऑनलाईन निविदा (2.) सामान्य आवास कॉलोनी, सेजबहार, फेस–02 रायपुर में 12 नग सीनि. एम.आई.जी. (प्लेटिनम) भवन, 05 नग एम.आई.जी. (गोल्ड) भवन, 09 नग जूनि. एम.आई.जी.–।। भवन, 10 नग एल.आई.जी. (ब्रांज) भवन एवं 24 नग ई.डब्ल्यू.एस. स्वतंत्र भवन का निर्माण मय आंतरिक जलप्रदाय, स्वास्थ्य रक्षण, विद्युतीकरण एवं बाउण्ड्रीवॉल सहित कार्य हेतु पंचम बार प्री– क्वालिफिकेशन के आधार पर ऑनलाईन निविदा तथा (3.) ग्रीन्स विले सिटी बोरियाकला रायपुर में स्थापित एस.टी.पी. के संचालन एवं रख–रखाव कार्य हेतु द्वितीय बार मैन्युअल निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की गयी है। कुल 03 कार्यों की विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना मण्डल की वेबसाईट www.cghb.gov.in पर उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यालय संभाग–03 मौलश्री विहार, रायपुर में संपर्क करें।

Samvad-40519/4
कार्यपालन अभियंता

# स्वयं और समाज के लिए योग संदेश के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन, सांसद राधेश्याम विधायक रायमुनी शामिल

## जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और नगर वासियों ने रणजीता स्टेडियम में किया योग

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित रणजीता स्टेडियम में जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया। इस योगा कार्यक्रम में रायगढ़ लोकसभा सांसाद राधेश्याम राठिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में जशपुर विधायक रायमुनी भगत तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष शांति भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष उपेन्द्र यादव एवं नगरपालिका उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता उपस्थित थे। सामूहिक योग कार्यक्रम में पदम जागेश्वर यादव, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, जिला पंचायत सीईओ सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं नगरवासियों ने स्वयं और समाज के लिए योग के संदेश के साथ योग दिवस की शुरुआत किया।

**भारत की देन है योग-सांसद** -इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में मौजूद रहे सांसद राधेश्याम राठिया ने विश्व योग दिवस की जिलेवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत की परंपरा में ही योग रहा है। हमारे देश के ऋषियों ने इसे सभी लोगों को दिया है और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष प्रयास से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग को करने के लिए एक ऐसी व्यवस्था की मांग की और संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में घोषित किया। जिसके चलते आज देश ही नहीं पूरी दुनिया इस दिवस को उत्साह के साथ मना रहा है। उन्होंने कहा कि शारीरिक विकारों से बचने के लिए योग क्रियाओं का अभ्यास आवश्यक है। सभी अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें, योग से तन और मन स्वस्थ रहता है नियमित योगाभ्यास करके बीमारियों से बचें।

**दिमाग के लिए खास है योग-विधायक** - जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने जिलेवासियों को विश्व योग दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग शरीर एवं मस्तिष्क के मध्य सामंजस्य स्थापित करने का एक शाश्वत माध्यम है जिसके नियमित अभ्यास द्वारा मानव शरीर में नवीन आत्म-चेतना का उदय होता है। भारत की प्राचीनतम परंपरा की पहचान योग आज माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से विश्व बंधुत्व का प्रतीक बन गया है। आज के इस आयोजन में सभी नगर वासियों ने उत्साह के साथ भाग लिया यह बहुत सुखद क्षण है। बेहतर और स्वस्थ जीवन के लिए योग बहुत महत्वपूर्ण है इसे हर व्यक्ति नियमित रूप से करें। योग न केवल हमारे शरीर की मांसपेशियों को अच्छा व्यायाम देता है, बल्कि यह हमारे दिमाग को शांत रखने में भी मदद करता है। यदि हम योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करते हैं तो तनाव मुक्त जीवन जी सकते हैं। कार्यक्रम में जिला योग समन्वयक अशोक कुमार यादव, योग शिक्षक डमरूधर स्वणर्कार, श्याम पटेल, श्रद्धा स्वणर्कार, मेघा स्वर्णकार ने मन और शरीर के बीच सामंजस्य स्थापित करते हुए योग से स्वस्थ जीवन के लिए विभिन्न कलाओं-आसनों का योगाभ्यास कराया। कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागियों द्वारा ग्रीवा चालन, भुजंगासन, पवनमुक्तासन सहित अनुलोम विलोम, योगाभ्यास, प्राणायाम एवं ध्यान का प्रदर्शन किया गया। इसी तरह जिले के सभी विकास खंडों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास कराया और लोगों को योग से निरोग रहने का संदेश दिया गया।

# मनोरा ब्लाक में एक करोड़ 15 लाख से विकसित होगी

## बुनियादी सुविधा विधायक रायमुनि की पहल पर स्वीकृति

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिले के जशपुर विधानसभा क्षेत्र में सड़क, पुल, पुलिया जैसे बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए विधायक निधि मद से 1 करोड़ 15 लाख रुपए की स्वीकृति विधायक रायमुनि भगत की पहल पर मिल गई है। आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद,जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। सोनकयारी, रेमने एवं केराकोना में आयोजित कार्यक्रम में विधायक रायमुनि भगत ने इन निर्माण कार्यो की आधारशिला रखी। सभा को संबोधित करते हुए उन्होनें कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान किये गए वायदे को पूरा करते हुए, मनोरा ब्लाक के विकास के लिये इन निर्माण कार्यो को स्वीकृति दिया गया है। उन्होनें कहा कि स्वीकृत निर्माण कार्यो में ग्राम पंचायत सोनक्यारी में मुख्यमार्ग से डूमरटोली पहुंच मार्ग में 40 लाख की लागत से पुलिया निर्माण,ग्राम पंचायत टेम्पू में मुख्यमार्ग से केरेकोना मार्ग में 35 लाख की लागत से पुलिया निर्माण जैसे उन कार्यो को प्राथमिकता से शामिल किया गया है,जिनका निर्माण कार्य पूरा हो जाने पर स्थानीय लोगों का संपर्क साधन और अधिक सुविधाजनक हो जाएगा। विधायक ने कहा कि उनका प्रयास है कि जशपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी गांव 12 मासी पक्की सड़क से जुड़ सके। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पर्यटन मंडल के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार राय ने विशिष्ठ अतिथि के रूप में संबोधित कहा कि विधायक रायमुनि भगत, क्षेत्र के विकास और जनता की समस्या को सुलझाने के लिए समर्पित भाव से काम कर रही है। उन्होनें कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की नेतृत्व वाली भाजपा सरकार, कुमार दिलीप सिंह जूदेव के सपने के अनुरूप जशपुर जिले को विकसीत करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। जशपुर के माटीपुत्र मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही जशपुर को मेडिकल कालेज का उपहार दने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए, कुनकुरी में 220 बिस्तर वाला सर्वसुविधा युक्त अस्पताल की ना सिर्फ घोषणा की,बल्कि भवन निर्माण के लिए बजट भी स्वीकृत कर दिया है। जल्द ही यह अस्पताल मूर्त रूप ले लेगा,जिससे जशपुरवासियों को इलाज के लिए रांची, अंबिकापुर दौड़ने से मुक्ति मिल जाएगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष शांति भगत, राजकुमार आर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगरगरपालिका जशपुर के उपाध्यक्ष राजू गुप्ता, रूपेश सोनी, कृपा शंकर भगत, फैजान सरवर खान, सुषमा सिंह, प्रभाकर यादव सहित भाजपा के कार्यकर्ता और सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# स्वच्छ मन स्वच्छ शहर के उददेश्य को लेकर अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

पायनियर संवाददाता ∢ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के बैकुण्ठधाम अम्बेडकर भवन में अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिसमें इस बार का थीम स्वच्छ मन स्वच्छ शहर पर आधारित था। इसमें निकाय स्तर पर स्वच्छता दीदीयों, स्वच्छता कमांडो एवं समस्त सफाई कर्मचारियो को शामिल किया गया। सैकड़ो लोगो की उपस्थिति में योग का कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें आर्ट ऑफ लिविगं संस्था से अंतराष्ट्रीय योग शिक्षक लिंका बुक ऑफरिकार्ड से सम्मानित धीरज शर्मा अपनी टीम के साथ बालोद से आये। आकर योग के विभिन्न बारिकीयो को समझाते हुए योग सिखाया। प्रमुख रूप से ताड़ासन, नटराज आसन, भूजंग आसन, धनु आसन, अर्धसलभ आसन, पूर्णसलभ आसन, पदमासन, भ्रस्त्रिका प्राणायाम, भ्रमणी प्रणायाम, कपाल भारती, अनोम विलोम, आदि आसनो के बाद ध्यान करवाये। साथ ही जगत कल्याण के लिए प्रार्थना भी की गई। कार्यक्रम में उपस्थित वैशाली नगर विद्यायक रिकेश सेन ने योग करने के बाद उन्होने कहा शरीर और मन तरो ताजा हो गया है मैं एकदम फ्रेस महसूस कर रहा हूॅ। जब हम योग नियमित करेगे तो अवस्य निरोग रहेगे। यह हमारे ऋषि मुनियों की धरोहर है, जिसमें सभी प्रकार के रोगो का निदान है, हमे करना चाहिए। कार्यक्रम के साथ ही उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव कोरबा से लाईव प्रसारण दिखाया गया, जिसमें उनके द्वारा स्वच्छता दीदी, स्वच्छता कमांडो, स्वच्छता कर्मचारियो एवं आम नागरिको के लिए संदेश का लाइव प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से प्रजापिता ब्रम्हकुमारी से आशा दीदी, आर्ट आफलिविंग संस्था से भक्ति, दिनेश के साथ सदस्यगण, जोन अध्यक्ष, पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, विभिन्न मंडलो के अध्यक्ष, कार्यकर्ता, समाजसेवी, एनडीआरएफका दल, सेना एवं पुलिस फोर्स हेतु प्रशिक्षक मुकेश चैहान अपने सदस्यो के साथ, क्रिकेट, फूटबाल, बालीवाल, बाक्सिंग के खिलाड़ी, नगर निगम भिलाई के आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव, जोन आयुक्त येशा लहरे, स्वच्छता दीदी, स्वच्छता कमांडो, स्वच्छता कर्मचारी, सरिया जी का मिशन के शहरी आजीविका मिशन के मिशन मैनेजर के साथ निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में गुडविल पब्लिक स्कूल कोटा में किया गया योग, मेडिटेशन

## शिक्षक, बच्चों और बड़ों ने किया योगाभ्यास..सूर्य नमस्कार के साथ प्रारम्भ हुआ योग

पायनियर संवाददाता ∢ कोटा-बिलासपुर
www.dailypioneer.com




अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी कड़ी में आज पूरे भारत में योग माननीय प्रधानमंत्री मोदी के निर्देश पर सभी सशकीय गैर सशकीय संस्थाओं, अमृत सरोवरों, पंचायतों, शैक्षणिक संस्थाओं में प्रातः सात बजे से योग सामूहिक रूप से किया गया। गुडविल पब्लिक स्कूल कोटा में भी सुबह 7 बजे से योग दिवस मनाते हुए योगा, मेडिटेशन सामूहिक रूप से सूर्यनमस्कार के साथ सुरु किया गया, फिर उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन के साथ शिक्षक, बच्चे, बड़े लोग भी योग का आनंद लिया, योग का अभ्यास किया। प्रमुख रूप से आर डी गुप्ता , अनिता गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, नवीन गुप्ता, मनीषा बागरी, गुड्डी दुबे, रामकुमार प्रजापति, संगीत गुप्ता, स्नेहा अग्रहरी, प्रतीक, अपूर्वा, अपर्णा, स्वरा, सिद्धार्थ, सृष्टि, सोनाली अग्रहरी, चंद्ररेखा यादव, ओमी पाटकर, चित्र रेखा यादव, चंचल ताम्रकार, आकांक्षा गुप्ता, मीनू गुप्ता, सुमन बागरी, शिवम, मिंटी, सहित और लोगों ने भी योगा किया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय परिसर दुर्ग में योग कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के तत्वाधान में तथा प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग सुधीर कुमार के मार्गदर्शन में 21 जून 2024 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर समय प्रातः 7.30 बजे से जिला न्यायालय दुर्ग के न्यू सभागार स्थल पर योग का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त आयोजित कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश सुधीर कुमार तथा कुटुम्ब न्यायालय दुर्ग की प्रधान न्यायाधीश मती गिरिजा देवी मेरावी के अलावा जिला न्यायालय दुर्ग एवं कुटुम्ब न्यायालय दुर्ग के अन्य न्यायिक अधिकारीगण न्यायिक एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के कर्मचारीगण, लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम दुर्ग के कौंसिल तथा जिला अधिवक्ता संघ की अध्यक्ष नीता जैन, सचिव रविशंकर सिंह सहित अन्य पदाधिकारीगण व अधिवक्तागण सम्मिलित हुए। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित उक्त योग कार्यक्रम में सम्मिलितजनों को योगासन सिखाए जाने के लिए आर्ट ऑफ लिविंग भिलाई के खुशहाल चंद्र चौहान एवं मती चंद्रकला चौहान मास्टर ट्रेनर को योग प्रशिक्षक के रूप में जिला न्यायालय परिसर, दुर्ग में विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। मास्टर ट्रेनर के द्वारा उपस्थितजनों को योग के विभिन्न योगासन सिखाते हुए योग से होने वाले लाभों की जानकारी देकर तकनीक के साथ योगासन का अभ्यास करना सिखाया गया। व उक्त सिखाये गये अभ्यास का नित-प्रतिदिन अभ्यास नियमित रूप से करने से स्वस्थ व निरोगी शरीर प्राप्त कर सकते हैं योग शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक रूप से भी उपयोगी है इससे शरीर लचीला बना रहता है ।

# संपत्ति-कर नहीं चुकाने वालों पर नगर निगम सख्त 236 करदाताओं के खिलाफ जारी किया डिमांड बिल

- रिकार्ड तोड़ वसूली:तीन दिनों में बकायादारों से 50 लाख की वसूली

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम।सीमा क्षेत्र अंतर्गत बकाया टैक्स वसूली के लिए नगर निगम द्वारा चलाया जा रहा अभियान अब गति पकड़ने लगा है। शहर के बड़े कारोबारियों से बकाया कर वसूली को लेकर उनके साथ ही बैठक की जा रही है।बैठक में ऐसे बकायादारों को जून में टैक्स का भुगतान कर छः प्रतिशत छूट का लाभ पाने प्रोत्साहित किया जा रहा है।बकाया टैक्स वसूली को लेकर पिछले चार दिनों से अभियान चलाया जा रहा है।निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने नगर निगम को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए समय पर संपत्ति-कर की वसूली करने के निर्देश दिए है।शहर में कई बड़े बकायादार हैं.जिसे तत्काल संपत्ति-कर वसूली के लिए डिमांड बिल भेजा गया है। टैक्स भुगतान को लेकर बड़े बकायादारों से संपर्क किया जा रहा है। तीन दिनों में बकायादारों से 50 लाख की वसूली की गई. राजस्व उप निरीक्षक एवं सहायक राजस्व निरीक्षकों द्वारा नगर निगम कार्यालय में टीम बैठक लेकर करदाताओं को डिमांड बिल जारी किया जा रहा है. जिसमें वार्ड क्रमांक 45 डिमांड क्रमांक 4500005 कार्यालय सम्पति प्रबंधक हाऊसिंग बोर्ड के 55 स्टॉफ क्रॉर्टर का 44,99,215/ रुपये बकाया है. कार्यालय जाकर राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता एवं राजूलाल चंद्राकर जलकार्य निरीक्षक के द्वारा सम्पर्क किया गया. उनके द्वारा डिमांड बिल भेजने कहा गया. जिसे डिमांड बिल भेजा गया। इसी तरह कार्यालय पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया वार्ड 45 डिमांड क्रमांक 4500002 का 4,13,192/ रुपये बकाया है। उनसे भी जल्द वसूला जाएगा। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के दिशा निर्देश पर राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता के मार्गदर्शन और सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर के नेतृत्व में 20 जून को कुल 49,12,407/- रुपये का बिल डिमांड भेजा गया है.बड़े बकायादारों को 49 लाख से अधिक का डिमांड बिल भेजा गया. जलकार्य निरीक्षक राजू चन्द्राकर द्वारा जनाकारी ने दी कि इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 45 डिमांड क्रमांक 4500005 कार्यालय सम्पति प्रबंधक हाऊसिंग बोर्ड के 55 स्टॉफक्वाटर का 44,99,215/ रुपये वसूली हेतु कार्यालय जाकर सम्पर्क किया गया।

# दोकड़ा के आत्मानंद स्कूल में योग दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुई सीएम पत्नी कौशल्या साय, स्वस्थ जीवन के लिए योग जरूरी



पायनियर संवाददाता ∢ दोकड़ा
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर यहां के आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में सामूहिक योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सीएम मैडम कौशल्या साय शामिल हुई। साथ ही विशेष अतिथि के रूप में कमला पवार एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष मदन चौधरी, मंडल अध्यक्ष दिनेश चौधरी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिनका संस्था प्रमुख सलमोन तिर्की ने स्वागत किया। मां शारदे की अराधना के बाद योगाभ्यास किया गया। जिसमें गणमान्य नागरिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों सहित विद्यार्थियों व शिक्षकों ने भी योग किया। इस मौके पर साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ आत्मा का निवास होता है, इसके लिए नियमित रूप से प्रतिदिन योगाभ्यास करना चाहिए। जिससे निरोगी काया एवं भरपूर ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं प्रतिदिन योगाभ्यास करती हूँ जिसरे कारण आज मैं स्वस्थ एवं निरोग हूँ और मुझे आज तक चश्मा की आवश्यकता महसूस नहीं हुई है, यह सब योग से ही संभव हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए नियमित दिनचर्या होना आवश्यक है हर कार्य निर्धारित समय पर होने से मन प्रसन्न रहता है एवं नये-नये विचार मन में आते हैं। अपने व्यक्तिगत जीवन के अनेक उदाहण देते हुए उन्होंने योग के महत्व पर विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान कर सबका ध्यान अपने ओर आकर्षित कर लिया था।

पंजीकृत कार्यालय : छटी मंजिल, टावर ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई - 400013

DCB BANK

**कब्ज़ा नोटिस**

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित के प्रवर्तन (2002 का 54) के तहत और नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अधोहस्ताक्षरी डीसीबी बैंक लिमिटेड का अधिकृत अधिकारी है। सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 ने नीचे उल्लिखित तिथियों पर एक मांग नोटिस जारी किया, जिसमें उधारकर्ताओं (उधारकर्ता और सह-उधारकर्ता) को 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लिखित राशि को सारणीबद्ध रूप में अतिरिक्त ब्याज के साथ चुकाने के लिए कहा गया। उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से.

उधारकर्ता एवं सह-उधारकर्ता द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने पर, उधारकर्ता, सह- उधारकर्ता एवं सामान्य रूप से जनता को नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उप के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है। नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की धारा (4) भी 20 जून, 2024 को सुरक्षा हित नियम 2002 की धारा 14(1) के साथ लागू होती है।

उधारकर्ता, विशेष रूप से सह-उधारकर्ता और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे संपत्ति (अचल संपत्ति का विवरण) के साथ लेनदेन न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेनदेन डीसीबी बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा। राशि जैसा कि यहां नीचे बताया गया है।

सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| मांग सूचना तिथि: | 20 अप्रैल, 2022 |
| उधारकर्ता एवं सह-उधारकर्ता का नाम | श्री भवानी शंकर चौधरी, श्रीमती नेहा चौधरी और बी.एस. अनुबंध और विशेषज्ञ समाशोधन सेवाएँ। |
| ऋण खाता संख्या | DBLARAI00458735/DBLARAI00536187 |
| कुल बकाया राशि | रु. 18,58,742.60 (रुपये अठारह लाख अट्ठावन हजार सात सौ बयालीस और साठ पैसे मात्र) 20 अप्रैल, 2022 तक |

**अचल संपत्ति का विवरण :** संपत्ति फ्लैट नंबर एमआईजी II/508, 5वीं मंजिल, ब्लॉक- III, कंचन जंगा कॉम्प्लेक्स, कबीर नगर, रायपुर, पिन - 49299, छत्तीसगढ़। (सुरक्षित संपत्ति)

दिनांक : 22.06.2024
स्थान : रायपुर

डीसीबी बैंक लिमिटेड
प्राधिकृत अधिकारी

## सीएम की पुत्री स्मृति साय ने महिलाओं को योग करने किया प्रेरित

# गर्भवती महिलाओं पर केंद्रित रहा जशपुर योग महोत्सव

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




विश्वभर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। इसी क्रम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जशपुर योग महोत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन में लगभग 100 गर्भवती महिलाओं ने सामूहिक रूप से योग किया। गर्भवती महिलाओं के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योग अत्यंत महत्वपूर्ण है। योग के इसी महत्व को ध्यान में रखते हुए गर्भवती महिलाओं को योग कराया गया। जशपुर योग महोत्सव कार्यक्रम मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पुत्री स्मृति साय के संरक्षण में आयोजित हुआ। स्मृति साय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुईं। जशपुर जिला प्रशासन और यूनीसेफ टीम के संयुक्त प्रयास से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए शानदार पहल योग कार्यक्रम में रायपुर से आई राहुल रायपुर योगपीठ की टीम ने महिलाओं को योग क्रियाओं का प्रशिक्षण दिया। कुशल प्रशिक्षकों ने गर्भावस्था के दौरान महिलाओं के लिए लाभदायी साबित होने वाली सभी योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। गर्भावस्था के दौरान विभिन्न योग क्रियाओं के लाभ के बारे में महिलाओं को विस्तार से जानकारी दी गई। गर्भावस्था के दौरान होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं का योग क्रियाओं के द्वारा निदान करने के बारे में भी महिलाओं को जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि स्मृति साय ने महिलाओं को योग के लिए किया प्रेरित योग महोत्सव में स्मृति साय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं और उन्होंने खुद भी योग किया। कार्यक्रम के आरंभ में पुत्री साय ने गर्भवती महिलाओं को संबोधित करते हुए योग के महत्व और उसके लाभ के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को योग करने के लिए प्रेरित एवं जागरूक किया। उन्होंने कहा, योग हर उम्र के लोगों के लिए लाभकारी होता है। योग करने से न केवल हमारा शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि हम मानसिक रूप से भी तंदुरुस्त रहते हैं। उन्होंने सभी उपस्थित महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि वे योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का एक अभिन्न हिस्सा बनाएं।

**ऐतिहासिक रहा जशपुर योग महोत्सव**- जशपुर में आयोजित योग महोत्सव को व्यापक बनाने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का राज्यभर में लाइव प्रसारण किया गया। प्रदेश के इतिहास में यह पहला योग कार्यक्रम रहा जिसने गर्भवती महिलाओं के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी। इस प्रकार के आयोजन से गर्भवती महिलाओं को न केवल स्वास्थ्य लाभ मिलता है बल्कि उन्हें योग के माध्यम से एक सकारात्मक और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का भी प्रोत्साहन मिलता है। जशपुर योग महोत्सव में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पुत्री स्मृति साय, जिला पंचायत अध्यक्ष शांति भगत, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी उपस्थित थे।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड-सुकमा, छ.ग.**

(जिला, जल एवं स्वच्छता मिशन, जिला- सुकमा)

**" ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना "**

नि. क. 1, 2, 3, 4, 5, 6/ नि.प्र./जे जे एम/डी.डब्ल्यू.एस.एम./लो.स्वा. यां.ख/ सुकमा एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से जल-जीवन मिशन के तहत शेडयूल अनुसार 150 मि.मि. व्यास, 120 मीटर गहरा नलकुप खनन कार्य हेतु प्रपत्र "ए" में ऑनलाईन Online निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| स.क. | निविदा क्रं./ सिस्टम क्रंमांक | लागत् (लाख में) | ग्राम / विकासखण्ड / रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 1 | 11/155074 | 24.51 | मोण्डुम / छिन्दगढ़ / तृतीय निविदा |
| 2 | 2/155075 | 146.63 | केरलापाल / सुकमा / षष्ठ निविदा |
| 3 | 3/155076 | 55.36 | पुजारीपाल / छिन्दगढ़ / षष्ठ निविदा |
| 4 | 4/155078 | 43.55 | पुसपल्ली / सुकमा / तृतीय निविदा |
| 5 | 5/155079 | 9.89 | पुजारीपाल / सुकमा / चतुर्थ निविदा |
| 6 | 6/155080 | 62.19 | सामसट्टी-2/ कोण्टा / द्वितीय निविदा |

**नोटः**- उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in पर दर्शित एवं डाउनलोड की जा सकती है। निविदा आमंत्रण की अंतिम तिथि 28.06.2024 तक है।

G-242500490/4

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड सुकमा

## संपादकीय

# नीट परीक्षा समग्र जांच

**नीट परीक्षा पर उठे सवालों** को देखते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने वर्तमान परीक्षा में प्रशासनिक ढिलाई की समग्र जांच का आदेश दिया है। नेशनल इलिजिबिलिटी कम इंट्रेस टेस्ट-'नीट' परीक्षा भारत में चिकित्सा व दंत चिकित्सा पाठ्यक्रमों में स्नातक स्तर पर भारतीयों का प्रवेश द्वार है, लेकिन वर्तमान समय में यह विवादों में घिर गई है। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने परीक्षा संचालन में संभावित लापरवाही पर चिन्ता प्रकट करते हुए व्यापक जांच के आदेश दिए हैं। 4 जून को परिणामों की घोषणा के बाद से ही 'नीट' परीक्षा विभिन्न मुद्दों के कारण विवादों में घिर गई है। इनमें प्रश्न पत्र में गलतियां, ग्रेस मार्क्स का गलत आबंटन तथा पेपर लीक व धोखाधड़ी के आरोप शामिल हैं। इस कारण छात्र और उनके माता-पिता पुन: परीक्षा की मांग कर रहे हैं। हालांकि, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी-एनटीए के अधिकारियों ने पेपर लीक से इनकार किया, पर इसके बावजूद शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने स्वीकार किया है कि कुछ परीक्षा केन्द्रों पर 'कुछ अनियमिततायें' सामने आई हैं। पूरे देश में चिकित्सा प्रवेश को मानक बनाने के लिए 'नीट' को शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य विभिन्न चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश का एक आधार बनाना था। लेकिन इसकी शुरुआत से ही परीक्षाओं को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ा जिनमें धोखाधड़ी के आरोप, प्रश्न पत्र लीक तथा असमान पहुंच की शिकायतें शामिल हैं। इसके कारण परीक्षा के पक्ष-विपक्ष में व्यापक बहस तथा विरोध प्रदर्शन हुए। सर्वोच्च न्यायालय ने एक प्रमुख निर्णय में 'नीट' परीक्षा के प्रशासन पर उठते गंभीर सवालों पर ध्यान दिया था। उसने संभावित लापरवाही को




रेखांकित करते हुए व्यापक जांच का आदेश दिया। पिछले वर्षों में 'नीट' प्रश्न पत्र लीक व धोखाधड़ी के अनेक मामलों में घिरी रही। इसके कारण न केवल परीक्षा की शुचिता प्रभावित हुई, बल्कि इससे परीक्षा करवाने वाले अधिकारियों की निष्ठा भी संदेह के घेरे में आ गई। ऐसे मुद्दे एक निरंतर समस्या बन गए हैं जिसके कारण व्यवस्था में विश्वास घटा है तथा जनता में निराशा बढ़ी है।

इसके साथ ही परीक्षा तक पहुंच तथा समानता पर भी सवाल उठे हैं। आरोप है कि 'नीट' मूलत: शहरी क्षेत्रों के समृद्ध छात्रों पर ध्यान केन्द्रित करती है जिनकी पहुंच उच्च गुणवत्ता वाली कोचिंगों तथा शिक्षा संसाधनों तक होती है। इससे ग्रामीण व आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि से आने वाले छात्रों को नुकसान उठाना पड़ता है। इस असमानता के कारण अनेक राज्यों तथा समुदायों में विरोध प्रदर्शन हुए हैं क्योंकि वे स्वयं को वर्तमान व्यवस्था में हाशियाकृत मानते हैं। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा संभावित लापरवाही के कारण जांच का आदेश 'नीट' परीक्षा प्रक्रिया में प्रशासनिक कमियों की गंभीरता उजागर करता है। परीक्षा बोर्डों के भीतर या संबंधित उद्यमों में भ्रष्टाचार के आरोप हैं जिनके कारण पेपर लीक होते हैं या रिश्वत के बदले छात्रों को धोखाधड़ी की अनुमति दी जाती है। इस प्रकार का आंतरिक भ्रष्टाचार परीक्षा की निष्ठा गहराई तक प्रभावित करता है। कुछ राज्यों ने क्षेत्रीय व भाषाई भिन्नताओं के कारण अपने छात्रों को होने वाले नुकसान के कारण 'नीट' का विरोध किया है। इस विरोध के पीछे व्यापक राजनीतिक कारण हो सकते हैं जहां कुछ राजनीतिक हित चिकित्सा प्रवेश परीक्षाओं के केन्द्रीकरण के खिलाफ हैं। वास्तव में 'नीट' प्रक्रिया में विश्वास बहाल करने के लिए जांच तथा यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि भावी चिकित्सा छात्रों को न्यायोचित अवसर मिलें।

# भारत की सनातन परंपरा है योग

योग का भारत की सनातन परंपरा में अर्थ जोड़ है। इसका दूसरा अर्थ मन: समाधि अर्थात मानसिक स्थिरता प्राप्त करने से है। दूरगामी दृष्टि से देखने पर लगता है कि योग ब्रह्मांड से स्वयं का सामंजस्य स्थापित करने के संबंध में है।



डा. विकास नौटियाल
(लेखक, इतिहास के प्रोफेसर हैं)



स्वामी रामदेव जैसे योग गुरुओं एवं सरकार के प्रयासों से योग भारत ही नहीं वैश्विक स्तर पर असाधारण रूप से लोकप्रिय हो रहा है। योग का भारत की सनातन परंपरा में सामान्य अर्थ जोड़ से है तथा दूसरा अर्थ मन: समाधि अर्थात मानसिक स्थिरता प्राप्त करने से है। दूरगामी दृष्टि से देखने पर लगता है कि योग ब्रह्मांड से स्वयं का सामंजस्य स्थापित करने के संबंध में है। भारतीय चिंतन पद्धति में योग का जनक पतंजलि को माना जाता है किंतु योग एक सनातन प्रक्रिया रही है। पतंजलि से पूर्व भी भारतीय इतिहास एवं संस्कृति में योग का उल्लेख आता है। भारतीय चिंतन के प्राचीनतम छोर पर सांख्य दर्शन के जनक कपिल मुनि का नाम एक सिद्धयोगी के रूप में मिलता है। श्रीमद्भगवत गीता के रचयिता ने भी योगेश्वर श्रीकृष्ण के मुख से यही कहलवाया है कि सिद्धों में मैं कपिल मुनि हूं, मानो कपिल के समान कभी किसी और को योग सिद्ध हुआ ही न हो किंतु कपिल की ऐतिहासिकता को लेकर मतातंर रहे हैं।

योग का ऐतिहासिक प्रारंभ आज से 5000 वर्ष पूर्व भारतीय उपमहाद्वीप की सिंधु-सरस्वती सभ्यता की आदि योगी (प्रोटो शिव) की मुहर में देखा जाना अधिक उपयुक्त लगता है। पशुपति शिव कही जाने वाली इस मुहर में एक योगी भद्रासन की शांभवी मुद्रा में विराजमान है। मोहनजोदड़ो से प्राप्त शांभवी मुद्रा के योगी की इस मुहर को सर्वप्रथम पुरातत्वविद जॉन मार्शल द्वारा शिव से जोड़ते हुए इस सील को प्रोटो शिव कहा गया।

वर्तमान में अनेक विद्वान इस योगी की मुहर में जो कुछ भी अंकन हुआ है, उसे ऋग्वेद के रुद्र (शिव) से संबंधित मंत्रों से भी जोड़ने का प्रयास करते हैं। इन विद्वानों के अनुसार ऋग्वेद के रुद्र संबंधी कुछ मंत्रों में उन्हीं पशुओं-हाथी, बाघ, गंडा, भैंसा, हिरण का उल्लेख हुआ है जो सिंधु सभ्यता में पशुपति की मुहर में अंकित हैं। पुरातात्विक साक्ष्यों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि इस सभ्यता के लोग मोटे तौर पर शांतिप्रिय थे। जिसका कारण संभवत यौगिक प्रवृत्तियों की भूमिका रही होगी। भारतीय उपमहाद्वीप की इस सभ्यता में योग की इन गहन स्थितियों को देखकर यह अनुमान लगाया जा सकता है कि योग इस सभ्यता की समयावधि (2500 ईसा पूर्व) से पहले भी भारतीय सभ्यता में विद्यमान रहा होगा।

वैदिक कालीन संस्कृति की ऐतिहासिकता अनेक इतिहासकारों द्वारा 1500 ईसा पूर्व से बताई जाती है किंतु श्रुति परंपरा को अगर गहराई से देखा जाए तो वैदिक संस्कृति इससे कई सौ वर्ष पूर्व की रही होगी। ऋग्वेद का ऋषि प्रकृति से सीधे संवाद करता हुआ दिखाई देता है। यहां मन की एकाग्रता के द्वारा प्रकृति के साथ योग करने का प्रयास किया गया है। ऋग्वेद की सबसे अधिक चर्चित ऋचा गायत्री मंत्र है एवं इस मंत्र में धीमहि शब्दावली का प्रयोग है जिसका अर्थ है ध्यान करें। इस मंत्र में सूर्य के सावित्र रूप (सविता) का ध्यान करने का वर्णन आया है न कि सावित्री की पूजा करने, प्रार्थना करने, नमस्कार करने का उल्लेख आया है। यहां सविता से तात्पर्य सूर्य के साथ साथ सृजनात्मकता से भी है। वस्तुत: योग का सर्वाधिक महत्वपूर्ण प्रयोजन व्यक्ति की चेतना को जागृत कर उसे नवीन के सजन करने योग्य बनाया जा सकना है।

> योग का ऐतिहासिक प्रारंभ आज से पांच हजार वर्ष पूर्व भारतीय उप-महाद्वीप की सिंधु-सरस्वती सभ्यता की आदियोगी, यानी भगवान शंकर की मुहर में देखा जाना अधिक उपयुक्त लगता है। पशुपति शिव कही जाने वाली इस मुहर में भगवान शंकर भद्रासन की शांभवी योग मुद्रा में विराजमान हैं।

बौद्ध एवं जैन आंदोलनों में भी यौगिक क्रियाओं का विस्तार देखा जा सकता है। गौतम बुद्ध का संपर्क अरण्य संस्कृति के दो योगियों आलार कालाम एवं उद्दक रामपुत्र से हुआ किंतु अपने खोज पूर्ण न हो पाने के कारण वे अंतिम सत्य को पाने के लिए पद्मासन में बैठकर साधना करने लगे। बुद्धत्व की प्राप्ति के उपरांत वे एक ही आसन में 7 दिन तक बैठे रहे एवं मुक्ति का आनंद लेते रहे। इस स्थिति को पतंजलि के योग में आनंदानुगतसमाधि कहा गया है। उनके द्वारा प्रारंभ की गई प्रत्याहार ,धारणा एवं ध्यान पर आधारित ध्यान की विधि विपश्यना वर्तमान में भी प्रचलन में है। संभवत महात्मा बुद्ध की विचारधारा भारतीय सनातन के इतिहास में अध्यात्म के मार्ग से विज्ञान तक की एक अद्वितीय यात्रा रही।

परवर्ती काल में योग एवं ध्यान की तकनीक पर आधारित बौद्ध धर्म की एक महत्वपूर्ण शाखा योगाचार का विकास हुआ। जैन पंथ के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव (आदिनाथ) का स्वयं एक सिद्धपुरुष होने का उल्लेख आता है। जैन धर्म के अनेक तीर्थंकरों के नाम के साथ इंद्रियों का स्वामी नाथ शब्दावली का प्रयोग हुआ है। यहां इनकी हठ योगियों के नाथ के साथ सीमित समानता भी दिखाई देती है।

भारतीय सनातन परंपरा में कहा गया है कि युद्ध जीतने से अधिक महत्वपूर्ण स्वयं को जीतना है। योगिक परंपरा की दृष्टि से जैन तीर्थंकरों द्वारा सुखासन के स्थान पर ताड़ासन, पर्वतासन, कायोत्सर्ग आसन का प्रयोग किया गया है। संभवत पतंजलि ने भी जैन धर्म में यम नियमों की पहचान कर उन्हें महाव्रत बताया।

ऐतिहासिक दृष्टि से यह स्पष्ट होता है कि पतंजलि की योग सूत्र पर भारत की बौद्ध एवं जैन जैसी श्रमण विचारधाराओं का भी प्रभाव रहा। कालांतर में व्यास द्वारा योगसूत्र पर एक भाष्य लिखा गया। आठवीं शताब्दी में कश्मीर के प्रत्यभिज्ञा दर्शन की परंपरा के अंतर्गत विज्ञान भैरव नामक एक शैव दर्शन का ग्रंथ लिखा गया। इस ग्रंथ में ध्यान लगाने के 112 उपायों का उल्लेख मिलता है। पूर्व मध्यकाल में भारतीय इतिहास में योगिनी संप्रदाय, गोरखनाथ एवं नाथ संप्रदाय, हठयोग का विकास होता हुआ दिखाई देता है। ब्रह्म संबंधी चिंतन एवं यू की परंपरा कबीर एवं अन्य निर्गुण संत में देखी जा सकती है।

इन्हीं परंपराओं ने कबीर को एक क्रांतिकारी सुधारक एवं युगावतार के रूप में विकसित किया। योग की इस परंपरा का प्रभाव सूफियों कश्मीर के कृषि संप्रदाय, चिश्ती एवं कादरी पर भी देखा जा सकता है। 17 वीं शताब्दी में घेरंड मुनि द्वारा योग विषय पर घेरंड संहिता लिखी गई एवं इस ग्रंथ में 84 आसनों का विस्तृत विवेचन मिलता है। इसके उपरांत योगी पायाहरि बाबा के शिष्य योगी जैत राम द्वारा 18 वीं शताब्दी में योगासनमाला नामक ग्रंथ में योग के आसनों का उल्लेख मिलता है। जिसमें 110 आसनों का रेखा चित्रों के साथ वर्णन मिलता है। भारतीय योग परंपरा का प्रभाव तिब्बत की संस्कृति में भी देखा जाता है।

तिब्बती लामाओं द्वारा ध्यान के माध्यम से शरीर पर नियंत्रण रखने के अद्भुत प्रमाण दिखाई देते। यहां के भिक्षु वर्षों तक ध्यान मुद्रा में रहा करते थे। 19वीं शताब्दी के प्रारंभ तक भारत में अंग्रेजी राज्य का राजनीतिक रूप से ही नहीं अपितु अन्य रूपों से भी प्रभुत्व स्थापित हो चुका था। पश्चिम साम्राज्यवाद की चुनौतियों के प्रत्युत्तर में स्वामी रामकृष्ण एवं अन्य सिद्धों द्वारा अपनी साधना का विकास किया गया।

उन्हीं के परमशिष्य स्वामी विवेकानंद द्वारा वेदांत के चिंतन के आधार पर भक्ति योग कर्म योग राजयोग का पहली बार आधुनिक काल में वैज्ञानिक विवेचन किया गया। आज भारत के प्रयासों से योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त हो चुकी है वर्तमान समय में उम्मीद की जाती है कि योग के माध्यम से वैश्विक रूप से मानव जीवन को आने वाले समय में अधिक शांत एवं समृद्ध बनाया जा सकेगा।

# मोदी सरकार की विदेश नीति

> भू-राजनीतिक तनावों के बीच मोदी की जी 7 में सहभागिता लोकतांत्रिक सिद्धान्तों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता प्रकट करती है।

कुमार चेलप्पन
(लेखक, द पायनियर के विशेष संवाददाता हैं)



भू-राजनीतिक तनावों के बीच मोदी की जी 7 में सहभागिता लोकतांत्रिक सिद्धान्तों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता प्रकट करती है। इससे विश्व मंच पर उसकी स्थिति भी स्पष्ट होती है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में प्रधानमंत्री पद प्राप्त करने के एक सप्ताह के भीतर प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। उन्होंने इस सप्ताह इटली में राष्ट्रों के शक्तिशाली समूह जी 7 के नेताओं से मुलाकात की। उन्होंने सम्मेलन में पधारे अफ्रीकी व अरब देशों के अनेक नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें कर मुख्यत: अमेरिकन व यूरोपीय नेताओं को स्पष्ट संदेश दिया।

तीसरी बार उल्लेखनीय रूप से पद प्राप्त करने के बाद यह प्रधानमंत्री मोदी की पहली विदेश यात्रा थी। लगभग दो महीने चले चुनाव में अत्यधिक भयानक गर्मी के बीच लगभग 670 मिलियन मतदाताओं ने कतारों में प्रतीक्षा की ताकि वे सबसे बड़े लोकतंत्र का नेता चुन सकें। हालांकि, महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करने के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी और उनकी पार्टी अपने दम पर बहुमत प्राप्त करने में विफल रही और वह अब नेतृत्व के लिए चुनाव-पूर्व गठबंधन वाले राजनेताओं के साथ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं। यह ऐसे समय महत्वपूर्ण है जब यूरोप के अनेक हिस्सों के साथ अमेरिका में लोकतांत्रिक उथलपुथल व्याप्त है।

अमेरिका में इस साल के अंत में चुनाव होंगे और वहां दोनों पक्षों की ओर से बहस तीखी होती जा रही है। इसी प्रकार यूरोपीय संसद के चुनावों में धुर-दक्षिणपंथी पार्टियां आगे आ रही हैं जिसका प्रभाव लंबे समय तक भू-राजनीति पर पड़ेगा। मोदी को इस तथ्य से संतोष है कि उनको पश्चिमी देशों के समक्ष भारतीय लोकतंत्र की स्थिति स्पष्ट




करने के लिए सावधानी से चुने राजनयिक बयानों पर निर्भर नहीं होना पड़ रहा है। पिछले कुछ सालों में पश्चिमी देशों और अमेरिका में भारतीय लोकतंत्र के स्वास्थ्य के बारे में अनेक सवाल उठे थे जिनमें अल्पसंख्यक अधिकारों, धार्मिक स्वतंत्रताओं तथा प्रेस की स्वतंत्रता, आदि शामिल थे।

भारतीय मतदाताओं द्वारा लगभग पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनाना इस बात का प्रमाण है कि पार्टी पर समुचित नियंत्रण एवं संतुलन लागू होंगे। इसमें सर्वोच्च पदों पर लोगों की नजर रहेगी तथा संसद में जीवन्त विपक्ष की उपस्थिति प्रधानमंत्री को स्पष्टवादिता के लिए प्रेरित करेगी। इस प्रकार अनेक देशों से संबंधों के मामले में प्रधानमंत्री और उनके राजनयिकों को 'स्वर्ण मानक' स्थापित करने होंगे। भारत का जीवन्त लोकतंत्र के रूप में बेदाग रिकार्ड है जहां जनसंख्या अत्यधिक विविधतापूर्ण है। भारत ऐसे परिवेश में है जहां अनेक गैर-लोकतांत्रिक व्यवस्थायें विद्यमान हैं। यह तथ्य भी नहीं भुलाया जाना चाहिए कि हम चीन के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। राज्य और राष्ट्र प्रमुख के रूप में लगभग तीन दशक का अनुभव रखने वाले प्रधानमंत्री मोदी के लिए राजनय नई बात नहीं है। आम चुनाव के पहले अनेक साक्षात्कारों में उन्होंने भारत की 'वैश्विक छवि' बनाने के बारे में अपने विचार स्पष्ट किए हैं। जी 20 में भारत शानदार परोक्ष राजनयिक वार्ताओं के फलस्वरूप एक संयुक्त बयान जारी करने में सफल हुआ था। इसके साथ ही अनेक उच्चस्तरीय विदेश यात्राओं, नागरिकों व पड़ोसियों के लिए अनेक बचाव अभियानों, कोविड के दौरान आपातकालीन औषधियों की सप्लाई, आदि प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा वैश्विक प्रबंधन में सम्मान का कारण बने हैं। प्रधानमंत्री के तीसरे कार्यकाल में जी 7 नेताओं के साथ उनकी बैठकें निरंतरता का पर्याय हैं। इसके साथ ही उन्होंने वर्तमान तथा संभावित नए सहयोगियों के साथ नए संबंधों के रोडमैप तैयार किए हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इटली यात्रा ऐसे समय हुई है जब यूक्रेन युद्ध लगातार जारी है तथा अनेक बाधाओं के बावजूद आक्रमणकारी रूस के खिलाफ एक संयुक्त यूरोपीय दृष्टिकोण उभर कर सामने आ रहा है। इनमें से अनेक की इज़राइल के 'आतंक के खिलाफ युद्ध' पर भी समान चिन्तायें हैं जो कई महीनों से जारी है। उल्लेखनीय है कि इज़राइल और रूस भारत के निकट सहयोगी हैं, ऐसे में भारत को इन परिवर्तनशील स्थितियों के बारे में टिप्पणी करने में अत्यधिक सतर्कता बरतनी होती है। अब तक वह ऐसा करने में सफल रहा है। अतीत के संबंधों की गतिशीलता पर गहरे संबंध बनाने के साथ अमेरिका जैसे नए सहयोगियों के साथ संवेदनशील राजनय का परिचय देना होगा।

कोई आश्चर्य नहीं कि इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी ने परिपक्व राजनयिक व विदेश मंत्री एस. जयशंकर को दूसरे कार्यकाल के लिए चुना है। अपने पिछले कार्यकाल में विकसित विदेश नीति में निरंतरता बनाए रखने पर प्रधानमंत्री का विशेष ध्यान है। उभरती भू-राजनीतिक स्थितियों में भारत की भूमिका का लगातार परीक्षण आने वाले दिनों में भी होता रहेगा।

## आप की बात

### रक्तदान का महत्व

**दुनिया** भर के वैज्ञानिक ऐसे यूनिवर्सल डोनर ब्लड की तलाश में हैं जो किसी भी ब्लड ग्रुप वाले व्यक्ति को दिया जा सके। वैसे तो ओ ब्लड ग्रुप वाले यूनिवर्सल डोनर माने जाते हैं लेकिन उनकी संख्या बहुत कम है। नेचर माइक्रो बायॉलजी में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार शोधकर्ताओं ने इस समस्या के समाधान में सहायक तरीका खोजा है। यह चिकित्सा के इतिहास में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। हमारे देश में ब्लड डोनेशन को लेकर बहुत उदासीनता और पूर्वाग्रह व्याप्त हैं। इसे देखते हुए अब ब्लड लेने वाले व्यक्ति के परिजनों को उतने यूनिट ब्लड का डोनेशन करना जरूरी कर दिया गया है। फिर भी मानव जीवन बचाने के लिए जरूरी खून की पूर्ति नहीं हो पाती है। इसमें सबसे बड़ी बाधा ब्लड ग्रुप का न मिलना होता है। इस नई खोज से एआई के सहयोग से समस्या का सटीक समाधान निकाला जा सकता है। इससे युद्ध व प्राकृतिक आपदा जैसे हालातो में ब्लड की कमी को काफी सीमा तक फौरन दूर किया जा सकेगा। देश में युवा वर्ग को अधिक से अधिक ब्लड डोनेशन के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। ब्लड डोनेशन से शरीर में किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती और कुछ हफ्तों में ही डोनेट की गई मात्रा के बराबर नया रक्त बन जाता है। इसका पर्याप्त प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए।

**-सुभाष बुडावन वाला**, रतलाम

### निरर्थक कयासबाजी

**लोकसभा** चुनाव में कम सीटें मिलने पर भाजपा और आरएसएस के संबंधों में दूरियां बढ़ने के कयास लगाए जा रहे हैं। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कुछ मुद्दे उठाए थे जिनको भी भाजपा और आरएसएस के बीच दूरी का प्रमाण बताया गया। इस दुष्प्रचार के बाद आरएसएस की और से स्पष्ट रूप से कहा गया कि बीजेपी और आरएसएस के बीच कोई मतभेद नहीं है। लेकिन इस बयान को अनदेखा कर ऐसे मुद्दों को उछाला जा रहा है जिससे दोनों के बीच दूरी का भाव प्रकट हो। जनसंघ के जमाने से ही आरएसएस और जनसंघ को एक ही सिक्के के दो पहलू माना जाता था और आज भी इस स्थिति में कोई अंतर नहीं आया है। उस समय भी स्पष्ट था कि राजनीति में आए बिना देश के बहुसंख्य हिंदुओं के हित साधना असंभव है। आज अपने गठन के समय 2 सांसदों से बढ़ कर बीजेपी विकसित होकर वटवृक्ष बन गई है। मोदी सरकार को कमजोर करने के लिए यह दुष्प्रचार किया जा रहा है। आरएसएस के अनेक आनुषांगिक संगठन हैं और वे अपने-अपने क्षेत्र में काम करते रहते हैं। उनके मतों में पूर्ण एकरूपता के बजाय भिन्नता पाई जाती है और इनके बीच समन्वय आरएसएस की विशेषता है।

**- विभूति बुपक्या**, खाचरोद

### राष्ट्रीय सहमति

**आज** जब राजनीतिक दलों के बीच टकराव चरम पर है, राष्ट्रीय हितों पर सहमति बनाना अत्यंत आवश्यक हो गया है। सुरक्षा और आर्थिक विकास किसी भी देश की नींव होते हैं और इन मुद्दों पर राजनीति से ऊपर उठकर सोचना चाहिए। इसके लिए एक राष्ट्रीय नीति आयोग का गठन किया जाना चाहिए जिसमें सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, विशेषज्ञ और वरिष्ठ पत्रकार शामिल हों। यह आयोग नियमित अंतराल पर मिलकर राष्ट्रीय हितों से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श कर सर्वसम्मति से निर्णय ले। इससे न केवल त्वरित और प्रभावी नीति निर्माण संभव होगा, बल्कि देश की एकता और अखंडता भी बनी रहेगी। मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमें अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए निष्पक्ष और तथ्यात्मक रिपोर्टिंग करनी चाहिए। सनसनीखेज समाचारों से बचते हुए राष्ट्रीय हितों पर ध्यान केंद्रित करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। शिक्षा प्रणाली में बदलाव की आवश्यकता है। हमें बच्चों को शुरू से ही राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता की महत्ता समझानी चाहिए। यदि हम सभी मिलकर एकजुट होकर काम करें तो निस्संदेह हमारा देश प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू सकता है। महत्वपूर्ण मुद्दों पर राष्ट्रीय सहमति का विकास जरूरी है।

**- अवनीश गुप्ता**, आजमगढ़

### परीक्षाओं पर सवाल

**आजकल** अनेक परीक्षाओं पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। कभी इस प्रदेश में पेपर लीक की घटना तो कभी उस प्रदेश में, कभी परीक्षार्थी सड़क पर उतर रहे हैं तो कभी वे कोर्ट की सीढ़ी नाप रहे हैं, कभी नेट की परीक्षा के पेपर लीक हो रहे हैं तो कभी नीट के और कभी अन्य परीक्षाओं के। कभी परीक्षाएं रद्द हो रही हैं तो कभी सीबीआई जांच के आदेश आ रहे हैं। आखिर अभ्यर्थियों और परीक्षार्थियों के साथ ऐसा मजाक क्यों चल रहा है? कितनी मेहनत, समय और धन खर्च करके हजारों-लाखों विद्यार्थी अनेक स्पर पर प्रतियोगी परीक्षाएं देते हैं। उनमें जो पास हो जाते हैं वे उम्मीद लगा लेते हैं अपने अगले कॅरियर की और पता लगता है कि पेपर लीक होने के कारण सब कुछ रद्द हो गया। ऐसे में क्या गुजरती होगी उन पर और उनके पेरेंट्स पर। सरकार सख्त कदम उठाये ताकि विद्यार्थियों और अभ्यर्थियों का भविष्य बनते-बनते रुकने न पाए और न ही परीक्षाएं सरकार की क्षमता व निष्ठा पर सवाल उठाने का कारण बनें। भारत अनेक क्षेत्रों में दुनिया में अग्रणी है, फिर वह ठीक से परीक्षायें कराने में बार-बार विफल क्यों होता है?

**-शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# अंतर्राष्ट्रीय दशम् योग दिवस पर योगमय रहा संपूर्ण बालोद जिला

## सांसद भोजराज नाग, कलेक्टर, एसपी तथा जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों सहित सभी वर्गों के लोगो ने किया सामूहिक योगाभ्यास

पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com







अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दशम् वर्ष के अवसर पर शुक्रवार 21 जून को संपूर्ण बालोद जिला योगमय रहा। जिला मुख्यालय बालोद के अलावा जिले के सभी विकासखण्ड मुख्यालयों, नगरीय निकाय तथा शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्यालयों, ग्राम पंचायतों सहित जिले के अमृत सरोवर, आदि के अलावा आम लोगों ने अपने-अपने घरों में भी योगाभ्यास किया। जिला मुख्यालय बालोद के गंजपारा स्थित इन्डोर स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय दसवें योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग, गणमान्य नागरिक पवन साहू एवं चिमन देशमुख सहित कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, सीईओ जिला पंचायत डॉ. संजय कन्नौजे, डीएफओ बीएस सरोटे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक जोशी, एसडीएम शीतल बंसल, डिप्टी कलेक्टर प्रतिमा ठाकरे झा, तरुणा साहू एवं प्राची ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारियों के अलावा गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारियों, स्कूली विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया।

### सांसद ने योग को अपनाने की अपील की

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग एवं अतिथियों के द्वारा मॉ सरस्वती के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना से किया गया। कार्य म को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग ने बालोद जिले वासियों को दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामना दी। भोजराज़ नाग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा योग को अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिला कर भारत को विश्व गुरू के रूप में स्थापित करने की पहली कड़ी को पूरा किया है। उन्होने योग के महत्व के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि योग का अर्थ 'जोड़ना' होता है। हमारे ऋषि-मुनियों ने योग के माध्यम से मनुष्य के आंतरिक शक्ति यों को जागृत कर, तन-मन को स्वस्थ रखने का अद्वितीय उपाय सुनिश्चित किया है। भोजराज़ नाग ने आमजनता से स्वस्थ व निरोग रहने के लिए अपने जीवन में योग को अपनाने की अपील भी की।

### योग गुरु को प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया सम्मानित

इस अवसर पर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिलेवासियों को दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि योग अब केवल देश तक ही सीमित नहीं है अपितु पूरे विश्व में इसकी ख्याति फैल चुकी है। इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि हमारे शारीरिक एवं मानसिक विकास तथा व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए योग अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर सांसद एवं अतिथियों के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के जिला स्तरीय आयोजन में लगातार पिछले 10 वर्षों से योगाभ्यास कराने के लिए योग गुरू पुरूषोत्तम सिंह राजपूत एवं उनकी सुपुत्री टेमिन राजपूत को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

### योगाभ्यास की शुरूआत ओंकार मंत्र के उच्चारण के साथ किया

इस अवसर पर योगाचार्य पुरूषोत्तम सिंह राजपूत एवं अन्य योगाचार्यो के द्वारा उपस्थित लोगो को सामूहिक योगाभ्यास कराते हुए प्रत्येक आसनों के महत्व एवं उपयोगिता के संबंध में जानकारी दी। योगाभ्यास की शुरूआत पवित्र ओंकार मंत्र के उच्चारण के साथ किया गया। इसके पश्चात् सूक्ष्म व्यायाम, ग्रीवा चालन, हस्त चालन, स्कंध संचालन के पश्चात् ताड़ासन, वृक्षासन, शिथलीकरणआसन, उस्त्रासन, अध्रच ासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, शशांकासन, उत्तानमंडूकासन, भुजंगासन, मरिच्चयासन, मकरासन, शलभासन, सेतुबंधासन, उत्तानपादासन, शवासन के साथ-साथ प्राणायाम के अंतर्गत अनुलोम-विलोम, कपाल भांती, भ्रामरी प्राणायाम कराया गया।

# जिला न्यायालय परिसर में मनाया गया योग दिवस

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला न्यायालय प्रांगण में प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा, बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन में अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा योग दिवस के अवसर पर उपस्थित न्यायाधीशगण एवं कर्मचारीगण को यह संदेश दिया गया कि योग, मन और तन को सेहतमंद रखने में पूरी तरह सहायक होता है, योग हमारी शारीरिक और आंतरिक रूप से दृढ़ करता है, खामिया दूर करने का रास्ता तलाशता है। योग का मतलब है जोड़ना, खुद में ऊर्जा को समाहित करना, शरीर मन और आत्मा को खूबसूरत बनाना। यदि शरीर व मन स्वस्थ नहीं है, तो मनुष्य को किसी भी लक्ष्य तक पहुंचाना असंभव है। योग वह प्रकाश है जो एक बार जला दिया जाये तो कभी कम नहीं होता। जितना अच्छा आप प्रयास करेंगे लौ उतना ही उज्जवल होगी, योग आराम और शांत महसूस करने का एक अच्छा तरीका है। इस अवसर पर आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में योग टीचर चन्द्रशेखर साहू द्वारा योग प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण, न्यायिक कर्मचारीगण में उपस्थित हुए। साथ ही योग दिवस के अवसर पर जिला उप जेल बेमेतरा में गुलापन राम यादव व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी एवं मोम्मद जहाँगीर तिगाला व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी योग कर जेल बंदियों को योग के लाभ एवं महत्व के बारे में बताया गया। उक्त अवसर पर वृद्धाश्रम बेमेतरा में निधि शर्मा सचिव / व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा एवं अनिता कोशिमा रावटे व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी द्वारा विभिन्न प्रकार के योग कर योग के लाभ एवं महत्व की जानकारी वृद्धाश्रम में उपस्थित लोगों को बताया गया।

# दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस नगर पालिका के प्रांगण में संपन्न हुआ



पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन शिबू नायर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी आर के साहू के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इसी तारतम्य में कार्यालय प्रांगण में उपमुख्यमंत्री एवं भारसाधक मंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास अरुण साव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण एवं श्रवण प्रोजेक्टर के माध्यम से किया गया । इस अवसर पर योग प्रशिक्षक कपिशचंद पांडेय व्याख्याता स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय नया बाजार द्वारा सामान्य योगाभ्यास में सबसे पहले मंगलाचरण उसके बाद खड़े होकर किए जाने वाले योगाभ्यास ताड़ासन वृक्षासन स्कंध संचालन अर्ध चक्रासन आदि आसनों के लाभ पर चर्चा एवं अभ्यास किया गया। इसी तरह बैठकर किए जाने वाले आसनों में भद्रासन,वज्रासन, अर्ध उस्ट्रासन का अभ्यास एवं सावधानियों पर चर्चा हुई। प्राणायाम, कपालभाति, शीतली भ्रामरी, नाड़ी शोधन के साथ ध्यान एवं संकल्प योग कराया गया। इस आयोजन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अध्यक्ष शिबू नायर ने कहा कि स्वास्थ्य के लिए उत्तम साधन योग को बताया एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी आर के साहू ने शारीरिक एवं मानसिक सेहत के लिए योग बेहद फायदेमंद है यह शरीर को न केवल रोग मुक्त रखता है,बल्कि मन को शांत करने में मदद करता है। योग दिवस के अवसर पर पार्षद रुखसाना बेगम, रोशन पटेल,स्वप्निल तिवारी, चंद्रप्रकाश, स्वास्थ्य अधिकारी रामगोपाल चंद्राकर,अभियंता योगानंद सोम, लेखापाल शिवाजी प्रसाद एवं नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी सहित सफाई दीदी उपस्थित रहे ।

# गोविन्द वाधवानी के नेतृत्व में कांकेर लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद भोजराम नाग का ऐतिहासिक स्वगात





पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

दल्लीराजहरा राजहरा व्यापारी ने 20 जून 2024 को राजहरा व्यापारी संघ के अध्यक्ष गोविन्द वाधवानी के नेतृत्व में शहर के ह्रदय स्थल गुप्ता चौक में कांकेर लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद भोजराम नाग का ऐतिहासिक स्वगात किया गया जिसमें राजहरा व्यापारी संघ के मंच में पर नवनिर्वाचित सांसद भोजराज नाग के साथ प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू , भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर , लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम, जिला महामंत्री राकेश यादव, व्यापारी संघ के संरक्षक झुमरमल छाजेड़ व व्यापारी संघ अध्यक्ष गोविंद वाधवानी मंचस्थ थे ।व्यापारी संघ के इस स्वागत कार्यक्रम में साहू समाज , सेन समाज , मुस्लिम समाज , सिन्धु समाज , कुर्मी समाज , मानिकपुर समाज एवं अन्य सामाज के प्रमुखों ने फूल माला पहना कर सांसद भोजराम का स्वगात किया गया, साथ ही राजहरा व्यापारी संघ द्वारा सांसद भोजराज नाग को लड्डू से तौला गया वहीं लड्डू को आम जनता को बांटा गया । व्यापारी संघ के इस स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुदेश सिंग, राजू कुकरेजा, राजेश दशोडे , सुरेश जायसवाल, शीतल नायक , गीता मरकाम,टी ज्योति,प्रमिला परकार, मंजीत कौर, रमेश जैन , विशाल मोटवानी, मनोज दुबे, मुस्ताक अहमद, विजयभान सिंह, जयदीप गुप्ता, स्वाधीन जैन, आशीष लालवानी ,हितेश कुमार, ललित जैन, मुकेश ख़ास व व्यापारी संघ से अशोक लोहिया, राघवेंद्र शर्मा, संदीप गोगड़, महावीर चोपड़ा, प्रेम जायसवाल, आलोक जैन ,अमित जायसवाल, क्रांति जैन, बादशाह लालवानी आदि सैकड़ो की संख्या में व्यापारी उपस्थित थे ।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगमय हुआ कुम्हारी नगर

पायनियर संवाददाता ‹ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में नगर के अनेक स्थानों पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस क्रम में छत्तीसगढ़ शासन की जन हितकारी योजना अंतर्गत शासन द्वारा जनहित में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष्मान आरोग्य मंदिर कुम्हारी के तत्वावधान में बाजार चौक स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में पाँच दिवसीय योगाभ्यास सम्पन्न किया गया । स्थानीय नागरिकों ने सतत सहभागी बनकर शासन की योजना का सपरिवार निःशुल्क लाभ उठाते हुए योग शिविर मे उपस्थित होकर एवं स्वास्थ्य संवर्धन कर योग दिवस के साक्षी बने । समापन के समय सभी को पौष्टिक जलपान के रूप में अंकुरित मूंग, चना और फल्ली दाना वितरित किया गया । पार्षद महेश सोनकर, अश्वनी धृतलहरे एवम प्राचार्या महोदया, प्रधान पाठक और समस्त विद्यालय परिवार के हाथों से बच्चों को उपहार वितरित किया गया । योग के प्रति समर्पित होने तथा लाभान्वित होने के लिए डॉ. रवि सिदार ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया साथ ही प्रोत्साहन स्वरूप युवाओं को उपहार वितरण किया गया । वहीं दूसरी ओर कार्यक्रम स्थल- डॉ भीमराव अंबेडकर सर्वसमाज मांगलिक भवन वार्ड 3 कुम्हारी में भी प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक योगा ट्रेनर- मोरध्वज साहू के मार्गदर्शन में आमजनों के साथ नगर पालिका परिषद कुम्हारी अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने योगाभ्यास कर सभी को योग करने के लिए प्रेरित किया । स्फूर्ति और स्वस्थ स्वास्थ्य के लिए योग की महत्ता को प्रतिपादित करते हुए कहा कि यह हमारे मन मस्तिष्क को शीतलता प्रदान करता है । साथ ही सभी नागरिकों को शुभकामनाएं प्रेषित किया । मुख्य कार्य पालन अधिकारी नेतराम कुर्रे नगरपालिका परिषद के कुशल मार्गदर्शन में तथा राजस्व निरीक्षक राकेश साहू के नेतृत्व में विश्व योग दिवस का भव्य सफल आयोजन किया गया । उल्लेखनीय बात यह रही कि लाइव प्रसारण के माध्यम से कोरबा से उप मुख्यमंत्री सह नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव का उद्बोधन शिविर में प्रसारित किया गया । ऐसे शुभ अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए वृक्षारोपण कार्य भी किया गया । निकाय के जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी, कर्मचारीगण, स्वच्छता दीदी, सफाई कामगार, वरिष्ठ नागरिक गण, युवा वर्ग और आम जनता उपस्थित ने उत्साह पूर्वक सम्मिलित होकर आयोजन को गरिमामय बनाने में अपना अमूल्य योगदान दिया । इसी प्रकार स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुम्हारी में विश्व योग दिवस का आयोजन विद्यालय प्रांगण में किया गया । व्याख्याता अमल कुमार दुबे एवं व्याख्याता मोती लाल साहू द्वारा सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को योग प्रशिक्षण दिया गया । योग कार्यक्रम में कुम्हारी के पतंजलि आश्रम की ओर से शंभू पांडे एवं नागो राव वाहने ने योग दिवस कार्यक्रम में अपना बहुमूल्य समय प्रदान करते हुए योग दिवस कार्यक्रम में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दिया । सूर्य नमस्कार, योग के विभिन्न आसनों को सिखाया गया । नियमित व्यायाम, योग एवं मेडिटेशन के माध्यम से हम सभी तनाव मुक्त एवं स्वस्थ रह सकते हैं और अपनी व्यस्त दिनचर्या में थोड़ा समय निकालकर सभी को योग एवं मेडिटेशन करने की सलाह दी गई । विद्यालय की प्राचार्या लता रघुकुमार ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को नियमित योग एवं मेडिटेशन करने की सलाह दी जिससे वह स्वस्थ रह सके । समस्त कार्यक्रम विद्यालय की प्राचार्या लता रघुकुमार के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ ।

# धान के समर्थन मूल्य में वृद्धि पर खाद्यमंत्री बघेल से मुलाकात कर डॉ सौरभ निर्वाणी ने जताया आभार

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



केंद्र सरकार ने खरीफ सीजन के लिए 14 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य को मंजूरी दी है,यह फैसला कैबिनेट की बैठक में लिया गया, सरकार का कहना है कि एमएसपी में बढ़ोतरी का उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाना और कृषि क्षेत्र को अधिक लाभदायक बनाना है, एमएसपी केंद्र सरकार की ओर से तय एक न्यूनतम मूल्य है, इस पर सरकार किसानों से उनकी उपज खरीदने की गारंटी देती है। केंद्रीय कैबिनेट के फैसलों पर केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जानकारी दी उन?होंने कहा, 'कैबिनेट में किसान कल्याण के लिए बहुत महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है, खरीफ फसल के लिए 14 फसलों पर कैबिनेट ने MSP को मंजूरी दी है,धान का नया MSP 2,300 रुपये किया गया है जो पिछली MSP से 117 रुपये अधिक है,छत्तीसगढ़ में धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ने से प्रदेश के किसानों को अब 3217 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा। अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के सयोंजक डॉ सौरभ निर्वाणी ने खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल से मुलाकात कर केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया , मंत्री बघेल ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में प्रदेश वासियों को फायदा भी डबल होगा,कृषि प्रधान राज्य में किसानों के बीच खुशी की लहर है,और मुख्यमंत्री साय की सरकार पैसे भी एक साथ देती है, अटका लटका के नही,पहले वाले अटकाए सरकार थे ये सायं साय सरकार है,यहाँ ताय फाय होता है काम,राज्य को भाजपा ने बनाया है,भाजपा ही संवारेगी,वहीं डॉ निर्वाणी ने कहा कि धान के समर्थन मूल्य में वृद्धि से न सिर्फ किसानों बल्कि बाजार और व्यापारियों में भी उत्साह है।

## बच्चीदेवी मिश्रा का निधन



**दल्लीराजहरा।** स्थानीय ब्राह्मण समाज के संस्थापक सदस्य व नगर के सिविल कान्ट्रेक्टर दुखन मिश्रा की धर्मप ी बच्चीदेवी मिश्रा (67 वर्षीया) का 20 जून 2024 को गांधीधाम (गुजरात) में देहावसान हो गया। वे कुछ दिनों से काफी अस्वस्थ चल रहीं थी। वे अपने पीछे एक पुत्र अश्विन मिश्रा व दो पुत्रियों अनुपमा एवं उपमा का भरापूरा परिवार छोड़ गई। उनके देहावसान की खबर से ब्राह्मण समाज सहित मिश्रा परिवार के परिचितों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी है।

# नवनिर्मित वेट लेफ्टिंग खेलों इण्डिया मिनी सेंटर का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



सांसद भोजराज नाग के द्वारा 20 जून को बीएसपी स्कूल क्रमांक 02 दल्लीराजहरा में नवनिर्मित वेट लेफ्टिंग खेलों इण्डिया मिनी सेंटर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर, पवन साहू, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे विशेष रूप से उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि जिले के लौह नगरी दल्लीराजहरा में वेट लेफ्टिंग खेल को बढ़ावा देने हेतु खेल विभाग के द्वारा जिला प्रशासन के विशेष प्रयासों से वेट लेफ्टिंग खेलों इण्डिया मिनी सेंटर का निर्माण किया गया है। दल्लीराजहरा के बीएसपी स्कूल क्रमांक 02 में वेट लेफ्टिंग खेलों इण्डिया मिनी सेंटर का शुभारंभ होना खेल प्रेमियों के लिए एक बड़ी सौगात है। इस अवसर पर सांसद नाग ने वेट लेफ्टिंग खेलों इण्डिया मिनी सेंटर का शुभारंभ कर नगर व जिले के खेल प्रेमियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान अतिथियों ने इस नवनिर्मित वेट लेफ्टिंग सेंटर का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा सामूहिक रूप से वेट लेफ्टिंग सेट को उठाकर खेल का अभ्यास भी किया गया। इसके अलावा मौके पर उपस्थित वेट लेफ्टिंग खिलाड़ियों के द्वारा अतिथियों के समक्ष खेल का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सांसद नाग ने मौके पर उपस्थित वेट लेफ्टिंग खिलाड़ियों से बातचीत कर उनका हाल-चाल जाना। इस मौके पर एसडीएम रामकुमार सोनकर, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी सुप्राची ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर तरूणा साहू, उप संचालक पंचायत आकाश सोनी, बीएसपी के महाप्रबंधक श्रीकांत, कार्मिक अधिकारी डॉ. जेएल बघेल सहित अन्य अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के अलावा वेट लेफ्टिंग खिलाड़ी एवं खेल ऐसोसिएशन के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# जीवन की परेशानी तनाव को योग से किया जा सकता है दूर : दीपेश

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com





लोगों के जीवन के परेशानी एवं तनाव लगातार बढ़ रही है जिसको योग के माध्यम से ही दूर किया जा सकता है उक्त कथन बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने बेमेतरा में स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के के द्वारा योग दिवस के अवसर पर पत्रकारों का सम्मान समारोह में विचार व्यक्त कर रहे थे विधायक दीपेश साहू ने कहा

ब्रह्माकुमारी संस्थान में हर दिन विशेष मनाया जाता है उन्होंने यह भी कहा कि कई लोग यहां बैठे हैं लेकिन उनकी स्थिति स्थिर नहीं है लगातार जीवन में परेशानी एवं तनाव बढ रहा है जो लोग लक्ष्य को पाए जाते हैं क्या उन्हें शांति मिल जाती है या प्रश्न करते हुए उन्होंने कहा कि खुद विचार करें कि अपने जीवन में खुश है कि नहीं और नहीं है तो उसका कारण क्या है मन में शांति नहीं है उसको शांत कैसे किया जा सकता है इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि योग को नहीं कर रहे हैं इसलिए खुश और शांत होने के लिए आदमी को योग करना चाहिए विधायक ने कहा कि स्वास्थ्य से बड़ा कोई धन नहीं है हम सभी को इसीलिए योगाभ्यास करना चाहिए तभी अच्छा कार्य कर पाएंगे उन्होंने बताया कि योग करते हैं शांत रहता है शांत हूं लेकिन कमजोर नहीं हूं आगे विधायक ने कहा इस संस्था से बहुत पुराना जुड़ाव है शांति होने की शक्ति योग के माध्यम से मिलता है ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के द्वारा विभिन्न प्रकार के जानकारी एवं विभिन्न प्रकार के लोगों के बीच में जन जागृति संचालित करने के लिए कार्य किया जा रहा है इसके अतिरिक्त यहां के संस्था वाले जेल में भी जाकर वहां के लोगों को जागृति जागरूक जा रहा है भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 177 देश के सामने योग के महत्व के बारे में अपनी बात रखी उसके बाद फिर सभी देशों ने योग को मनाना प्रारंभ किया जिसके कारण हर वर्ष 21 जून को योग दिवस विश्व स्तर पर मनाया जाता है उन्होंने पर्यावरण के बारे में भी अपनी विचार रखते हुए कहा कि बेमेतरा जिला में बहुत दुखद स्थिति है कि यहां एक परसेंट भी वन नहीं है इसलिए सबको वृक्षारोपण करना चाहिए। मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना ने कहा जिस धर्म के मानव जीवन की सभ्यता संस्कृति पर बाहरी आक्रमण कारियो ने लगातार हमला कर नष्ट करने का प्रयास किया परंतु यहां की सभ्यता संस्कृति इतिहास इतना महत्वपूर्ण एवं गहरा है कि वह आज भी जिंदा है नासा के वैज्ञानिक ने भारत के सभ्यता संस्कृति का मजाक उड़ाते थे किंतु बाद में जब रिसर्च किया तो सब सामने आया है और अब सब इसको मान रहे हैं सब का अंतिम लक्ष्य शांति प्राप्त करना है जिसके लिए आज भी आधुनिक युग में आध्यात्मिकता कूट-कूट कर भरा जाना चाहिए उन्होंने कहा है इस कार्य के लिए ब्रह्म कुमारी संस्थान के हमारे जितने भी शशि जैसे दीदी हैं जो सांसारिक जीवन में रहते हुए भी इतना दुर्लभ कार्य में लगे हुए हैं वास्तव निरोगी रहना है तो योग के अलावा और कोई उपाय नहीं है बाफना ने कहा कि जब तक शरीर सुखी नहीं है तो पैसा धन सब बेकार है विश्व में भारत के न्यायपालिका व्यवस्थापिका एवं विधायकों के साथ मीडिया का जो महत्व है वह गौरांवित करता है उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान के द्वारा लगातार संस्कृति संस्कारित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है जिसकी प्रशंसा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भी किया है। ब्रह्माकुमारी संस्थान के संचालिका शशि दीदी ने कहा कि मन चंगा तो कठौती में गंगा यदि शरीर को स्वस्थ बनाना है तो पानी भोजन के साथ आराम की जरूरत पड़ती है इस तरह मन की भोजन के लिए आध्यात्मिक ज्ञान जरूरी है जिसका प्रभाव शरीर के साथ परिवार एवं समाज पर भी होता है नकारात्मक व्यक्ति आगे नहीं बढ़ सकता जैसे पढ़ते हैं वैसे ही बात करते हैं और वैसे हम होते हमारा कर्म होते हैं इसलिए पॉजिटिव संकल्प लेना चाहिए मीडिया वालों के लिए यह बहुत जरूरी है सकारात्मक सब की जरूरत है जब वहां बिना चालक की वाहन नहीं चल सकता तो शरीर में जब तक के सकारात्मक विचार नहीं रहेगा शरीर को हम आगे स्वस्थ कैसे रख सकते हैं शशि दीदी ने आगे कहा कि जैसा माहौल में अभी जी रहे हैं यहां जो सोचते हैं वही हम बन जाते हैं इसीलिए मन को सकारात्मक सोच देने की जरूरत है जो जीवन भर करम किया और संस्कार दिए जाते हैं उसी को आत्मा ले जाता है खाली हाथ भले आते हैं लेकिन जो कर्म है और जो संस्कार है उसे ही लोग याद करते हैं सोच अच्छा होना चाहिए तो बोल अच्छा होगा और व्यवहार अच्छा होगा तो लोग भी हमेशा याद करते हैं। इसके पहले योग दिवस के एक दिन पहले पत्रकारों का सम्मान समारोह कार्यक्रम की शुरुआत में बालिकाओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया इसके साथ ही पर्यावरण की रक्षा के लिए बहुत सुंदर प्रेरणादायक शिक्षा पद पद एवं मनन योग्य नाटक का मंचन किया गया जिसे जिसमें खुश होकर संसदीय सचिव मुख्य अतिथि लाभचंद बाफना ने नाटक में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया इसके पहले कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित करके किया गया वहीं राज्य स्तर योग प्रभारी ममता साहू के द्वारा संक्षिप्त में योग के बारे में जानकारी देते हुए कुछ योग भी कराए गए जबकि गंगा अग्रवाल के द्वारा द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किया गया इसके बाद पत्रकारों का सम्मान हुआ ।

# दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बहतराई इंडोर स्टेडियम में किया गया सामूहिक योगाभ्यास

## योग से जीवन में आती है सकारात्मक ऊर्जा : तोखन साहू

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बहतराई स्टेडियम में पूरे उत्साह के साथ योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू ने विभिन्न मुद्राओं में योगाभ्यास किया। स्वयं और समाज के लिए योग थीम पर दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय इस योगाभ्यास कार्यक्रम में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला,जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सिंह चौहान, पूर्व सांसद लखन लाल साहू, रामदेव कुमावत, संभागायुक्त डॉ. संजय अलंग ने भी योगाभ्यास किया। हजारों की संख्या में बच्चों एवं नागरिकों ने योगाभ्यास एवं प्राणायाम किया। इस अवसर पर ब्रम्हाकुमारी दीदी मंजू सहित अन्य योग प्रशिक्षकों, योगाचार्यों के मागदर्शन में प्रतिभागियों द्वारा योगाभ्यास, ताड़ासन, वक्रासन, प्राणायाम जैसे अनुलोम विलोम, कपालभाति, भुजंगासन, भ्रामरी जैसे आसानों का अभ्यास एवं ध्यान किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय शहरी विकास राज्य मंत्री






तोखन साहू ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नियमित रूप से योग करने पर शरीर में सकरात्मक ऊर्जा का संचार होता है। जीवन को सही दिशा देने के लिए योग, ज्ञान एवं ध्यान आवश्यक है। इसके माध्यम से जीवन को संतुलित किया जा सकता है। योगासान हमारी शरीर की रोग प्रतिरोधात्मक क्षमता को बढ़ाते है और बीमारियों को दूर करते है। अपने व्यस्त दिनचर्या से समय निकालकर हमें अवश्य योग करना चाहिए। योग से न केवल शरीर अपितु मन भी स्वस्थ रहता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को विश्व पटल पर एक नया रूप दिया। आज पूरा विश्व योग कर रहा है।

इस अवसर पर विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि योग करें और निरोग रहें। इससे तन और मन दोनों स्वस्थ रहता है। पूरा विश्व योग अपना रहा है और उसे अपने जीवन में निरंतर अपनाने की आवश्यकता है। इस अवसर नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ आर पी चौहान, एडीएम आरए कुरूवंशी, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी, विभिन्न योग संस्थाओं के प्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद थे। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न स्थानों में भी योगाभ्यास किया गया। जिले के सभी विकासखण्डों, नगरीय निकायों में सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया गया।

# योग दिवस पर दपूमरे में शिविर का आयोजन, महाप्रबंधक सहित अधिकारियों, कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास





पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून, 2024 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के विभिन्न स्थानों में योग शिविर व योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रातः 06.30 बजे से न्यू रेल क्लब ऑडिटोरियम तितली चौक में आयोजित योग शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाप्रबंधक नीनु इटियेरा ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात योग शिक्षक एल पी नायक के मार्गदर्शन में महाप्रबंधक नीनु इटियेरा, अपर महाप्रबंधक, सभी विभागाध्यक्ष, मंडल रेल प्रबंधक बिलासपुर सहित अधिकारियों, कर्मचारियों उनके परिजनों एवं स्कूली बच्चों ने योगाभ्यास किया। इस अवसर पर योग की बारीकियाँ बताई गयी एवं योग से शरीर और मन में पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव के विषय में भी विस्तृत जानकारी दी गई। योग दिवस के अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय सहित तीनों रेल मंडलों में योग-आसन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक नीनु इटियेरा ने सभी को सोच में संतुलन बनाए रखने, कर्तव्य निर्वहन, कुटुंब और कार्य के प्रति, समाज व समूचे विश्व में शांति, स्वास्थ्य व सौहार्द के प्रति कृत संकल्पित रहने का आह्वान किया। साथ ही उन्हाने नियमित रूप से योगा करने की सलाह दी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे न्यू रेल क्लब ऑडिटोरियम में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में योग-गुरू एवं भारतीय योग संस्थान बिलासपुर एवं प्रशिक्षक एल.पी. नायक के द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योग की बारीकियाँ बताई गयी एवं योग से शरीर और मन में पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी साथ ही साथ प्रायोगिक तौर पर अनेक आसन एवं प्राणायाम के अभ्यास भी कराये। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों रेल मंडलों में तथा सभी प्रमुख स्टेशनों सहित कार्यस्थलों आदि में भी योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्टेशनों तथा गाडियों में योग संबंधित पामलेट एवं पोस्टर आदि का वितरण कर यात्रियों में योग के प्रति जागरूकता प्रसार का सफल प्रयास किया गया। रायपुर रेल मंडल में 10 वां अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर सभी रेल कर्मचारी एवं अधिकारियों ने अपने अपने स्थलों पर प्रातः 06:30 योगाभ्यास कर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में शामिल हुए । इसी प्रकार नागपुर रेल मंडल भी मंडल रेल प्रबंधक की उपस्थिति में अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर सभी रेल कर्मचारी एवं अधिकारियों ने अपने अपने स्थलों पर प्रातः 06:30 योगाभ्यास कर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में शामिल हुए ।

# एएसपी से मिले सहारा पीड़ित, भगोड़े मुल्जिमों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



सहारा कंपनी से बेसहारा हुए निवेशकों ने अब एडिशनल एसपी आकाश मरकाम से मुलाकात कर न केवल अपना दुखड़ा सुनाया, बल्कि पुलिस की सुस्त कार्यप्रणाली पर चिंता जाहिर करते हुए भगोड़े मुल्जिमों की जल्द गिरफ्तारी की पुरजोर मांग भी की। सहारा पीड़ितों ने अपने आंदोलन को तेज करने के लिए पूरी ऊर्जा झोंक दी है। कलेक्टर कर्तिकेया गोयल और पुलिस कप्तान दिव्यांग पटेल को अपनी आपबीती बताने के बाद इंसाफकी लड़ाई लड़ रहे निवेशकों ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम से भी सौजन्य भेंट की। सामाजिक कार्यकर्ता नरेश कंकरवाल के साथ विकास निगानिया और रविशंकर दुबे ने पुलिस की सारी सुस्त प्रणाली की चर्चा करते हुए जनहित में उसे दुरुस्त करने की सलाह दी। सहारा पीड़ितों ने जमाकर्ताओं की गाढ़ी मेहनत की कमाई को हड़पने वाले भगोड़े आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी के लिए लंबी चर्चा भी की। यही नहीं, प्रभावित निवेशकों ने बॉन्ड पेपर से छेड़छाड़ और काट-पीट पर घोर आपत्ति जताते हुए कूट रचना की विभिन्न धाराएं जोड़ने की जमकर वकालत की। साथ ही सभी आरोपियों की संपत्तियों को तत्काल चिन्हांकित कर उसकी कुर्की को लेकर भी गंभीर वार्ता हुई। सहारा से बेसहारा हुए लोगों को एएसपी मरकाम ने भरोसा दिलाया कि कानून से बढ़कर कोई नहीं है। आरोपी कितना भी चालाकी कर ले, कहीं भी भूमिगत रहे मगर उनके गिरेबां तक पुलिस के हाथ पहुंचकर ही रहेगी। वहीं, प्रभावित निवेशकों का कहना है कि पुलिस अफसर के ठोस आश्वासन के बावजूद यदि उनको न्याय नहीं मिला तो वे आंदोलन के लिए भी पीछे नहीं हटेंगे।

# बाल श्रम की रोकथाम में सहयोग करने विभिन्न संगठनों ने दिखाई प्रतिबद्धता

## बाल श्रम पर मंथन सभाकक्ष में परिचर्चा का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



जिला कार्यालय के परिसर के मंथन कक्ष में श्रम विभाग द्वारा 'बाल श्रम' विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। बैठक में बाल श्रम की रोकथाम के लिए उद्योग, चैंबर ऑफ़ कॉमर्स सहित सभी संगठनों ने प्रशासन को सहयोग करने के लिए प्रतिबद्धता प्रकट की है। सहायक श्रमायुक्त आर. के.प्रधान के निर्देशन में डी. एस.पी. सी. डी. लहरे, डी सी पी यु राहुल पवार, उद्योग विभाग से उद्योग अधिकारी, युनिसेफ से रूहाना खान, चाइल्ड लाइन से पुरूषोत्तम पांडे, सी.एस.जे. से भानुप्रिया, सामाजिक कार्यकर्ता बिंदु सिंग कछुवाहा, चेंम्बर आफ कामर्स के अध्यक्ष संजय मित्तल, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष सन्नी जी, विभिन्न उद्योगों के एच. आर. एवं सी. ई.ओ. एवं श्रम विभाग के श्रम पदाधिकारी एवम निरीक्षक उपस्थित थे। चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष संजय मित्तल के द्वारा समस्त उद्योग संघ की ओर से यह आश्वासन दिया गया कि बाल श्रम के रोकथाम में प्रशासन का भरपूर सहयोग करेंगे। मीटिंग में बाल श्रम के अतिरिक्त बाल भिक्षावृत्ति, बाल-विवाह, बाल तस्करी एवं बच्चों के मौलिक अधिकार जैसे गंभीर विषयों पर चर्चा की गई जिसमें बाल श्रम के प्रतिबंध, सामाजिक सरोकार, दंड और बाल श्रम को दूर करने के उपायों पर अभिमत लिया गया और इसे एक मिशन के रूप में लेकर बिलासपुर जिले से बाल श्रम पूर्णतः समाप्त करने का सभी पक्षों ने संकल्प लिया और बाल श्रम उन्मूलन पर अपनी सहभागिता जताई। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन सहायक श्रम पदाधिकारी आर. के.तम्हाने जिला बिलासपुर द्वारा किया गया।

# पेट्रोल डीजल का अवैध कारोबार करने वाले संस्थानों के विरूद्ध जांच कार्यवाही जारी

- कलिंगा कमर्शियल कार्पो. लिमि. को जामनगर से भेजे गए 34 केएल डीजल जब्त

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में जिले में बिना अनुज्ञा कन्जूमर पम्प अनुज्ञप्ति दस्तावेज के पेट्रोल डीजल का अवैध कारोबार करने वाले संस्थानों के विरूद्ध जांच की जा रही है। खाद्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के घरघोड़ा तहसील में स्थित कलिंगा कमर्शियल कार्पो. लिमि. के द्वारा डीजल (एचएसडी बीएस-व्हीआई) के अवैध विक्रय किये जाने हेतु गुजरात के जामनगर रिफाईनरी से मंगाये गये 34 के.एल डीजल लोडमय टैंकर क्रमांक जी.जे.12 बी.एक्स 9751 को खाद्य विभाग रायगढ़ द्वारा जप्त किया गया है। जांच में यह पाया गया कि कलिंगा कमर्शियल कार्पो.लिमि. द्वारा एमएस/एचएसडी का क्रय-विक्रय बिना अनुज्ञा के किया जा रहा है, इसके द्वारा तलईपाली कोल माईनिंग में लगे वाहनों को डीजल सप्लाई किया जाता है। जांच में यह तथ्य पाया गया कि उपरोक्त मंगाये गये 34 के.एल.डीजल का कुल क्रय मूल्य 26 लाख 86 हजार 536 रूपये है जो कि 01 लीटर का मूल्य 79 रूपये होता है, जबकि घरघोड़ा क्षेत्र में 01 लीटर डीजल का विक्रय मूल्य लगभग 94.24 रूपये 15 रूपये मार्जिन अवैध लाभ लिया जा रहा है।

कलिंगा कमर्शियल कार्पो. लिमि. के विरूद्ध छ.ग. मोटर स्पिरिट एवं हाई स्पीड डीजल ऑयल (अनुज्ञापन तथा नियंत्रण) आदेश 1980 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत प्रकरण खाद्य विभाग द्वारा तैयार कर प्रकरण न्यायालय कलेक्टर रायगढ़ में प्रस्तुत किया गया।

# पटवारियों का अन्य जिलों में जारी तबादला आदेश को हाईकोर्ट ने किया निरस्त

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने पटवारियों के ट्रांसफर को लेकर अहम फैसला दिया है। अपने आदेश में कोर्ट ने माना है कि जिले के बाहर पटवारियों का ट्रांसफर नियम विरुद्ध है। हाईकोर्ट ने अवर सचिव राजस्व द्वारा जारी ट्रांसफर आदेश को निरस्त कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार अवर सचिव राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने 30 सितंबर को अनुराग शुक्ला, सनद कुमार विश्वास सहित कई पटवारियों का प्रदेश के अन्य जिलों में स्थानांतरण कर दिया था। स्थानांतरण आदेश जारी होते ही पटवारियों में हड़कंप मच गया था। इसके बाद पटवारियों प्रदेशभर के कई पटवारियों ने अधिवक्ता अनादि शर्मा, शिखर शर्मा, संदीप सिंह के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका पेश कर अवर सचिव के आदेश को नियम विरुद्ध बताया। याचिका के माध्यम से कोर्ट को बताया गया कि पटवारियों का नियुक्तिकर्ता अधिकारी जिला कलेक्टर होते हैं। सबकी सीनियरटी जिले के आधार पर ही तय होती है। इसी के आधार पर प्रमोशन आदि किया जाता है। जिले से बाहर स्थानांतरण करने से वरिष्ठता सूची प्रभावित होती है और वो बहुत निचले क्रम में चले जाएंगे। यह भी कहा कि भू राजस्व संहिता की धारा 104 में नियुक्ति और सेवाओं का अधिकार कलेक्टर को दिया गया है। राजस्व पुस्तक परिपत्र के खंड 5 की कंडिका 16 के संशोधित आदेश में पटवारियों को उनके जिले के भीतर कलेक्टर को ही स्थानांतरण करने का अधिकार है। पटवारियों की याचिका पर जस्टिस एनके व्यास के सिंगल बेंच में सुनवाई हुई।

सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने शासन द्वारा जारी ट्रांसफर आदेश को निरस्त कर दिया है। हाईकोर्ट ने माना है कि पटवारियों का जिले से बाहर स्थानांतरण किया जाना नियम विरुद्ध है। इससे पहले सिंगल बेंच ने ही शासन के स्थानांतरण आदेश पर रोक लगाई थी।

# चांपा में केवट समाज की बैठक पावनधरा केराझरिया में आगामी रविवार को विशेष बैठक आयोजित

- सामाजिक बंधुओं कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील

पायनियर संवाददाता ◀ चांपा
www.dailypioneer.com



चांपा की पावनधरा केराझरिया में 23/6/2024 दिन रविवार प्रातः 10 बजे से केवट समाज को सामाजिक कार्यकर्ता बंधुओं अधिक से अधिक लोगों को पहुंचने की अपील किया और भविष्य में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान पर भविष्य में होने वाले कार्यक्रम का रूप रेखा तैयार किया जाना है प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह व स्वच्छता के प्रतिभावना और छात्र एवं छात्राओं का सम्मान किया जाएगा उक्त कार्यक्रम में सामाजिक परिवार एवं सभी सम्माननीय पूर्व वर्तमान समाज के वरिष्ठ व सक्रिय सदस्यों के साथ इस आयोजन में शैक्षणिक सत्र 23- 2024 में जिन छात्र छात्राओं ने कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में केंद्रीय या छत्तीसगढ़ शिक्षा मंडल के साथ किसी भी राज्य के बोर्ड शिक्षा मंडल के नियमित छात्र के रूप में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले को सम्मानित करने का रूप रेखा तैयार किया जाएगा इसके साथ ही मेडिकल कॉलेज में चयनित/अध्ययनरत छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा, उक्त के अलावा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को सम्मानित करने का रूप रेखा तैयार किया जाएगा। इस संबंध में सामाजिक बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया जाएगा जिसकी रूप रेखा चांपा स्थित केरा झरिया में बैठक किया जायेगा जिसमें अधिक से अधिक लोगों एवं सामाजिक बंधुओं सादर निवेदन आमंत्रित किया गया है।

# जिले सहित विभिन्न स्थानों पर हुए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर जिला प्रशासन शक्ति द्वारा कलेक्टर अमृत विकास टोपनो के दिशा निर्देशन में स्थानीय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार सामुदायिक भवन में योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र की सांसद कमलेश जांगड़े एवं नगर पालिका शक्ति की अध्यक्ष सुषमा दादू जायसवाल अतिथि के रूप में मौजूद रही, कार्यक्रम में जहां जिले के कलेक्टर सहित अतिरिक्त कलेक्टर लकड़ा सहित शहर एवं जिले के जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी- कर्मचारी मौजूद रहे तो वहीं इस अवसर पर योग की विभिन्न क्रियाओं से अवगत कराते हुए योगाभ्यास कराया गया तथा इस कार्यक्रम में काफी संख्या में जिला स्तरीय अधिकारी, जिले के गणमान्य नागरिक, आमजन, स्कूली छात्र-छात्राएं, स्कूल शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, नगर पालिका प्रशासन शक्ति सहित अन्य सरकारी विभागों के सभी प्रमुख लोग मौजूद रहे तथा आगंतुकों के लिए योगाभ्यास की बहुत ही सुंदर व्यवस्था की गई थी तथा शक्ति जिले के समाज कल्याण विभाग के मार्गदर्शन में यह योग का कार्यक्रम संपन्न हुआ वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद कमलेश जांगड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पूरे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस योग को स्थापित किया है हम उन्हें उनके इस कार्य के लिए बधाई देते हैं।


## कार्यालय कलेक्टर, जिला- बीजापुर, छत्तीसगढ़
## अल्पकालिक प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना
## (जिला निर्माण समिति)

निविदा क्र./09 बीजापुर, दिनांक 18/06/2024

कलेक्टर, जिला बीजापुर की ओर से विशेष केन्द्रीय सहायता मद अंतर्गत स्वीकृत निम्नांकित कार्य को जिला निर्माण समिति के माध्यम से लो.नि.वि. के 01.01.2015 से प्रचलित एस.ओ.आर. (भवन, पुल-पुलिया एवं सड़क निर्माण कार्य के लिए) दर प्रतिशत दर के आधार पर लोक निर्माण विभाग में एकल पद्धति से पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है-

| | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत रू. (लाख में) | अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | Construction of Rapta (Sub Structure) at Pidiya, Bijapur | 46.23 | 34600.00 |
| 02 | Construction of Rapta (Slab & Approach Road) at Pidiya, Bijapur | 21.01 | 15700.00 |
| 03 | Construction of 10 Row Rapta at Pidiya Bijapur | 35.11 | 26300.00 |

**महत्वपूर्ण निर्देश :-**

निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 27.06.2024 सायं 5.00 बजे तक
निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 05.07.2024 अपरान्ह 3.00 बजे तक
निविदा खोलने की अंतिम तिथि - 05.07.2024 अपरान्ह 3.30 बजे तक
टेंडर फार्म का मूल्य (रू.) - 1500 प्रति फार्म
कार्य पूर्ण करने की समय सीमा - 05 माह वर्षा ऋतु सहित
ठेकेदारों की श्रेणी - डी-श्रेणी या उससे ऊपर

निविदा प्रपत्र कलेक्टर कार्यालय जिला निर्माण समिति शाखा बीजापुर में आवेदन के साथ ऊपर दर्शाये अनुसार निविदा प्रपत्र के मूल्य का डिमाण्ड ड्राफ्ट, चेक एवं नगद जो कि कलेक्टर बीजापुर के नाम से एवं बीजापुर में देय हो (जो वापसी योग्य नहीं है)।

**टीप :-** निर्माण के संबंध में अन्य आवश्यक विशेष नियम व शर्तों की जानकारी कार्यालय के सूचना पटल में या वेबसाईट **www.bijapur.gov.in** पर उपलब्ध है।

**कलेक्टर**
**जिला बीजापुर**

G-242500421/5


## वित्त मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री के मुख्य आतिथ्य में जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर, एसपी एवं गणमान्य नागरिकों ने किया योगाभ्यास

# योग को अपनी जीवन शैली का हिस्सा बनाने का लें संकल्प : ओ पी चौधरी

- दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भीमा तालाब जाज्वल्यदेव द्वार में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ जांजगीर-चाम्पा
www.dailypioneer.com





दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज जिला मुख्यालय स्थित भीमा तालाब, जाज्वल्य देव द्वार के पास सामूहिक योगाभ्यास किया गया। जिमसें जनप्रतिनिधि, कलेक्टर, एसपी, अधिकारी, कर्मचारी, गणमान्य नागरिकों सहित स्कूली बच्चे शामिल हुए। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित वित्त मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओ पी चौधरी ने कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ओ पी चौधरी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुझे जांजगीर-चांपा आकार ऐसा लगता है जैसे में अपने दूसरे घर में आया हुं। उन्होंने दशम् अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कहा कि योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प ले और नियमित रूप से योग का अभ्यास करें। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति, परंपरा में ''सर्वे भवन्तु सुखिन'' की विचारधारा से सभी को साथ लेकर चलना है। इसलिए योग दिवस भारत में ही नहीं बल्कि इसको हर देश ने अपनाया है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाने का संकल्प करें और स्वस्थ समाज व समृद्ध भारत का निर्माण करें। भारत की इस अमूल्य धरोहर को पीएम नरेन्द्र मोदी ने दुनिया तक पहुंचाया और आज के समय में योग दुनिया भर में भारत की पहचान बन चुका है। उन्होंने कहा कि योग से हम शरीर, मन को स्वस्थ रख सकते हैं। जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों द्वारा मन और शरीर के बीच सामंजस्य स्थापित करते हुए विभिन्न कलाओं, आसनों का योगाभ्यास कराया गया। कलेक्टर आकाश छिकारा ने योग दिवस के अवसर पर स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि जीवन में निरोगी काया रखने के लिए हमें प्रतिदिन योग करना चाहिए। इस दौरान पामगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत कुटराबोड़ के मलखम्ब खिलाड़ियों ने योग दिवस के अवसर पर अपने करतब का प्रदर्शन किया और सभी का मनमोह लिया। इस अवसर पर भाजपा नेता रवि पांडेय, पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, वन मंडलाधिकारी प्रियंका पांडेय, सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी, अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर लवीना पांडे, उप संचालक समाज कल्याण टी पी भावे, एनसीसी, एनएसएस, विभिन्न खेल संघ, आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्य, लायंस क्लब सदस्य, पतंजलि योग समिति सदस्य, हसदेव के हीरो, आकांक्षा आवासीय विद्यालय के विद्यार्थी सहित विभिन्न सामाजिक संगठन सदस्य एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारी, नागरिकजन उपस्थित थे।

# संशय व आशंकाओं के बीच नये टीम के साथ पुर्नसीमांकन का निर्देश



पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

गवर्नमेंट मॉडल स्कूल, जो 2016 से पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप से डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल टिकुलिया के रूप में संचालित जहां के खेल के मैदान को अनाधिकृत रूप से कब्जा किया जाने की खबर प्रमुखता से प्रकाशित किया गया जिस पर गम्भीरता दिखाते हुये अनुविभागीय अधिकारी जो अत्यंत चिंता का विषय है ।

### पंच सरपंच और ग्राम वासियों की बैठक कृत्य की निंदा

डीएवी टिकुलिया संस्था प्रमुख की उपस्थिति में पंच, सरपंच, टिकुलिया ग्राम वासी की उपस्थिति में इस समस्या के निदान के लिए बैठक आयोजित हुआ। जिसमें कब्जा किए गए खेल के मैदान व मनरेगा द्वारा पूर्व से निर्मित सड़क पर बेजा कब्जा किए जाने की कड़ी निंदा की गई।जिसकी सूचना जिला कलेक्टरेट को दिनांक 16 मार्च 2024 को ही दे दी गई है व सीमांकन शुल्क भी पटाया गया है। परिस्थिति के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए संस्था प्रमुख द्वारा बताया गया कि कलेक्टर से निवेदन किया गया है कि इस मामले पर जल्द से जल्द कार्यवाही कर बेजा कब्जा हटाया जाए व स्कूल की भूमि का जल्द से जल्द सीमांकन कर चिन्हित किया जाए इस प्रकार खेल के मैदान में किए गए अवैध कब्जे से बच्चों के सर्वांगीण विकास में बाधा उत्पन्न होती है ,समस्या की गंभीरता को देखते हुए इस पर जल्द से जल्द न्याय की उम्मीद की जाती है ताकि भविष्य में इस प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े और बच्चों का भविष्य इससे प्रभावित न हो। वहीं इस मामले में यह जानकारी भी आ रही है कि कब्जाधारी द्वारा उपरोक्त भूमि पर अपना वाजिब हक बताया जा रहा है,परिस्थितियां यह ऐहसास करा रही है कि प्रशासन द्वारा इस मसले पर सी यता बरतने की नितांत आवश्यकता है।गौरतलब है कि भाटापारा क्षेत्र में अवैध कब्जा एक बड़ा मसला एवं चिंता का विषय भी बनती जा रही है।

### स्कूल खेल के मैदान व मनरेगा निर्मित सड़क पर कब्जा

संस्था प्रमुख एस के सिंह द्वारा जानकारी दी गयी कि स्कूल के खेल के मैदान व मनरेगा द्वारा निर्मित ,किसानों के आवागमन हेतु बनाए गए सड़क पर व्यक्ति विशेष द्वारा पत्थर गाड़कर व तार घेरकर अनाधिकृत रूप से बेजा कब्जा किया गया है ।उन्होंने सीमांकन के नियमों का उल्लंघन करते हुए इसकी सूचना ना तो स्कूल को दी और ना ही आसपास के किसानों को दी। जिससे बच्चों के सर्वांगीण विकास व किसानों के आवागमन में समस्या का सामना करना पड़ रहा है ।

## महाराष्ट्र मंडल में सूर्य और चंद्र नमस्कार की सुंदर प्रस्तुति

### संत ज्ञानेश्वर स्कूल में भी मनाया गया योग दिवस



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार, 21 जून को महाराष्ट्र मंडल भवन और संत ज्ञानेश्वर स्कूल में बड़ी संख्या में बच्चों, सभासदों और आमजनों ने योग के आसान आसन किए। हर आसन करने से पहले योग प्रशिक्षकों ने उक्त आसन को नियमित रूप से करने से शरीर में होने वाले फायदे भी बताए। इसी वजह से प्रत्येक आसन को शत- प्रतिशत सटीक करने के लिए योग साधकों ने ईमानदार कोशिश की। आस्था काले के नेतृत्व में योग समिति के सदस्यों ने अल्प अभ्यास में ही सूर्य नमस्कार और चंद्र नमस्कार की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इससे पहले योग का शुभारंभ गुरुमंत्र और ओम के उच्चारण से हुआ। तत्पश्चात वार्मअप किया गया। फिर आसन, प्राणायाम और ध्यान कराया गया। प्राणायाम में अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, कपाल भारती के बाद पाद हस्तासन, कर्ण धनुरासन, ताड़ासन, कटिचक्रासन, वृक्षासन कराया गया। इसके बाद बैठकर कराए जाने वाले आसनों में तितली आसन, उत्तानपाद आसन, व्याघ्रासन, शंशाकासन सहित कई अन्य आसन कराए गए। इस तरह महाराष्ट्र मंडल में योग दिवस 10वें वर्ष भी सफलतापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय योग प्रशिक्षक शशि वरवंडकर ने कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा और प्रचलित झूठ है कि मेरे पास समय नहीं है। योग करने के लिए, व्यायाम के लिए और अपने आप को सेहतमंद रखने के लिए आपके पास समय नहीं है, तो आप अपने परिवार को खुश कैसे रखेंगे? अगर आप स्वस्थ रहेंगे तभी आपका परिवार खुश रहेगा और आपसे जुड़ा रहेगा। इसीलिए जिंदगी की सर्वोच्च प्राथमिकता अपने आप को स्वस्थ रखना है। वरवंडकर ने महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय काले और योग प्रशिक्षिका आस्था काले से बच्चों के लिए अलग योग का सेशन करने और जमीन पर बैठकर योग न कर सकने वाले बुजुर्गों के लिए कुर्सी आसन करवाने का आग्रह किया। इस दौरान उपाध्यक्ष श्याम सुंदर खंगन, दीपक पात्रीकर, रवि गहलोत, रविंद्र ठेंगड़ी, प्रवीण क्षीरसागर, सुबोध टोले, हेमंत मार्डीकर, अभय भागवतकर, वैभव बर्वे, गीता दलाल, हेमंत मार्डीकर, शेखर क्षीरसागर, शताब्दी पांडेय, अंकिता किरवई, दिव्या पात्रीकर, गौरी क्षीरसागर, डा. कमल वर्मा महाराष्ट्र नाट्य मंडल के सचिव प्रसन्न निमोणकर, प्रवीण क्षीरसागर सहित बड़ी संख्या में मंडल के सदस्यगण उपस्थित थे।

## करें योग हमेशा रहे निरोग का दिया संदेश



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल कबीर नगर, रायपुर में 21जून,दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्कूल के चेयरमैन विनय चंद्राकर एवं डायरेक्टर अपर्णा चंद्राकर रहे एवं अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य विनोद पांडे ने की। विद्यालय की योग शिक्षिका ने विभिन्न आसनों का प्रदर्शन कर उनके महत्व को बताया तथा योगाभ्यास कराया। इस दौरान स्कूल के विद्यार्थियों , शिक्षकों एवं पालकों ने योगाभ्यास किया एवं योग के महत्व को जाना।

## आंजनेय यूनिवर्सिटी में 10 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आंजनेय यूनिवर्सिटी में योग दिवस और योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर योग शिक्षिका सहायक प्राध्यपक रश्मि वर्मा ने यूनिवर्सिटी के समस्त विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारिगणों ने एक साथ मिलकर योगाभ्यास किया। साल 2024 में योग दिवस का थीम - स्वयं और समाज के लिए योग रखा गया है। कार्यक्रम में सूक्ष्म व्यायाम, विभिन्न आसन, प्राणायाम, मर्म चिकित्सा, ध्यान एवं सुखासन मुद्रा पर योगाभ्यास किया गया । वहीं यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर जनरल डॉ. बीसी जैन ने कहा कि योग लोगों को शारीरिक व मानसिक लाभ देता है। साथ ही हर घर योग, रहे निरोग जैसे मूल मन्त्र को अपना कर इस तनाव भरी जिंदगी में हम अपने आपको स्वस्थ रखने का प्रयास कर सकते है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कुलपति डॉ. टी रामाराव ने कहा कि सभी प्राध्यापकों को अध्यापन के साथ-साथ स्वास्थ्य के प्रति भी सजग रहना जरूरी है। यह योगाभ्यास हम सबको स्वास्थ्य जीवन जीने लिए प्रेरित करता है। ताकि हम अपने जीवन में सहेतमंद रह सके। योग हमारे जीवन में आत्मा, शरीर और मन को आपस में जोड़ने का काम करता है। साथ ही अंतराष्ट्रीय योग दिवस सभी को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में योगाभ्यास का प्रशिक्षण, निरंजन कुमार योग शिक्षक ने दिया। कार्यक्रम का संचालन पत्रकारिता विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ राहुल तिवारी ने और आभार छात्र अधिष्ठाता डॉ प्रांजली गनी ने किया ।

## 'सी.जी. कॉलेज ऑफ नर्सिंग' रायपुर में मनाया गया अंतराष्ट्रीय योग दिवस



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

21 जून को विश्व योग दिवस के अवसर पर सी.जी. कॉलेज ऑफ नर्सिंग, रायपुर संस्था के प्रांगण में संस्था के संचालक डॉ. नवीन बागरेचा, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. भारवि वैष्णव, प्राचार्य पुष्पेंद्र कर्ष, समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं एवं छात्र/छात्राओं के द्वारा योगाभ्यास किया गया। योगा शिक्षिका श्रद्धा शर्मा के द्वारा बताया गया कि योग स्वस्थ जीवन व्यतीत करने की कला तथा विज्ञान है। योग करने का मकसद आत्मज्ञान की प्राप्ति तथा सभी प्रकार की शारीरिक परेशानियों को दूर करना है। योग मनुष्य के मन और आत्मा की अनंत क्षमता को बढ़ाकर आत्मज्ञान की प्राप्ति करवाता है साथ ही यह भी बताया कि योग करने से हमें अच्छी नींद आती है तथा हमारा शरीर स्वस्थ और तंदुरुस्त रहता है। योग से हमें शांति तथा आनंद प्राप्त होता है। योग से हमारा मस्तिष्क एकाग्रचित होकर काम करता है तथा हमारे मन में अच्छे विचारों का निवास होता है। योग हमारे शरीर को स्वस्थ व लचीला तथा शक्ति शाली भी बनाए रखता है। यह जानकारी कॉलेज की प्रशासनिक अधिकारी डॉ. भारवि वैष्णव जी के द्वारा दी गई।

## कोलंबिया ग्लोबल स्कूल में मनाया गया ऑनलाइन अंतर्राष्ट्रीय योग व अंतर्राष्ट्रीय संगीत दिवस



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

तन को चुस्त बनाइये ,काया रखें निरोग' इसी मंगल कामना के साथ कोलंबिया ग्लोबल स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग व अंतरराष्ट्रीय संगीत दिवस मनाया गया । विद्यालय के योग शिक्षक नामेश कुमार साहू जी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का संचालन किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय के संगीत शिक्षक रमन सैनिक जी ने मधुर संगीत की प्रस्तुति दी। इस योग दिवस पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने ऑनलाइन भाग लिया तथा विद्यालय के प्राचार्य आईवन स्मिथ, डायरेक्टर सर रविंदर सिंह हूरा व सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं ने बढ़ - चढ़कर भाग लिया और छात्रों को योग करने के लिए प्रेरित किया । नामेश सर के द्वारा विभिन्न तरह के आसन अर्ध चंद्रासन, त्रिकोणासन, अर्ध उष्ट्रासन, शशांक आसन, सेतुबंधासन व योग बताए गए तथा इन आसनों से होने वाले लाभ भी बताए गए । विद्यालय के प्रधानाचार्य आइवन स्मिथ ने छात्र- छात्राओं को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दी और उनके स्वस्थ और सुखी जीवन की कामना की । कार्यक्रम का अंत शांति पाठ के द्वारा किया गया सर्वे भवंतु सुखिना सर्वे संतु निरामया सर्वे भद्राणि पश्यंतु मां कश्चित दुख भाग भवेत।

## श्री रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन कुम्हारी में मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com



श्री रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन कुम्हारी में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कैंपस मैदान में शिक्षको, स्टाफ़व छात्र ङ्क छात्राओं की उपस्थिति में सामूहिक रूप से योग करके मनाया गया। इस अवसर पर, कैंपस निदेशक महोदया डॉ. प्रीती गुरनानी की उपस्थिति में शिक्षक, शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रमुख योगासनों प्राणायाम, सुखासन, शवासन, वज्रासन, पद्मासन, अर्धसिद्धासन, भ्रामरी, सूर्य नमस्कार, भ्रस्तिका इत्यादि का अभ्यास किया गया और योग आसनों के लाभों को साझा कर न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए बल्कि मानसिक शांति और संतुलन को भी बढ़ावा देने के प्रेरित किया गया। योग क्रियाओ द्वारा खुद के साथ-साथ अपने परिवार को भी योग के प्रति जागरूक करने के लिए बढ़ावा दिया गया। क्योंकि जब हम खुद को स्वस्थ्य रखते है तब हम अपने आस ङ्क पास रहने वाले लोगों को भी स्वस्थ रख पाते है । योग के माध्यम से हम न केवल खुद को शारीरिक बल्कि मानसिक तौर पर भी खुद को स्वस्थ रखते है। इसी के तहत योग के महत्ता को बताया गया । डॉ जे के उपाध्याय, उपाध्यक्ष श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट, ने कैंपस को सफ्ल आयोजन के लिए शुभकामनायें दी।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल पामगढ़ में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

पायनियर संवाददाता < पामगढ़
www.dailypioneer.com



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विकासखंड पामगढ़ में अनेक कार्य म आयोजित किए गए। विकासखंड स्तरीय मुख्य कार्य म मेला ग्राउंड ससहा, न्यायालय परिसर के योग शिविर में व्यवहार न्यायधीश शामिल हुईं और आत्मानंद स्कूल परिसर में आयोजित किया गया। विकासखंड स्तरीय मुख्य कार्य म ग्राम पंचायत ससहा के मेला ग्राउंड में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक पामगढ़ शेषराज हरवंश, मणिशंकर कौशिक सीईओ जनपद पंचायत, मोहन कौशिक बीईओ, सुनीता सुखराम मधुकर सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। न्यायालय परिसर में आयोजित योग शिविर में व्यवहार न्यायाधीश शीलू केसरी शामिल हुई। इस कार्य म में अधिवक्त ा मनोज खरे, नितिन चौहान, कौशल कश्यप, आशीष तिवारी केशव दिव्य सहित न्यायालयीन कर्मचारी और अधिवक्त ा गण उपस्थित थे। स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर में आयोजित कार्य म में नगर पंचायत पामगढ़ के सीएमओ दीपक शर्मा शामिल हुए। प्राचार्य एन जे इक्क ा, आर बंजारे उपप्राचार्य शा. महामाया उमावि, कुंज किशोर प्राचार्य स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय डोंगाकोहरौद, डां सुनंदा गोस्वामी आयुर्वेद अधिकारी राहौद, स्वामी आत्मानंद पामगढ़ के शिक्षक स्टाफ जितेंद्र भारद्वाज, रामलाल कश्यप, अविनाश टोप्पो व्यायाम शिक्षक सहित शिक्षक गण और स्कूल में कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## निकाय व पंचायत चुनाव एकसाथ होने से नहीं होगी समय की बर्बादी : भाऊराम

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष भाऊराम साहू ने नगरीय निकाय व पंचायत चुनावों को एक साथ कराए जाने विधायक दल, सांसदों और भाजपा कोर ग्रुप की बैठक में बनी सहमति का स्वागत करते हुए इसे सर्व वर्ग के हित में बताया है। श्री साहू ने कहा कि नगरीय निकाय तथा पंचायत चुनाव एक साथ होने से समय की बर्बादी व अनावश्यक खर्च से बचा जा सकेगा। बार-बार चुनाव कराने तथा संबंधित क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता लागू होने से विकास कार्यों की गति धीमी पड़ जाती है। महीनों तक संबंधित क्षेत्र का विकास अवरूद्ध हो जाता है। यदि नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव एक साथ हुए तो एक ही अवधि में सारे चुनाव संपन्न होंगे तथा अतिरिक्त समय खर्च होने से बचा जा सकेगा। श्री साहू ने आगे कहा कि नगरीय निकाय चुनाव में अध्यक्ष, महापौर का चयन अब जनता अपनी पसंद से करेंगे। जनता द्वारा चुने जाने से 5 सालों तक नगरीय निकायों में स्थिर व सशक्त जनप्रतिनिधि बैठ सकेंगे। जिससे शहरों के विकास कार्यों में कोई बाधा नहीं आएगा। श्री साहू ने कहा कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के समय प्रदेश में महापौर, अध्यक्ष और पार्षद चुनने का अधिकार आम जनता को दिया गया था। लेकिन, प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद कांग्रेस ने निजी स्वार्थ के लिए महापौर चुनने का अधिकार आम जनता से वापस लेकर पार्षदों को दे दिया था। लेकिन, अब पुनः प्रदेश में सुशासन की सरकार आने के बाद प्रत्यक्ष व पारदर्शिता पूर्ण चुनाव की रणनीति बनाई जा रही है, जो स्वागत योग्य है।



रायपुर। श्री नारायणा किड्स एकेडमी महावीर नगर रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय योगा डे उत्साह पूर्वक मनाया गया।

# एनएमडीसी ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024

पायनियर संवाददाता < हैदराबाद
www.dailypioneer.com



भारत के सबसे बड़े लौह अयस्?क उत्?पादक एनएमडीसी ने 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस इस वर्ष की थीम 'स्वयं और समाज के लिए योग' के अनुसरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया। देशभर में फैली सभी परियोजनाओं में 500 से ज्यादा कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों ने योग सत्र में भाग लिया, जो कि एनएमडीसी परिवार और उसके बाहर सुस्वास्थ्य, कल्याण और सद्भाव को बढाबा देने के एनएमडीसी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हैदराबाद में एनएमडीसी मुख्यालय में समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रमाणित प्रशिक्षक की देख-रेख में कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने योगासन किया । ऐसे ही सत्र देश भर में फैली एनएमडीसी की महत्वपूर्ण खनन परियोजनाओं और क्षेत्रीय कार्यालयों में आयोजित किए गए, जिसमें अधिक से अधिक प्रतिभागिता सुनिश्चित की गई । इस अवसर पर बोलते हुए अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) ने कहा, योग प्राचीन भारत की एक अमूल्य भेंट है। यह तन और मन, विचार और कार्यकलाप को जोड़ता है, और प्रकृति और मनुष्य के बीच समरसता कायम करता है । योग केवल व्यायाम नहीं है, यह स्वयं को एवं आस-पास की दुनिया से एकाकार होने में मदद करती है । एनएमडीसी में हम विश्वास करते हैं कि एक स्वस्थ कार्यबल उत्पादक कार्यबल होता है, और आज का समारोह इस सूत्र के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है । एनएमडीसी निरंतर ही स्वस्थ कार्यस्थल बनाने में अग्रणी रहा है, नियमित रूप से अपने कर्मचारियों के लिए फिटनेस कार्यक्रम और वर्कशॉप आयोजित करता आ रहा है । इस वर्ष के थीम को प्रोत्साहित करते हुए, एनएमडीसी ने स्वस्थ संस्कृति को बढाबा देने के लिए अपनी परियोजनाओं और क्षेत्रीय कार्यालयों में कर्मचारियों और विद्यार्थियों के लिए विविध इन्टरएक्टिव प्रतियोंगिताओं का आयोजन किया। सीआईएसएफ कार्मिकों से जुडने के लिए बड़ी प्रचालन इकाईओं में योग शिविर का आयोजन किया गया। कर्मचारियों में समरसता और संतुलन बनाए रखने के लिए एनएमडीसी नियमित रूप से अपने कार्पोरेट कार्यालय में योग सत्र का आयोजन करता है । 10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन एनएमडीसी के स्वस्थ और सामंजस्यपूर्ण कार्य वातावरण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिससे कि कर्मचारीगण और समुदाय एक संतुलित और संतुष्ट जीवन के लिए योग के फायदों को अपनाए ।

## कलिंगा विश्वविद्यालय, नया रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाने वाला एक वार्षिक कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य योग के अभ्यास के लाभों के बारे में दुनिया भर में जागरूकता बढ़ाना है। 'योग' शब्द संस्कृत से लिया गया है और इसका अर्थ है जुड़ना या एकजुट होना, जो शरीर और चेतना के मिलन का प्रतीक है। कलिंगा विश्वविद्यालय, नया रायपुर ने शुक्रवार 21 जून को बड़े उत्साह और उमंग के साथ स्वयं और समाज के लिए योग विषय के साथ 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। कार्यक्रम का आयोजन विज्ञान संकाय (योग विभाग) और डीन छात्र कल्याण द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के संकाय और अन्य स्टाफसदस्यों ने भाग लिया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत ओम के उच्चारण के साथ हुई। उपस्थित लोगों ने योग विभाग के डॉ. राजेश माणिक और डॉ. धनंजय जैन द्वारा निर्देशित विभिन्न योग आसनों और श्वास अभ्यासों में सक्रिय रूप से भाग लिया। सत्र का उद्देश्य सभी प्रतिभागियों को योग के समग्र लाभों और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने की क्षमता का अनुभव प्रदान करना था । सत्र के बाद, विज्ञान संकाय के डीन डॉ. आर. जया कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। उन्होंने कार्यक्रम को सफ्ल बनाने के लिए विभाग और उपस्थित संकायों के प्रयासों की सराहना की। कलिंगा विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह एक शानदार सफलता रहा, जिसने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य प्राप्त करने में योग के महत्व पर प्रकाश डाला। कलिंगा विश्वविद्यालय मध्य भारत का एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान है। नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद द्वारा B+ मान्यता प्रदान की गई है। यह छत्तीसगढ़ का एकमात्र निजी विश्वविद्यालय है, जो वर्ष 2022 और 2023 में एनआईआरएफरैंकिंग में शीर्ष 101- 150 विश्वविद्यालयों के बैंड में शामिल है।

## नाम परिवर्तन

मैं प्रांजलि पाण्डेय पति सिद्धार्थ पाण्डेय अपना पुराना नाम बदलकर नया नाम प्रांजलि शुक्ल पिता नरेन्द्र कुमार शुक्ल निवासी हाउस नं. - 440, मिलेनियम चौक के पास, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.) रख लिया हूं। अतः अब मुझे भविष्य में मेरे समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम प्रांजलि शुक्ल पिता नरेन्द्र कुमार शुक्ल के नाम से जाना एवं पहचाना जाय।

शपथकर्ता
प्रांजलि शुक्ल

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, दल्लीराजहरा जिला बालोद (छ.ग.)**

-: उद्घोषणा :-

क्रमांक/177/ प्र./अति.तह. / 2024
दल्लीराजहरा, दिनांक 20/6/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता हैं कि कार्यालय कलेक्टर जिला बालोद (छ.ग.) का ज्ञापन क्रमांक 248/प्र.कले./2024 बालोद, दिनांक 06/06/2024 अनुसार आवेदक 1. श्री प्रकाश चंद आ. चम्पालाल जाति जैन 2. नितिन भाई आ. धीरज जाति गुजराती दोनों निवासी दल्लीराजहरा तहसील डौण्डी जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा ग्राम खम्हारटोला पहनं. 09 तहसील डौण्डी जिला बालोद स्थित भू स्वामी हक की परिवर्तित भूमि ख.नं. 9/9 रकबा 1.38 हे. में से 70 ङ्क 40 = 2800वर्ग फुट को व्यवसाय के लिए रूपयों आवश्यकता होने के कारण गैर आदिवासी क्रेता उषा जैन पति सुनील कुमार जैन जाति जैन निवासी वार्ड क्र. 04 दल्लीराजहरा के पास विक्रय की अनुमति हेतु आवेदन पेश किया गया है जो कि जांच प्रतिवेदनार्थ हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वह अपना लिखित आपत्ति दिनांक 08/07/2024 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने मान्य अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 20-6-2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के, उद्घोषणा जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
दल्लीराजहरा

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, दल्लीराजहरा जिला बालोद (छ.ग.)**

-: उद्घोषणा :-

क्रमांक/179/ प्र./अति.तह. / 2024
दल्लीराजहरा, दिनांक 20/6/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर जिला बालोद (छ.ग.) का ज्ञापन क्रमांक 246/प्र.कले./2024 बालोद, दिनांक 06/06/2024 अनुसार आवेदक 1. श्री प्रकाश चंद आ. चम्पालाल जाति जैन 2. नितिन भाई आ. धीरज जाति गुजराती दोनों निवासी दल्लीराजहरा तहसील डौण्डी जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा ग्राम खम्हारटोला पहनं. 09 तहसील डौण्डी जिला बालोद स्थित भू स्वामी हक की परिवर्तित भूमि ख.नं. 9/9 रकबा 1.38 हे. में से 28 ङ्क 65 = 1820 वर्ग फुट को व्यवसाय के लिए रूपयों आवश्यकता होने के कारण गैर आदिवासी क्रेता चम्पा शाह पति हाफीजुल शाह जाति मुस्लिम निवासी वार्ड क्र. 09 चिखलाकसा के पास विक्रय की अनुमति हेतु आवेदन पेश किया गया है जो कि जांच प्रतिवेदनार्थ हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वह अपना लिखित आपत्ति दिनांक 8-7- 2024 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने मान्य अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 20-6-2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के उद्घोषणा जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
दल्लीराजहरा

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कबीरधाम (छ.ग.)

### निविदा आमंत्रण सूचना

ऑनलाईन निविदाएं 'प्रपत्र ए' में प्रतिशत दर पर नीचे उल्लेखित कार्य के लिए DWSM, KABIRDHAM की ओर से कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य सचिव DWSM द्वारा एकीकृत पंजीयन व्यवस्था ई-जरिस्ट्रेशन निविदा आमंत्रित की जाती है।

कार्य का विवरणः-कबीरधाम जिले के स.लोहारा व कवर्धा विकासखण्ड में स्वीकृत नल कूप खनन जल प्रदाय योजनांतर्गत पेयजल प्रदाय एवं इत्यादि कार्य।

| निविदा सूचना क्रमांक/दिनांक | निविदा सिस्टम क्रमांक | योजना का नाम एवं विकासखंड | अनुमानित लागत (रुपए लाख में) |
| --- | --- | --- | --- |
| 04/Dt. 19.06.2024 | 155102 | विकासण्ड स.लोहारा का नल कूप खनन (प्रथम आमंत्रण) | 49.53 |
| 04/Dt. 19.06.2024 | 155106 | विकासण्ड कवर्धा का नल कूप खनन (प्रथम आमंत्रण) | 49.53 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की समान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्राक्योरमेंट वेब पोर्टल https:// eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 19.06.2024 से देखी जा सकती है।

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथिः- 08.07.2024

जी-242500463/3

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कबीरधाम (छ.ग.)

# योग से भारत दुनिया का विश्व गुरु बनेगा : मधुसूदन

## भाजपा ने अलग-अलग स्थानों पर किया आयोजन

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला भारतीय जनता पार्टी ने पूरे जिलेभर में योग दिवस का आयोजन किया। जिले के सभी मोर्चा-प्रकोष्ठों व मंडलों में अनेक स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किये गये, जिसमें हजारों की संख्या में कार्यकताओं व नागरिकों ने भाग लिया।

पार्टी की ओर से मुख्य कार्यक्रम जिला भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में सुबह 07 से 08 बजे तक आयोजित था। इस समारोह के मुख्य अतिथि मधुसूदन यादव ने इस अवसर पर कहा कि योग से ही भारत दुनिया का विश्व गुरु बनेगा। केंद्र में मोदी जी की सरकार आने के बाद योग के महत्व को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली, यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया और आज पूरे संसार में योग की धूम मची हुई है। योग के माध्यम से हम अपने शरीर को चिरंजीवी बना सकते है, बस इसको निरंतर प्रतिदिन करते रहने से हमें इसका लाभ प्राप्त होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने योग को हर व्यक्ति के लिये आवश्यक बताते हुये कहा कि हम सभी मिलकर इसके प्रसार का कार्य करें।जानकारी के अनुसार इस दौरान प्रमुख रूप से शिव वर्मा, रघुवीर वाधवा, बंटी भाटिया, आकाश चोपड़ा, अजीत जैन, मणीभास्कर गुप्ता, राजेश यादव, राजेन्द्र जैन, देवशरण सेन, गोलू सूर्यवंशी, शैंकी बग्गा, उज्जवल कसेर, योगेश बागड़ी, सुमीत भाटिया, शेखर यादव, प्रखर श्रीवास्तव, ईशान शर्मा, दिनेश गुप्तासहित बड़ी संख्या में अन्य लोग शामिल थे। इसी प्रकार जिला भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चे की ओर से शांति नगर, शंकरपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया, जिसमें मोर्चा के जिला अध्यक्ष रविन्द्र रामटेके, योग प्रशिक्षक नवीन राजपूत, दीपक शेण्डे, जितेन्द्र गेन्ड्रे, संकेत रामटेके, चन्द्रभान जंघेल, विनोद भारती, महेश मोहबे, प्रवेश झलंकर, मयंक मेश्राम उपस्थित थे। राजनांदगांव उत्तर मंडल की ओर से चिखली में कार्यक्रम आयोजित किया गया, दक्षिण मंडल की ओर से मोहारा वार्ड में जवाहर सिन्हा की व सनसिटी कॉलोनी में हरीश गांधी की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसी प्रकार जिलेभर के सभी मंडलों के अलग-अलग स्थानों पर योग के कार्यक्रम हुये जिसमें पार्टी के मोर्चा-प्रकोष्ठों के कार्यकताओं ने अपनी सहभागिता दिखाई।

# अफसरों, जनप्रतिनिधियों व नेताओं द्वारा योग प्रदर्शन

## विभागों द्वारा काढ़ा सहित अंकुरित स्वल्पाहार वितरण



पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर के कृषि उपज मंडी परिसर में ब्लाक स्तरीय योग दिवस का आयोजन किया गया। योग दिवस पर अनुभाग मुख्यालय के अफसर, जनप्रतिनिधिगण, नेतागण सहित स्थानीय गणमान्यजनों ने सम्मिलित होकर योग प्रदर्शन किया। इस मौके पर विभागों द्वारा काढा व अंकुरित आहार सहित शीतल पेयजल वितरित किया गया।

एसडीएम के मार्गदर्शन में आयोजित योग दिवस के मौके पर योग शिक्षक अलख साहू सहित अन्य द्वारा योगाभ्यास में अनुलोम, विलोम, प्रणायाम, भ्रामरी प्रणायाम, कपालभारती, भूजंगासन, ताड़ासन, दण्डासन, त्रिकोणांसन, भद्रासन, वृक्षासन सहित अन्य क्रिया की जानकारी दी गई। शुभारंभ मौके पर दिनेश गांधी, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, रामकुमार गुप्ता, डिकेश साहू के अलावा सीईओ नवीन कुमार, तहसीलदार झरना राजपूत, सीडीपीओ वीरेंद्र साहू, बीईओ आरएल पात्रे, एबीईओ रश्मि ठाकुर व जयंत साहू सहित नगर के अनेक गणमान्यजन सम्मिलित हुए। धौराभाठा के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। वन विभाग द्वारा पौधे वितरित किए गए।

इस अवसर पर आयुष विभाग द्वारा काढ़ा का वितरण किया गया। जनपद पंचायत तथा नगर पंचायत द्वारा अंकुरित अनाज व पुदीना युक्त शीतल पेय का वितरण किया गया। संचालन शिक्षक गजेन्द्र हरिहारनो दीप ने किया। आभार सीएमओ दादू सिंह पाल ने किया। आयोजन में निकाय, जनपद पंचायत, शिक्षा, महिला एवं बालविकास सहित अनेक विभागों ने सहयोग प्रदान किया।

# डॉ.रमन सिंह आज नांदगांव प्रवास पर



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह कल दिनांक 22 जून को दोपहर से देर शाम तक शहर में रहने वाले हैं, इस दौरान वे जहां आम लोगों से भेंट-मुलाकात करेंगे वही अनेक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार डॉ. रमन सिंह दोपहर 11.30 बजे खनिज नगर मौलश्री विहार रायपुर से प्रस्थान कर दोपहर 01 बजे ग्राम सुंदरा पहुचेंगे जहां वे सदगुरु कबीर साहेब की जयंती महोत्सव में भाग लेकर दोपहर 02.15 बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास कार्यालय जी.ई.रोड आयेंगे। उसके बाद डॉ. सिंह शाम पौने पांच बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास कार्यालय से प्रस्थान कर सामुदायिक भवन नंदई चौक आयेंगे जहां सदगुरू कबीर साहेब जयंती महोत्सव में भाग लेकर शाम 6 बजे रायपुर के लिये प्रस्थान करेंगे।

# छुरिया में मना दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस छुरिया के सामुदायिक भवन में जनपद पंचायत के अधिकारी कर्मचारी, नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी, पतंजलि योग समिति के सदस्य सहित नगर के नागरिकों ने दसवें विश्व योगाभ्यास के कार्यक्रम में सम्मिलित होकर योग किया।

योगाचार्य शिक्षक एसएल सेन ने विभिन्न योगाभ्यास के माध्यम से सुबह 7:00 बजे से 8:30 बजे तक योग करवाया, साथ ही योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ कैसे रहे इस पर भी उन्होंने काफी अच्छा चर्चा किया। छत्तीसगढ़ शासन के डिप्टी सीएम अरुण साव के लाइव टेलीकास्ट सभी योगाभ्यास कर रहे हैं अधिकारी कर्मचारी एवं नागरिकों ने सुना।

योगाभ्यास के पश्चात जनपद पंचायत के अध्यक्ष किरण वैष्णव ने अपने उद्बोधन में सभी को विश्व योग दिवस की बधाई दी और अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए प्रतिदिन योग करने की अपील की। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा सिन्हा ने विश्व योग दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए।जनपद पंचायत के सहायक विकास विस्तार अधिकारी उमेश भंडारी ने सभी का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर सीईओ नारायण बंजारा, जिला महामंत्री रविंद्र वैष्णव, पार्षद द्रोपती उईके , टेमन साहू,पतंजलि योग समिति से रोहित सिन्हा ,हारून मानिकपुरी , टामेश्वरी वर्मा ,योगेंद्र वर्मा ,प्रीति गुप्ता , स्वच्छता दीदीयां एवं सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं स्टाफ उपस्थित रहे ।

# सवा लाख किसानों के खाते में आए 23 करोड़

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वाराणसी उत्तरप्रदेश में आयोजित किसान सम्मेलन कार्यक्रम में किसान सम्मान निधि अंतर्गत जिले के 1 लाख 17 हजार 601 किसानों के बैंक खाते में 23 करोड़ 53 लाख रुपए 17वीं किस्त की राशि अंतरित की गई। कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव में किसान सम्मेलन कार्यक्रम से जनप्रतिनिधि एवं कृषकगण वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे। इस अवसर पर पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू, भरत वर्मा, कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह उपस्थित थे।

कलेक्टर अग्रवाल ने जल संरक्षण के महत्व को बताते जल संरक्षण के विभिन्न तरीकों के बारे में बताया। उन्होंने जिले में बोर उत्खनन कार्य अधिक होने के कारण पानी के जल स्तर को बढ़ाने हेतु जानकारी दी।

# आईटीआई राजनांदगांव में प्लेसमेंट कैम्प 29 जून को

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में 29 जून 2024 को सुबह 9 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। प्लेसमेंट कैम्प में शेपर्स टैलेंट हायर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सुजुकी मोटर गुजरात प्राइवेट लिमिटेड के लिए विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। प्राचार्य आईटीआई राजनांदगांव ने बताया कि शासकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से वर्ष 2017 से 2023 तक उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी एवं प्रशिक्षण सत्र 2022-24 व 2023-24 के प्रशिक्षणरत प्रशिक्षणार्थी व्यवसाय फिटर, डीजल मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, टर्नर, मशीनिष्ट, वेल्डर, विद्युतकार, टूल एण्ड डाई मेकर, प्लास्टिक प्रोसेसिंग आपरेटर, सीओई (आटोमोबाईल), ट्रेक्टर मेकेनिक, पेंटर जनरल के केवल पुरूष उम्मीदवार जिनकी आयु 18 से 24 वर्ष हो, वे अपने समस्त शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण पत्र (10वीं, आईटीआई, आधार कार्ड, पेन कार्ड तथा दो पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ) के साथ प्लेसमेंट कैम्प में शामिल हो सकते है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उमंग एवं उल्लास के माहौल में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उमंग एवं उल्लास के माहौल में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन आज सुबह कृषि उपज मंडी प्रांगण बसंतपुर में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में सांसद संतोष पाण्डेय शामिल हुए। इस दौरान कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं अन्य अधिकारियों ने योगाभ्यास किया। एक विश्व एक स्वास्थ्य एवं हर घर आंगन योग की थीम पर बड़ी संख्या में बच्चों एवं नागरिकों ने योगाभ्यास एवं प्राणायाम किया। सांसद संतोष पाण्डेय ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारा देश सभी दिशा में विश्व गुरू की ओर बढ़ रहा है। दुनिया की निगाह शांति के लिए भारत की ओर है। योग विश्व के लिए भारत की देन है। मानव कल्याण के लिए भारत के ऋषि-मुनि एवं तपस्वियों ने दिशा दी है। स्वस्थ रहने के लिए योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाएं। निरोग रहने के लिए शरीर ही माध्यम है। मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक तौर पर स्वस्थ रहने के लिए योग को अपनाना चाहिए। इस अवसर पर सांसद संतोष पाण्डेय ने सभी को अपने अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रतिदिन योग करने हेतु संकल्प दिलाया। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि योग न केवल तन को बल्कि मन को भी शारीरिक और मानसिक तौर पर मजबूत बनाता है। योग को अपने जीवन शैली में शामिल करें और दूसरों को भी प्रेरित करें, ताकि अनावश्यक चिन्ता एवं तनाव से दूर रह सकें। उन्होंने कहा कि योग से शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है और स्वास्थ्य अच्छा रहता है। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि योग को सिर्फ आज एक दिन तक सीमित न रखें। प्रतिदिन समय निकालकर योग अवश्य करें। स्वस्थ रहने के लिए योग महत्वपूर्ण है।

## 11459.80 क्विंटल बीज का भंडारण भी

# जिले में 36948मीट्रिक टन रासायनिक खाद का भण्डारण

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज उपलब्ध है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि खेती किसानी कार्य को देखते हुए जिले में खाद एवं बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होना चाहिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित ने बताया कि जिले में खरीफ 2024 अंतर्गत 36948.1 मीट्रिक टन रासायनिक खाद भण्डारण किया गया है, जो कुल भंडारण का लगभग 85.69 प्रतिशत है। जिसमें से 30783.5 मीट्रिक टन रासायनिक खाद का वितरण किसानों को किया जा चुका है तथा 6164.6 मीट्रिक टन रासायनिक खाद शेष है। जिसमें यूरिया 15293.4 मीट्रिक टन, सुपर फास्फेट 4837.4 मीट्रिक टन, डीएपी 8749.3 मीट्रिक टन, एनपीके 5339.3 मीट्रिक टन, पोटाश 2728.9 मीट्रिक टन रासायनिक खाद का भण्डारण किया गया है। किसानों को यूरिया 13594.9 मीट्रिक टन, सुपर फास्फेट 3681 मीट्रिक टन, डीएपी 7549.3 मीट्रिक टन, एनपीके 3995 मीट्रिक टन, पोटाश 1963.4 मीट्रिक टन रासायनिक खाद का वितरण किया गया है।

इसी तरह जिले में 11459.80 क्विंटल बीज का भंडारण हो चुका है और किसानों को 8851.80 क्विंटल बीज वितरण किया जा चुका है तथा 2608 क्विंटल बीज किसानों के वितरण के लिए शेष है। धान, सोयाबीन, अरहर, उड़द, तिल, मुंग, कुल्थी, कोदो, कुटकी, सन, रागी, मुंगफली, मक्का बीज उपलब्ध है। खरीफ 2024 अंतर्गत अल्पकालीन फसल ऋण वितरण अंतर्गत नगद एवं वस्तु के रूप में 58524 किसानों को 275 करोड़ 6 लाख रूपए ऋण का वितरण किया गया है।

# जिला न्यायालय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ योगाभ्यास

**राजनांदगांव।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज जिला न्यायालय परिसर के मंथन हॉल राजनांदगाव में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पतंजलि योग समिति के योग प्रशिक्षिका लक्ष्मी शेण्डे एवं सुमन साहू द्वारा द्वारा योग के विभिन्न योग आसनों का अभ्यास कराया तथा प्रतिदिन योगाभ्यास से मिलने वाले स्वास्थ्य लाभ की जानकारी भी प्रदान की गई। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुषमा सावंत, न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय विनीता वार्नर, विशेष न्यायाधीश थामस एक्का, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय विनीता वार्नर, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर देवांगन, विशेष न्यायाधीश पाक्सो स्पेशल कोर्ट अविनाश तिवारी, तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिद्धार्थ अग्रवाल, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फस्ट ट्रेक कोर्ट विजय कुमार साहू, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ओमप्रकाश साहू, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हेमंत कुमार रात्रे, न्यायायिक मजिस्ट्रेड प्रथम श्रेणी मनीष कुमार, न्यायायिक मजिस्ट्रेड प्रथम श्रेणी अंजली सिंह, न्यायायिक मजिस्ट्रेड प्रथम श्रेणी योगिता कंवर, न्यायायिक मजिस्ट्रेड प्रथम श्रेणी आशीष भगत, न्यायायिक मजिस्ट्रेड देवेन्द्र दीक्षित, न्यायायिक मजिस्ट्रेड सुप्रेरणा वर्मा वर्मा, न्यायायिक मजिस्ट्रेड हर्षी अग्रवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता आरके गुप्ता, चीफलीगल एड डिफेंस कौंसिल योगेश दुरगकर, डिप्टी चीफलीगल एड डिफेंस कौंसिल प्रवीण कुमार मल्ल, अधिवक्ता अरूण गुप्ता, प्रशासनिक अधिकारी सुदीप कुमार नाग, न्यायालय उपाधीक्षक राजेश पाण्डे, अध्यक्ष तृतीय न्यायिक कर्मचारी संघ महेश सेजपाल, अध्यक्ष चतुर्थ कर्मचारी संघ राजेश निषाद एवं अन्य न्यायिक कर्मचारीगण तथा पैरालीगल वालिटियर्स योग दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए।

## क्वीक न्यूज

### रेंगाकठेरा, खपरीकला एवं गढ़ुला में दुकान संचालन के लिए 28 तक आवेदन

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत रेंगाकठेरा, खपरीकला एवं गढ़ुला में शासकीय उचित मूल्य दुकान आबंटन हेतु 28 जून 2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित की गई है। शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु इच्छुक जिले के स्थित वृहत्ताकार आदिम जाति बहुउद्देशीय सहकारी समिति (लेम्पस), प्राथमिक कृषि साख समिति, वन सुरक्षा समिति, महिला स्वसहायता समूह एवं अन्य उपभोक्ता सहकारी समिति से निर्धारित तिथि तक कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनांदगांव में आवश्यक दस्तोवेजों के साथ आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। प्रत्येक उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए पृथक-पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा। शासकीय उचित मूल्य दुकान का आबंटन की प्रक्रिया छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली आदेश के तहत की जाएगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी और आवेदन पत्र कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनांदगांव से प्राप्त की जा सकती है।

### परिवहन सुविधा केन्द्र स्थापना के लिए मौका 25तक

**राजनांदगांव।** शासन द्वारा लर्निंग लाईसेंस बनाने एवं अन्य परिवहन सेवा के लिए परिवहन सुविधा केन्द्र की स्थापना की जा रही है। इसके तहत राजनांदगांव (ग्रामीण) तहसील अंतर्गत 1 (महिला), छुईखदान तहसील अंतर्गत 1 (महिला), अम्बागढ़ चौकी तहसील 1 (महिला) तथा मानपुर तहसील अंतर्गत 1 (मुक्त) परिवहन सुविधा केन्द्र की स्थापना किया जाएगा। रिक्त परिवहन सुविधा केन्द्र स्थापना के लिए इच्छुक एवं पात्र आवेदन 25 जून 2024 तक कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजनांदगांव में आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन पत्र जमा कर सकते है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजनांदगांव से प्राप्त की जा सकती है।

### हिन्दी माध्यम का संचालन सुबह 7.15 से सुबह 11.45 बजे तक

**राजनांदगांव।** सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव में शिक्षा सत्र 2024-25 का शुभारंभ 26जून से किया जाएगा। इस वर्ष हिन्दी माध्यम की कक्षा 6वीं से 12वीं तक की कक्षाएं सुबह की पाली में सुबह 7.15 से सुबह 11.45 बजे तक संचालित की जाएगी, वहीं अंग्रेजी माध्यम की कक्षाओं का संचालन यथावत पूर्व की भांति होगा।

### आंगनबाड़ी सहायिका बनने का अवसर, आवेदन लिए जा रहे

**राजनांदगांव।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम मुड़पार के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 1 में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद के लिए 4 जुलाई 2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित कियाग गया है। आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद के लिए इच्छुक एवं पात्र आवेदिका निर्धारित तिथि तक कार्यालय एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना राजनांदगांव ग्रामीण 01 में सीधे अथवा पंजीकृत डाक से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

# बिना हेलमेट वाहन चालकों को हेलमेट वितरण कर यातायात नियमों का पालन करने का दिया संदेश

## जिला पुलिस के हेलमेट वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद राधेश्याम राठिया

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिला पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता को लेकर चलाए जा रहे हैं विशेष अभियान के तहत बिना हेलमेट वाहन चालकों को चालानी कार्यवाही पश्चात निरूशुल्क हेलमेट का वितरण किया जा रहा है। प्रतिदिन अलग-अलग मार्गों में चालानी कार्यवाही कर उस क्षेत्र में कैम्प लगाकर हेलमेट वितरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में घरघोड़ा बाईपास कंचनपुर में आयोजित जिला पुलिस के कार्यक्रम में रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद राधेश्याम राठिया शामिल हुए। कार्यक्रम में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी, एसडीएम घरघोड़ा रमेश मौर्य, उप पुलिस अधीक्षक यातायत रमेश कुमार चंद्रा तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने तथा स्वयं की सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनने प्रेरित किया गया और परिवारजनों को भी हेलमेट पहनने की बात कही। उन्होंने रायगढ़ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान की प्रशंसा कर अधिकारियों को शुभकामनाएं दिए। यातायात डीएसपी रमेश चंद्रा बताए कि पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर यातायात पुलिस द्वारा यातायात सुरक्षा को बढ़ावा देने हेलमेट वितरण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिले में कुल 16 ब्लैक स्पॉट को चिन्हांकित किया गया है जिसमें 10 नेशनल हाईवे और 04 स्टेट हाईवे में है तथा एक घरघोड़ा-तमनार व एक घरघोड़ा-लैलूंगा मार्ग पर है। जिले में सर्वाधिक दुर्घटनाएं धरमजयगढ़ अनुविभाग में हुई है। प्रशासन, पुलिस, परिवहन विभाग के साथ तमाम एजेंसी यातायात दुर्घटनाओं को कम करने और मृत्यु दंड में कमी लाने योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है पर इस सब के साथ एक बड़ी जिम्मेदारी वाहन चालकों की हैं।

वाहन चालकों को स्वयं की सुरक्षा के लिये यातायात नियमों का पालन करना बेहद जरूरी है। सड़क हादसों में बिना हेलमेट वाले वाहन चालकों की मौतें ज्यादा हुई है जिला पुलिस की अपील है कि दुपहिया वाहन चालक अनिवार्य रूप से हेलमेट पहने। यातायात पुलिस द्वारा 5000 से अधिक हेलमेट वितरण का लक्ष्य रखा गया है जिसमें स्थानीय उद्योगों एवं समाजसेवी संगठनों का सहयोग प्राप्त हो रहा है। विशेष अभियान अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम में थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित कुमार तिवारी तथा थाना यातायात एवं थाना घरघोड़ा पुलिसकर्मियों की विशेष सहभागिता रही।

# खेत में मिली थी लाश, 12 दिन बाद हुई पहचान

## थाना पहुंचे परिजन, तमनार थाना क्षेत्र अंतर्गत खुरसलेंगा का मामला

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



तमनार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खुरसलेंगा के पास बीते 8 जून को एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली थी। जिसकी पहचान आज तमनार पुलिस ने की है, मृतक 5 जून को घर से मजदूरी के लिए निकला था। जिसके घर वापस नहीं आने के बाद परिजनों ने तलाशी शुरू की थी, लेकिन उसका पता नहीं चल पा रहा था। मृतक की लाश मिलने वाली जगह से कुछ दूरी पर एक साइकिल भी ग्रामीणों को मिला था, जिसे मृतक के परिजनों ने पहचान लिया, और मृतक की पहचान हो पाई। मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस ने मृतक की पहचान नेहरू चौहान उम्र लगभग 50 वर्ष निवासी समकेरा के रूप में की है। मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया है कि नेहरू चौहान बात रोग से पीड़ित था। उसके हाथ पैरों में अक्सर दर्द की शिकायत रहती थी, जिससे वह परेशान रहता था। लंबे समय से बीमारी से ग्रसित होने के कारण वह अपने परिजनों से भी ढंग से बातचीत नहीं करता था और गुमसुम रहा करता था। गांव में उपचार कराए जाने के बाद वह पिछले कुछ दिनों से थोड़ा ठीक था, जिससे मजदूरी के लिए जा रहा था। बीते 5 जून को नेहरू चैहान मजदूरी करने के नाम से घर से निकला था, लेकिन वह वापस घर नहीं आया। इसके बाद परिजनों ने तलाशी शुरू की।

### महुआ झाड़ के पास पड़ा था मृतक का सायकल

पुलिस ने बताया कि, जिस जगह पर मृतक की लाश मिली थी, उससे कुछ दूर पर महुआ झाड़ के नीचे मृतक का साइकिल पड़ा हुआ था। जिसे मृतक के परिजनों ने पहचान लिया, और तमनार थाने पहुंच गए। जहां पुलिस द्वारा मृतक के कपड़े,घटना स्थल से मिली डायरी दिखाए जाने के बाद मृतक की प ी ने कपड़े और डायरी उसके पति के होने के पहचान की।

### आत्महत्या की आशंका

मृतक की लाश के बगल झाड़ियां में पुलिस ने पॉइजन के कुछ डिब्बे बरामद किए थे। जिससे आशंका जताई जा रही है कि मृतक ने जहर सेवन कर खुदकुशी की है। परिजनों ने भी बीमारी की वजह से सुसाइड करने की शंका जताई है। फिलहाल मृतक का पीएम रिपोर्ट अभी तक नहीं आई है, पीएम रिपोर्ट में ही स्पष्ट हो पाएगा कि मौत कैसे हुई है..?

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर एसईसीएल में योगाभ्यास किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



पूरे विश्व में मनाए जा रहे ''अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस'' के अवसर पर देश की प्रमुख कोयला उत्पादक कम्पनी एसईसीएल मुख्यालय वसंत विहार स्थित बसंत क्लब, इंदिरा विहार स्थित प्रियदर्शिनी क्लब में योगाभ्यास किया गया। इसी कड़ी में एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर सहित एसईसीएल के समस्त क्षेत्रों, उपक्षेत्रों, कालरियों में भी योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डा. प्रेम सागर मिश्रा, श्रद्धा महिला मण्डल अध्यक्षा पूनम मिश्रा, निदेशक तकनीकी (संचालन) एस.एन. कापरी, निदेशक (कार्मिक) बिरंची दास ने विभिन्न योग मुद्राओं के जरिए स्वस्थ्य जीवन के लिए योग का संदेश दिया। इसी कड़ी में वसंत विहार स्थित बसंत क्लब एवं इंदिरा विहार स्थित प्रियदर्शिनी भवन में आयोजित योगाभ्यास में विभिन्न विभागाध्यक्षों, अधिकारियों-कर्मचारियों, गृहणियों, बालक-बालिकाओं, विभिन्न श्रमसंघ प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। उक्त स्थलों पर योग प्रशिक्षकों ने ग्रीवा चालन अर्थात गर्दन को चारो तरफ धुमाने, स्कन्ध संचालन अर्थात कंधों के व्यायाम, कटि चालन अर्थात हाथ को लम्बा कर आगे पीछे करने, घुटना संचालन अर्थात हाथों को लम्बा कर कुर्सी की तरह बैठने, खड़े होकर किये जाने वाले योगासन-ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्द्धच क्रासन, त्रिकोणासन, बैठकर किए जाने वाले आसन-वहदकोणासन, यजासन, अर्द्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शशांकासन, उत्तानमंडूकासन, वक्रासन, पेट के बल लेटकर किये जाने वाले आसन-मकरासन, भुजंगासन, शल भासन, सेतूबंधासन, उत्तानपादासन, अर्द्धहलासन, पवनमुक्तासन, शवासन, कपालभाती, नाड़ी शोधन, अनुलोम विलोम, शीतली, भ्रामरी, ध्यान का अभ्यास कराया। अंत में समस्त उपस्थितों ने स्वयं के मन को हमेशा संतुलित रखने, आत्मविश्वास में वृद्धि, परिवार, समाज, विश्व की एकता, स्वास्थ्य और शांतता के वृद्धि के लिए योग को सदैव अपनाए रखने का संकल्प लिया।

# जिले भर में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

पायनियर संवाददाता ◄ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बतौर विधायक उद्देश्वरी पैंकरा, कलेक्टर रिमिजियुस एक्का,पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह एवं जनप्रतिनिधियों ने मां सरस्वती व छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर जिला स्तरीय योग का शुभारंभ किया। सामूहिक योग कार्यक्रम में बच्चों, युवाओं सभी लोगों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न प्रकार के आसनों का अभ्यास एवं प्राणायाम कर नियमित योग के लिए प्रेरित करते हुए सभी को स्वस्थ रहने का संदेश दिया गया। उपस्थित सभी लोगों ने विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में अपने दैनिक दिनचर्या में योग को अनिवार्य रूप से सम्मिलित करने संकल्प लिया। इस अवसर पर सामरी विधायक उद्देश्वरी पैंकरा ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन योग करना चाहिए, योग के फायदे की वजह से इसे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में पहचान मिली है। कई तरह के रोगों को योग के माध्यम से ठीक किया जा सकता है। उन्होंने सभी को अपने जीवन में प्रतिदिन योग, व्यायाम के लिए 01 घंटे का समय अवश्य निकालने को कहा। उल्लेखनीय है कि सबसे पहला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2015 में मनाया गया था। जिसके बाद प्रत्येक वर्ष 21 जून को विश्व स्तर पर योग दिवस मनाया जाता है। योग शिक्षक ने प्रार्थना, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, भ्रदासन, वज्रासन, सेतु बंध आसन, योग निद्रासन, मकरासन जैसे अन्य योग भ्रामरी प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए महापौर पार्षद सहित बड़ी संख्या में लोगों ने किया योगाभ्यास





पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज केंद्रीय विद्यालय स्कूल में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महापौर धीरज बाकलीवाल, एमआईसी सदस्य भोला महोविया, प्रकाश अहीर आदि लोगो के संग योगाभ्यास किया। नगर पालिक निगम अधिकारी व कर्मचारी समेत नागरिक, छात्र-छात्राओं ने भी योगाभ्यास किया।इस अवसर पर महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि योग के माध्यम से मन की एकाग्रता को बढ़ाने में मदद मिलती है यौगिक क्रियाओं से शारीरिक संतुलन बना रहता है। महापौर ने कहा कि योग का मतलब सिर्फ शरीर का व्यायाम नहीं है. यह मन, बुद्धि और शरीर आदि का शुद्धिकरण है। प्रणायाम से हम अपनी सांस पर नियंत्रण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम अपने आप को परमात्मा से जोड़े। योगा दिवस कार्यक्रम के बाद उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से विधायक गजेंद्र यादव के निवास में पहुँचकर महापौर धीरज बाकलीवाल ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से शहर के विकास कार्यो को लेकर चर्चा की। महापौर बाकलीवाल ने कहा कि योग हमारी प्राचीन भारतीय विरासत का एक हिस्सा है।

# बाढ़ आपदा से बचाव हेतु एसडीआरएफ़ ने किया शिवनाथ नदी में मॉकड्रिल

## कलेक्टर चौधरी ने तैयारियों का लिया जायजा

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में बाढ़ आपदा से बचाव की आवश्यक तैयारियों का जायजा लेने के लिए शिवनाथ नदी में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ़) द्वारा जिला स्तर पर उपलब्ध समस्त बाढ़ बचाव सामग्रियों का मॉकड्रिल किया गया। मॉकड्रिल में अतिवृष्टि के दौरान शिवनाथ नदी में ग्रामीण जन लकड़ी या छोटे-छोटे बोट के माध्यम से नदी पार करते समय बोट पल्टी हो जाने एवं गांव में पानी भर जाने की स्थिति में किस प्रकार से जिले में उपलब्ध मोटर बोट, स्क्यूबा डायविंग, अंडरवाटर कैमरा, लाइफ जैकेट, लाइफबॉय आस्का लाइट, पेलिकन लाइट, सर्च लाइट विभिन्न प्रकार के वस्तुओं का प्रयोग कर बाढ़ बचाव कार्य का लाइव डेमो (मॉकड्रिल) का आयोजन किया गया। मॉकड्रिल के दौरान, एसडीआरएफ़की टीम ने कई महत्वपूर्ण बचाव अभियानों का अभ्यास किया। इनमें नदी में डूबने वाले व्यक्तियों का बचाव, तेज बहाव में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना और बाढ़ के दौरान क्षतिग्रस्त इमारतों में फंसे लोगों को निकालना शामिल था। इस अभ्यास में आधुनिक बचाव उपकरणों और तकनीकों का भी प्रदर्शन किया गया, जिससे टीम को वास्तविक आपदा के समय इन उपकरणों का सही और प्रभावी उपयोग करने का अनुभव प्राप्त हो सके। मॉकड्रिल के दौरान स्थानीय प्रशासन और नागरिकों को भी शामिल किया गया।

# यौन उत्पीड़न के अपराध में युवक गिरफ्तार, आरोपी ने इंस्टाग्राम पर युवती की अंतरंग फोटो किया था पोस्ट

■ आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



थाना पुसौर में स्थानीय युवती द्वारा कृष्णा चौहान निवासी ग्राम बरपाली जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के विरुद्ध इंस्टाग्राम पर फोटो अपलोड कर बदनाम करने संबंधी आवेदन दिया गया। पीड़ित युवती ने बताया कि पिछले एक साल से इंस्टाग्राम के जरिए कृष्णा चौहान से जान परिचय हुआ। कृष्णा चौहान पसंद करने की बात कहता था जिसे इन सब में नहीं पड़ना है कहकर समझाई थी। कृष्णा चौहान के जीद करने पर एक बार चंद्रपुर उसके साथ घूमने गई थी। जहां दोनों साथ सेल्फी लिये थे। इस बीच में युवती की शादी उसके समाज में तय हुई, उसके मंगेतर को कृष्णा चैहान दोंनो के साथ वाली फोटो भेजकर शादी तुड़वा दिया। जिससे बीते 9 जून को युवती अपने भाई के साथ कृष्णा चौहान को समझने उसके घर गये थे। जहां कृष्णा चौहान और उसके मां ने युवती और उसके भाई भला-बुरा कहकर डांट फटकार कर भगा दिए और दूसरे दिन कृष्णा चौहान कई सारे फोटो इंस्टाग्राम पर अपलोड कर समाज में बदनाम किया। युवती के आवेदन पर थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक रोहित बंजारे द्वारा आरोपी कृष्णा चौहान पर धारा 509 (ख) आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी के सकुनत पर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। आरोपी कृष्णा चौहान पिता लाल चौहान उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम बरपाली थाना सरिया जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ से उसका मोबाइल जप्त कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### खलासी कर रहा था ट्रक को बैक, ड्राईवर हुआ ट्रक की चपेट में आकर घायल

**रायगढ़।** जूटमिल थाना क्षेत्र में कल शाम सावित्री नगर के पास स्थित केडिया गोदाम आए महाराष्ट्र के ट्रक से उसी ट्रक का ड्राइवर बुरी तरह घायल हो गया है। जानकारी मिल रही है की ट्रक क्रमांक एम एच 16 बीसी 7222 का ड्राइवर सावित्री नगर के पास केडिया गोदाम के बगल में ट्रक के नीचे सोया हुआ था। तभी खलासी ने ट्रक स्टार्ट कर बैक कर दिया। जिससे ट्रक ड्राइवर ट्रक के नीचे आ गया और बुरी तरह घायल हो गया है। घटना की सूचना जूटमिल टी आई मोहन भारद्वाज को मिलने के बाद,पुलिस तत्काल एक्टिव हो गई और घटनास्थल पर पहुंच कर घायल को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया है।

# विशेष स्वच्छ्ता पखवाडा के तहत एसईसीएल मुख्यालय में की गई साफ सफाई

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com





केन्द्र सरकार की मंशा के अनुरूप एसईसीएल में भी स्वच्छता ही सेवा के उद्धेश्य को अपनाते हुए 16 जून से 30 जून 2024 तक विशेष स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में 21 जून 2024 को निर्धारित कार्यक्रम अनुसार एसईसीएल मुख्यालय प्रशासनिक भवन प्रांगण में निदेशक तकनीकी (संचालन) एसएन कापरी, निदेशक (कार्मिक) बिरंची दास, विभिन्न विभागाध्यक्षों, अधिकारियों-कर्मचारियों, श्रमसंघ प्रतिनिधियों दवारा साफ़-सफाई किया गया, इसके साथ ही वसंत विहार डिस्पेंसरी एवं इंदिरा विहार डिस्पेंसरी में भी कर्मियों दवारा साफ़सफाई की गई । ज्ञात हो कि स्वच्छता की इस निरंतरता को जारी रखने हेतु 22 व 23 जून को सभी क्षेत्रों के हास्पिटल व डिस्पेंसरी, स्कूलों, आवासीय परिसरों में स्वच्छता हेतु प्रेरित किया जाएगा। 24 जून को मुख्यालय व सभी क्षेत्रों के टायलेट, सुलभ काम्प्लेक्स, पानी टंकियों, सिवेज ट्रिटमेंट प्लांट में स्वच्छता की जाएगी। 25 जून को सभी क्षेत्रों के स्कूलों एवं कालेजों के विद्यार्थियों हेतु स्वच्छता अभियान विषयक निबंध, चित्रकला एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 26 जून को सभी क्षेत्रों द्वारा 3 परिधीय ग्रामों में स्वच्छ पानी एवं जल निकायों की सफाई हेतु जागरूक किया जाएगा। 27 एवं 28 जून को रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं वेस्ट वाटर रिसाईक्लिंग एवं ठोस एवं गीले कचरों के पृथक्करण हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा। 29 एवं 30 जून को परिधीय ग्रामों में पौधों का रोपण किया जाएगा। 30 जून को स्वच्छता जागरूकता पखवाड़ा का समापन सम्पन्न होगा।

## प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी ने किया वाट्सएप्प चैटबॉट संवाद 24× 7 का शुभारंभ

# वाट्सएप्प के माध्यम से भी होगा जिलेवासियों की समस्याओं का समाधान



पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

वित्त मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी ने जिला स्तरीय अधिकारियों की विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान वाट्सएप्प चैटबॉट संवाद 24×7 का शुभारंभ किया। इस दौरान कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, सहायक कलेक्टर दुर्गाप्रसाद अधिकारी, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर एसपी वैद्य सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। इस चैटबॉट के माध्यम से वाट्सएप्प नम्बर 7970001634 पर हाय या हेलो लिखकर मैसेज भेजने पर चैटबॉट स्वतः ही उपयोगकर्ता से उनका नाम पता और सवाल पूछने लगता है। मैसेज में नाम इत्यादि की जानकारी दर्ज करने उपरांत किसी भी विभाग से संबंधित मांग, समस्या या सुझाव के बारे में जानकारी दर्ज करने का अवसर देता है। जानकारी दर्ज करने के पश्चात उपयोगकर्ता का समस्या-सुझाव सीधे संबंधित विभाग के पास पोर्टल के माध्यम से चला जाता है। साथ ही उपयोगकर्ता को इसकी पावती भी उसी वाट्सएप्प नम्बर पर स्वतः ही प्राप्त हो जाती है। चैटबॉट के माध्यम से प्राप्त समस्या, सुझावों को संबंधित विभाग द्वारा निराकरण किया जायेगा। साथ ही इसकी जानकारी उपयोगकर्ता को तय समय में दी जायेगी। चैटबॉट प्रारंभ हो जाने से दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों को कार्यालय जाए बिना ही किसी भी समस्या-सुझावों का निराकरण करवाने में सुविधा होगी। साथ ही बार-बार कार्यालय भी नहीं जाना पड़ेगा।

### कलेक्टर ने चैटबॉट के प्रकरणों को समय सीमा में निराकरण करने का दिए निर्देश

इस संवाद चैटबॉट का उद्देश्य बिना परेशानी एवं भागदौड़ के लोगों की समस्याओं का समाधान करना है। यह चैटबॉट कलेक्टर आकाश छिकारा की दूरगामी सोच और विशेष पहल पर तैयार किया गया है। चैटबॉट से प्राप्त समस्याओं के निराकरण की लगातार मॉनिटरिंग भी की जाएगी। जिससे लोगों को तेजी से उनकी समस्याओं का समाधान मिल पायेगा। कलेक्टर ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि संवाद चैटबॉट के माध्यम से वाट्सएप्प नम्बर 7970001634 पर अपनी समस्याओं से जिला प्रशासन को जरूर अवगत कराये। जिससे उन्हें कार्यालय आने की जरूरत नहीं पड़ेगी और घर बैठे वाट्सएप्प के माध्यम से ही उनकी समस्याओं का समाधान हो जायेगा। कलेक्टर ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को चैटबॉट के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का तय समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये।

# दुकानों में टैक्स वसूली करने टीम के साथ निकले निगम के सहायक राजस्व अधिकारी गोइर



पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर दुर्ग निगम द्वारा राजस्व वसूली को लेकर पिछले 3 दिनों से अभियान चला रहा है। आज सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोईर के नेतृत्व में रात को बरसते पानी के बीच इंदिरा मार्केट क्षेत्र के व्यापारियों के पास जाकर टैक्स की राशि जमा करने प्रेरित किया गया। इस दौरान कुल 14 व्यापारियों से संपर्क कर दुकान और मकान का टैक्स जमा करने बोला गया है। व्यापारियों ने भी इस अभियान का स्वागत किया। दो दिवस के भीतर पूरा टैक्स निगम को जमा करने का आश्वासन दिया है। टैक्स वसूली के दौरान निगम के सहायक राजस्व निरीक्षक गुमानसिंग निर्मलकर, लक्ष्य गोईर, शिवा परिहार,अनिल करिहार, मिथुन सोनवानी, सत्येंद्र यादव, दीपक साहू इत्यादि उपस्थित थे।

# अमृतकाल : छत्तीसगढ़ विजन -2047 : छत्तीसगढ़ को देश में कृषि एवं प्रसंस्कृत सुपरफूड का पावर हाउस बनाने पर हुआ विचार-विमर्श

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ को देश में कृषि एवं प्रसंस्कृत सुपरफूड का पावर हाऊस बनाने पर नवा रायपुर स्थित राज्य नीति आयोग में कृषि एवं वानिकी विषय पर गठित की गई वर्किंग ग्रुप की बैठक हुई। कृषि और खाद्य प्रसंस्करण, बागवानी फसलों, कृषि के क्षेत्र में बुनियादी ढ़ाचे में सुधार सहित अनेक मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में कृषि एवं वानिकी से संबंधित लक्ष्य, चुनौतियां एवं सामर्थ्य विषय पर विस्तार से चर्चा की गई तथा वर्किंग समिति के सदस्यों द्वारा सुझाव दिए गए।

**अमृतकाल : छत्तीसगढ़ विजन-2047''** डॉक्यूमेंट तैयार करने का सिलसिला जारी है। कृषि एवं वानिकी विषय पर गठित वर्किंग समिति की द्वितीय बैठक में वानिकी उत्पादों के साथ मजबूत ब्रांड का निर्माण करने, खाद्य प्रसंस्करण तकनीकों का कार्यान्वयन, कौशल उन्नयन और बुनियादी ढांचे में निवेश, फसलों का पैदावार बढ़ाने ,मूल्य वर्धित उत्पादों के उत्पादन के लिए बागवानी पर ध्यान केंद्रित करने पर भी विचार-विमर्श हुआ। बैठक में कृषि सेवा केन्द्र को बढ़ाने, किसानों के लिए पर्याप्त ऋण सुविधा उपलब्ध कराने, मृदा जांच तथा छत्तीसगढ़ को जड़ी बूटी और वनोपज के केंद्र के रूप में विकसित करने, वनोपज व्यापार केंद्र बनाने, भंडारण प्रसंस्करण और परिवहन के लिए बुनियादी ढांचा बनाने, किसानों को सक्षम बनाने राज्य सरकार द्वारा की जा रही पहल, लघु वन उपजों की मजबूती, जल और सिंचाई की पर्याप्त उपलब्धता सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष अजय सिंह ने विभागों द्वारा बनाए गए लघु, मध्यम एवं दीर्घकालीन विजन एवं रणनीतियों के निर्धारण हेतु अपना सुझाव दिए। अजय सिंह ने कृषि भूमि के बेहतर उपयोग एवं बहु फसल प्रथाओं को बढ़ाने की क्षमता, प्रति कृषि परिवार की औसत मासिक आय में बढ़ोतरी, किसानों के लिए बेहतर ऋण की सुविधा, उन्नत तकनीकी की आवश्यकता, उत्पादकता एवं क्षमता बढ़ाने के लिए सटीक खेती जैसे विषयों को डाक्यूमेंट में शामिल करने की बात की। सदस्य सचिव अनुप श्रीवास्तव ने कृषि अनुसंधान एवं विकास में बड़ा निवेश करने, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर जोर देने, जैविक खेती, फसल चक्र, खाद्य वितरण प्रणाली और कोल्ड स्टोरेज को मजबूत करने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर अपना सुझाव दिए। बैठक में उपस्थित वर्किंग ग्रुप के सदस्यों ने कहा कि प्रत्येक फसल में अधिकतम मूल्य वर्धन करना, कृषि से संबंधित गतिविधियों में आय में वृद्धि, देश और विदेशों में नए बाजार खोलने, स्टोरेज और कोल्ड स्टोरेज के लिए भूमि की आवश्यकता, निर्यात केंद्र, प्रशिक्षण प्रयोगशालाएं, नर्सरी, डिजिटल और वित्तीय साक्षरता अभियान चलाने की आवश्यकता, अनुसंधान और विकास में निवेश, वैश्विक व्यापार को बढ़ावा देने, वन धन शक्ति के तहत क्षमता निर्माण और सरकारी समितियां के माध्यम से जनजातीय समाज को सशक्त बनाने, सरकारी बाजार, पीपीओ और सरकारी समितियां को बढ़ावा देने जैसे अन्य महत्वपूर्ण विषयों का समावेश डॉक्यूमेंट में होना चाहिए। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा, संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. प्रियंका शुक्ला, विशेष सचिव कृषि सारांश मित्तर, संयुक्त संचालक डॉ. नीतू गौरडिया सहित वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, कृषि किसान कल्याण एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग, सहकारिता, उद्यानिकी, मत्स्य पालन विभाग, मार्कफे ड, नाबार्ड, लघु वनोपज सहकारी संघ के अधिकारी उपस्थित थे।

# वित्त मंत्री चौधरी ने रायगढ़ में 'दीदी सदन' का भूमिपूजन किया



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने शुक्रवार को रायगढ़ के क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र परिसर में बिहान की स्व-सहायता समूह की महिलाओं के लिए बनने वाले दीदी सदन का भूमिपूजन किया। यह सदन बिहान स्व-सहायता समूह की महिलाओं के ट्रेनिंग और मीटिंग व रिव्यू के लिए एक समर्पित केंद्र होगा। वित्त मंत्री चौधरी ने कार्यक्रम में सभी महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि महिला सदन की बहुप्रतीक्षित मांग शीघ्र पूरी होने जा रही है। रायगढ़ के लिए बनाए विकास पत्र में भी इस मांग को शामिल किया था। खुशी है कि भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन किया जा रहा है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं से कहा कि भवन के शीघ्र निर्माण को लेकर हम प्रतिबद्ध हैं और कोशिश होगी कि निर्माण कार्यों के पूर्णता की तिथि भी पहले से निर्धारित करके चलें। उन्होंने कहा कि महिला सदन का निर्माण काम आगामी भाईदूज तक पूरा करेंगे। इस सदन का पूरा प्रबंधन महिलाओं के हाथों में होगा। ये उनका अपना केंद्र होगा। वित्त मंत्री ने बताया कि इसके साथ ही क्षेत्रीय क्लस्टर भवन निर्माण की रूप रेखा तैयार की जा रही है। इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं के आर्थिक सामाजिक विकास के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। महिलाओं के आर्थिक सुदृढ़ीकरण के लिए प्रदेश में संचालित महतारी वंदन योजना पूरे देश में चल रही सबसे बड़ी योजना है।

# जेएसपीएल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को दुनिया भर में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण अवसर हैं, इस वर्ष 10वा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा हैं जिसका विषय 'स्वयं और समाज के लिए योग' योग के निरंतर अभ्यास से मन और शरीर के सामंजस्य विचार और क्रिया के बीच संतुलन और संयम एकाग्रता एकता का प्रतिनिधित्व करता हैं योग से जीवन में सकारत्मक प्रभाव पड़ता हैं माना जाता हैं की योग करने से व्यक्ति बड़े से बड़े तनाव को आसानी से दूर कर सकता हैं। इसी की धयान में रखते हुए रायपुर मशीनरी डिवीज़न में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया जहा एक घंटे तक चले सेशन में योग गुरु प्रेम कुमार सिंह ने अपने योगाभ्यास से किस तरह से रोजमर्रा के तनाव से मुक्त हुआ जा सकता हैं इसकी जानकरी दी साथ ही शारारिक और मानसिक रोगो को दूर करने में योग का क्या योगदान हैं। इसकी भी जानकारी दी प्रातः 8 बजे से शरू हुए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में प्लांट हेड नीलेश टी शाह,एच आर हेड सूर्योदय दुबे सहित कर्मचारी व कर्मचारियों के परिवार सदस्यों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया.जिसमे योग गुरु प्रेम कुमार ने अनेक मुद्राओ व आसनो की जानकारी दी।

# शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से हो : उप मुख्यमंत्री शर्मा


पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



उप मुख्यमंत्री एवं दुर्ग जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि राज्य और केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का जिले में पूरी पारदर्शिता और दक्षता के साथ बेहतर ढंग से क्रियान्वयन हो। योजनाओं से सभी हितग्राहियों को लाभान्वित होना चाहिए। प्रभारी मंत्री शर्मा कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों के विभागीय काम-काज की समीक्षा करते हुए उक्त बातें कहीं। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। समीक्षा बैठक में सांसद विजय बघेल, विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, ईश्वर साहू, ललित चन्द्राकर, गजेन्द्र यादव, रिकेश सेन और दीपेश साहू भी मौजूद रहे। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि खरीफ मौसम में किसानों को समय पर खरीफ, बीज और खाद उपलब्ध करायी जाए। किसानों को किसी प्रकार की समस्या न हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से सभी पात्र हितग्राही किसानों को लाभान्वित किया जाए। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों के निराकरण को प्राथमिकता देने कहा। विशेषकर नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन प्रकरण निराकरण की जिम्मेदारी संबंधित तहसीलदार एवं एसडीएम की होगी। प्रभारी मंत्री शर्मा ने जिले में जल संरक्षण को बढ़ावा देने शासकीय भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तथा नालों में हार्वेस्टिंग पांड बनाकर जल संचय करने कहा। उन्होंने अमृत सरोवर योजना अंतर्गत निर्मित तालाबों को सुन्दर सरोवर बनाने पाथवे बनाकर पीपल, बरगद और नीम का पौधरोपण कराने तथा ओपन जिम और सार्वजनिक शौचालय बनाने कहा। उन्होंने ग्राम पंचायतों में कम्प्यूटर, इन्टरनेट, वाई-फाई कनेक्शन की जानकारी लेते हुए जिले के सभी पंचायतों को उक्त सुविधा से शीघ्र जोड़ने कहा है। पंचायतों की आमदनी बढ़ाने के संबंध में अधिकारी आवश्यक पहल करना सुनिश्चित करें। प्रभारी मंत्री शर्मा ने आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए जिले के स्कूल, छात्रावासों की आवश्यक मरम्मत कराने कहा है। शाला प्रवेश उत्सव में विधायक एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विद्यार्थियों को गणवेश, पुस्तकें, सायकले एवं अन्य सामग्रियां वितरण करना सुनिश्चित किया जाए।









सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403